लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 14 | अंकः 267 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 मंगलवार | 11 जुलाई, 2023



**7** राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से **56** मौतें, दिल्ली में बाढ़ का खतरा, केजरीवाल बोले, हमारा सिस्टम ऐसी बारिश के लिए नहीं बना

- कई राज्यों में भारी बारिश के बाद बिगड़े हालात, अमित शाह ने दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के एलजी से बात
- उत्तर भारत में बारिश का कहर जारी, पीएम मोदी ने खुद संभाला मोर्चा, हिमाचल सबसे अधिक प्रभावित
- गडकरी ने भीषण बरसात से बिगड़ी स्थिति को लेकर की बैठक, राजमार्गों पर बाढ़ के असर की हुई समीक्षा
- शिमला, बिलासपुर में चार की मौत, चार लोग बहे, कुल्लू में बादल फटा, 100 बीघा जमीन बही

# 'जल प्रलय'

## पहाड़ों पर बारिश से तबाही, उफान पर नदियां, बैठकों का दौर जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली, पंजाब और हिमाचल सहित देश के उत्तरी राज्यों में बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। पिछले 24 घंटे में सात राज्यों में लैंडस्लाइड और बाढ़ की अलग-अलग घटनाओं में 56 मौतें हुई हैं। मनाली में बारिश का 52 साल का रिकॉर्ड टूटा है। हिमाचल सीएम ने लोगों से अगले 24 घंटे घर में रहने को कहा है। प्रदेश में कई नदी-नहरें खतरे के निशान से ऊपर हैं। 2 जगह बादल फटा है। दिल्ली में यमुना नदी का वाटर लेवल खतरे के निशान के पार है। सीएम केजरीवाल ने कहा- हमारा सिस्टम ऐसी बारिश के लिए नहीं बना। इस समय सभी राज्यों को साथ मिलकर काम करना है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बाढ़ और बारिश के हालातों को लेकर मंत्रियों और अधिकारियों से बात की है। पीएमओ के मुताबिक, प्रशासन और एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। देश की कुल बारिश अब सामान्य से अधिक हो गई है। 9 जुलाई तक सामान्य बारिश 239 मिमी होती थी। अब आंकड़ा इसे पार कर 243 मिमी हो गया है, जो 2 प्रतिशत ज्यादा है।

### भूस्खलन से कई रास्ते बंद

अधिकारियों ने बताया कि यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल शिमला-कालका मार्ग पर रेल परिचालन मंगलवार तक के लिए रोक दिया गया है क्योंकि भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर मार्ग अवरुद्ध हो गया है जबकि राज्य भर में शैक्षणिक संस्थानों को सोमवार और मंगलवार को बंद रखने का आदेश दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार सुबह जारी एक वीडियो में लोगों से अपील की कि वे भारी बारिश में घरों से बाहर निकलने से बचें, खासकर नदियों और नालों के पास, और अगले 24 घंटों के लिए सतर्क रहें क्योंकि मौसम विभाग ने भारी बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है।



### अगले 24 घंटे कैसे रहेंगे

**इन राज्यों में तेज बारिश होगी:** राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, गोवा, कर्नाटक और केरल।

**इन राज्यों में हल्की बारिश होगी:** तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र और झारखंड में बिजली चमकने के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

### हिमाचल में राहत-बचाव कार्य जारी

खरगे ने ट्वीट किया कि उत्तर भारत के राज्यों में बेतहाशा बारिश के कारण कई लोगों की मृत्यु दुखद व पीड़ादायक है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात हुई। राज्य में राहत कार्यों में तेज़ी आई है और मूसलाधार बारिश से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के लिए, ख़राब मौसम के बावजूद हरसंभव प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम बचाव कार्य कर रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पीड़ितों को उचित मुआवज़ा दिया जाएगा और जान-माल का जो नुक़सान हुआ है, उसकी भरपाई के लिए हर संभव मदद मिलेगी।

### पीएम मोदी ने की स्थिति की समीक्षा



प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में अत्याधिक बारिश से पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की। पीएमओ ने कहा कि स्थानीय प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रभावित लोगों की कुशल-क्षेम सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। हिमाचल प्रदेश के मनाली में फंसे 20 लोगों को बचा लिया गया लेकिन पहाड़ी राज्य के विभिन्न हिस्सों में करीब 300 अन्य लोग फंसे हुए हैं। राज्य में भारी बारिश के बाद भूस्खलन, घरों को नुकसान पहुंचने और कई लोगों की मौत होने के एक दिन बाद मौसम विभाग ने सोमवार को अत्यंत भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

### सीएम केजरीवाल ने बुलाई बैठक

- केजरीवाल द्वारा बुलाई गई बैठक दिल्ली सचिवालय में आयोजित की गई थी। इसमें सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। लगातार बारिश के बीच हरियाणा द्वारा हथनीकुंड बैराज से नदी में और पानी छोड़े जाने के बाद दिल्ली में यमुना खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। राष्ट्रीय राजधानी में प्रगति मैदान सुरंग पर जलभराव के कारण जाम लगने के कारण इसे सोमवार को यातायात के लिए बंद कर दिया गया।

### पंजाब, हरियाणा में तीसरे दिन भी बारिश

- पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन बारिश हुई और अधिकारी संकट के समय में सबसे अधिक प्रभावित स्थानों पर लोगों तक पहुंचने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में सुबह से बारिश हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण उत्पन्न मौजूदा स्थिति को देखते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिन के लिए अपने सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों को रद्द कर दिया और गृह, आपदा प्रबंधन और शहरी स्थानीय निकायों सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की आपात बैठक की।

### सीएम योगी ने की बाढ़, जलभराव एवं राहत कार्यों की समीक्षा

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तेज बारिश के बाद जनहित के दृष्टिगत किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अतिवृष्टि के बाद अगले कुछ दिनों में प्रदेश की विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी की आशंका है। सिंचाई एवं जल संसाधन के साथ-साथ राहत एवं बचाव से जुड़े सभी विभाग अलर्ट मोड में रहें। इस वर्ष अब तक 24 जनपदों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है, जबकि 31 जिलों में औसत से कम वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जुलाई माह में इन जिलों में भी अच्छी वर्षा होने की संभावना है। मौसम की बदलती परिस्थितियों पर सतत नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों में आकाशीय बिजली से कई स्थानों पर जन-धन की हानि की दु:खद सूचना मिली है। ऐसे पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। इस वर्ष पूर्वी उत्तर प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं।

### गृह मंत्री हालात पर रख रहे नजर

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपालों के संपर्क में हैं। उन्होंने स्थितियों का आकलन करने के लिए पंजाब और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से भी संपर्क किया है।

### बिजली गिरने से दो की मौत

- उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पिछले 24 घंटे में बिजली की चपेट में आने से एक युवक सहित दो लोगों की मौत हो गई तथा तीन लोग झुलस गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

### उत्तराखंड में आठ लोगों की मौत

- उत्तराखंड में भारी बारिश के दौरान रविवार को भूस्खलन के कारण वाहन दुर्घटना और मकान गिरने की घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। खराब मौसम के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासन को चौकस रहने के निर्देश देते हुए लोगों को अनावश्यक आवागमन से बचने को कहा है। कई स्थानों पर भूस्खलन होने से मार्ग बंद हो गए हैं, जिससे आम जन-जीवन के प्रभावित होने के साथ ही चारधाम यात्रा में भी रुकावट आ रही है। लगातार बारिश के कारण गंगा सहित प्रदेश की प्रमुख नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है।

### मौसम से जुड़े अपडेट्स

- दिल्ली में दोपहर 1 बजे तक यमुना का वाटरलेवल 204.63 मीटर पहुंचा।
- दिल्ली में भारी बारिश को देखते हुए सीएम केजरीवाल ने बैठक की।
- दिल्ली हाईकोर्ट में कोर्ट रूम में पानी लीकेज के चलते उसे शिफ्ट किया गया।
- हिमाचल में इस सीजन बारिश, बाढ़ और लैंडस्लाइड में अब तक 23 की मौत।
- हिमाचल में नेशनल हाईवे और लिंक रोड सहित कुल 1300 रोड प्रभावित।
- पंजाब में 13 जुलाई तक सभी सरकारी, एडेड और प्राइवेट स्कूल बंद।
- हरियाणा में एनडीआरएफ बुलाई गई, सीएम की इमरजेंसी मीटिंग में फैसला।
- मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी में फंसे चार लोगों को एनडीआरएफ ने रेस्क्यू किया।
- अमरनाथ यात्रा को लगातार तीसरे दिन जम्मू के रास्ते रोक दिया गया।
- चंडीगढ़ में 13 जुलाई तक सारे स्कूल बंद किए गए।
- श्रीखंड यात्रा सस्पेंड। खराब मौसम को देखते हुए डीसी कुल्लू ने आदेश जारी किया।
- यूपी में 24 घंटे में 34 लोगों की मौत, गाजियाबाद में एनडीआरएफ ने बचाए 33 लोग

## खुलासा: बदायूं में दुष्कर्म के बाद दो महिलाओं की हत्या, तालाब में फेंके शव, सात आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बदायूं



बदायूं में दो महिलाओं की हत्या के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। दरिंदगी के बाद दोनों महिलाओं की हत्या की गई थी। कोल्ड स्टोर के तीन कर्मचारियों ने दोनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उनकी हत्या कर दी। अगले दिन दोनों के शवों को पन्नी में बांधकर कार से ले जाकर उसहैत इलाके में तालाब में फेंके दिए थे। पुलिस ने दोहरे हत्याकांड के सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो महिलाओं की हत्या के मामले में सोमवार को एसएसपी डॉ. ओपी सिंह ने खुलासा कर दिया। उन्होंने बताया कि कोल्ड स्टोर में ही दोनों महिलाओं की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी। उनमें एक महिला के लेवर ठेकेदार इब्लेहसन उर्फ भर्रा से अवैध संबंध थे। वह एक महिला को कोल्ड स्टोर को ठंडा करने वाली मशीन के कमरे में बुलाकर ले गया था। उसी वक्त वहां दूसरी महिला भी पहुंच गई थी। दोनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया।

# प्रतापगढ़ में सड़क हादसा, 9 की मौत

## सवारियों से भरे टैंपो को टैंकर ने टक्कर मारी, फिर सड़क पर पलटा, 5 की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ के लीलापुर में सोमवार शाम को भीषण सड़क हादसा हो गया। टैंकर की टक्कर से टेंपो में सवार 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद टैंकर सड़क पर पलट गया। टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में मरने वालों में 1 बच्ची, 3 महिलाएं और 5 पुरुष हैं। मृतकों की पहचान नहीं



हो सकी है। 5 गंभीर घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। हादसे पर सीएम योगी ने भी शोक व्यक्त किया है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई। डीएम प्रकाश चंद्र का कहना है, टैंकर के स्टेयरिंग में कुछ टेक्निकल प्रॉब्लम आने के कारण बैलेंस बिगड़ गया, टेंपो से टकराने के बाद पलट गया। हादसे में मरने वालों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। टैंकर रायबरेली से गैस लेकर आ रहा था। टैंकर में रिसाव होने से ट्रैफिक रोक दिया गया है। टेक्निकल टीम को मौके पर बुलाया गया है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौजूद हैं।

### हादसे के बाद टैंकर भी पलट गई

टैंपो को टक्कर मारने के बाद टैंकर के चालक ने अपना संतुलन खो दिया। जिसके कारण टैंकर भी सड़क के किनारे पलट गया। भारत पेट्रोलियम के टैंकर से लीकेज शुरू हो गई। इससे अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए पुलिस ने सड़क को खाली कार दिया।

## ट्रांसफर के बाद भी रिलीव नहीं किए गए 69000 भर्ती वाले शिक्षक धरने पर बैठे, सरकार से मांगा न्याय

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश के बेसिक विद्यालयों में हाल में हुई तबादला प्रक्रिया में 69000 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को कार्य मुक्त किए जाने से रोक दिया गया है। इसका कारण 69000 भर्ती को लेकर चल रही न्यायालय में सुनवाई है। जिस पर अभ्यर्थियों ने सोमवार को निदेशालय का घेराव किया और न्याय करने की मांग की है। निदेशालय में एकत्र विभिन्न जिलों से आई महिला शिक्षकों ने कहा कि न्यायालय में मामला कई बार सालों तक चलता है। ऐसे में सिर्फ इस आधार पर उनको तबादले का लाभ न देने का और कार्य मुक्त न करने का निर्णय ठीक नहीं है। इससे शिक्षक व उनके परिजन काफी परेशान हैं। उन्होंने मांग की है कि हमें जल्द से जल्द कार्य मुक्त करने व तबादला पाए जिले में तैनाती दी जाए। धरने में शामिल काफी महिलाएं अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ आई हुई थीं और महानिदेशक से न्याय की मांग कर रही हैं।

**हड़बड़ी** स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव परिवार पर आय से अधिक संपत्ति मामले में संलिप्तता के आरोपों से घबराए सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रदीप राय

# प्रदीप राय, आप इतना बौखला क्यों रहे हैं, सब्र रखिए

- अभी तक सीबीआई ने चार्जशीट नहीं की है दाखिल, फिर भी हड़बड़ी में अपना पक्ष रखने के लिए भेज दिया वकील
- सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ वकील का इस तरह का रवैया सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के बीच ही चर्चा का विषय बना
- सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट विश्वनाथ चतुर्वेदी ने मामले में प्रदीप राय की संलिप्तता से संबंधित 124 पेज के साक्ष्य कोर्ट को सौंपे हैं

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** आय से अधिक संपत्ति मामले में जितनी बौखलाहट स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव परिवार को नहीं हो रही उससे ज्यादा छटपटाहट स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के वकील और राजनेता स्वर्गीय अमर सिंह का दाहिना हाथ रहे सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रदीप राय को हो रही है। 31 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट के वकील विश्वनाथ चतुर्वेदी ने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव परिवार पर आय से अधिक संपत्ति



प्रदीप राय

मामले में प्रदीप राय की संलिप्तता से संबंधित साक्ष्य सीबीआई कोर्ट में दाखिल किए हैं। अभी सीबीआई ने चार्जशीट भी दाखिल नहीं की है। इसके बावजूद बौखलाहट में प्रदीप राय ने पहले ही अपना वकील



प्रदीप राय, कानून से खेलोगे तो दुष्परिणाम झेलोगे

कथित तौर पर नियम-कानून से खिलवाड़ करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रदीप राय अब खुद कानून के शिकंजे में फंसते नजर आ रहे

प्रदीप राय, एडवोकेट | विश्वनाथ चतुर्वेदी, एडवोकेट

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

सीबीआई कोर्ट भेज दिया। हड़बड़ाहट भरा उनका यह कदम सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में जब जन एक्सप्रेस ने एडवोकेट विश्वनाथ चतुर्वेदी से बात की तो उन्होंने बताया यह प्रदीप राय के विवेक का स्तर और उनका प्रोफेशनल दिवालियापन है। अगर कोई आम आदमी यह कदम उठाता तो एक बार उसकी हड़बड़ाहट को स्वीकारा जा सकता था। लेकिन महत्वपूर्ण पदों पर बैठे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील का यह व्यवहार हास्यास्पद ही है। यह तो नहीं कहा जा सकता कि प्रदीप राय को कोर्ट की सामान्य प्रक्रिया नहीं पता, फिर सवाल उठता है की उन्हें इतनी बौखलाहट क्यों है। अभी तो चार्जशीट आई नहीं, प्रदीप राय को सीबीआई ने अभियुक्त नहीं बनाया है। फिर भी प्रदीप राय की तरफ से वकील कोर्ट पहुंच गया। यह दर्शाता है कि आरोपों से वह कितने घबरा गए हैं। उन्हें डर सता रहा है कि जल्द उनकी कारगुजारियों का भंडाफोड़ होने वाला है।

### पेशेवर धैर्य तो रखना चाहिए था



एडवोकेट विश्वनाथ चतुर्वेदी ने कहा है कि उनके द्वारा प्रदीप राय पर लगाए गए आरोप सही हैं या गलत, साक्ष्यों के आधार पर इसका निर्णय कोर्ट ले लेगा। प्रदीप राय को कोर्ट में अपनी एक-एक करतूतों का हिसाब देना पड़ेगा। अपनी न सही उन्हें अपने पेशे की गरिमा रखनी चाहिए थी। पेशेवर धैर्य रखते हुए उन्हें तभी कोर्ट जाना चाहिए था जब बुलाया जाता। उनकी इस हरकत से उनके पेशेवर ज्ञान का पता लग रहा है, ये कितने बड़े वकील हैं।

### चतुर्वेदी ने संपत्ति का ब्योरा सीबीआई कोर्ट को सौंपा है

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील विश्वनाथ चतुर्वेदी ने एडवोकेट प्रदीप राय की करतूतों का पिटारा सीबीआई कोर्ट को सौंपा है। तथ्यों के साथ बताया है कि प्रदीप राय ने किस तरह रसूखदार लोगों को फोन टैपिंग कर ब्लैकमेल किया। इसकी एवज में इन लोगों से मोटी रकम वसूली और इस बेहिसाब दौलत से देश ही नहीं लंदन, दुबई, मॉरीशस तक में बेशकीमती संपत्तियां खरीदीं। फोन टैपिंग करने के लिए उन्होंने इजराइल से दो अत्याधुनिक मशीनें भी मंगाई थीं।

### कोर्ट ने भी प्रदीप राय का स्टेटस नॉन एप्लीकेंट दिखाया

प्रदीप राय के एक बचाने कदम ने उन्हें परेशानी में ला खड़ा कर दिया है। सीबीआई कोर्ट ने जो आर्डर जारी किया है उसमें प्रदीप राय का स्टेटस नॉन एप्लीकेंट के रूप में दर्शाया है। यह बताता है कि फिलहाल प्रदीप राय बिना बुलावे और बेवजह सीबीआई कोर्ट में जा पहुंचे।



CC No. CBI/ 99/2019
CBI Vs. CLOSURE REPORT
CNR No. DLCT12-000853-2019

07.07.2023

File received by way of transfer from the court of Ms. Mahima Rai Singh, Ld. CMM, RADC, New Delhi vide order dated 04.07.2023. It be checked and registered.

Present: Sh. M. Sashwat, Ld. Sr. PP for the CBI.
Sh. Sushil Dixit, Ld. Counsel for applicant alongwith applicant.
Sh. Siddharth, Ld. counsel for non applicant Pradeep Rai.

List for consideration/ further proceedings on 26.07.2023.

(DEEPAK KUMAR-II)
ACMM-2 cum ACJ
RACC New Delhi / 07.07.2023

# सरकारी विकास के दावों की खटिया खोल रही पोल
# कराहती जनता के दर्द से अनजान बने हैं जन प्रतिनिधि

**जन एक्सप्रेस | पहाड़ी/चित्रकूट**

पहाड़ी ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत भानपुर मजरा सिधौली लोधन गांव में सरकार के विकास के दावों को मुंह चिढ़ाता वीडियो वायरल हो रहा है, कीचड़ भरे रास्ते से कंधों पर खटिया के सहारे बुजुर्गों को हॉस्पिटल ले जा रहे ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने कई बार उच्च अधिकारियों से सड़क की मांग कर चुके हैं लेकिन आज तक प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है।

पहाड़ी ब्लाक अंतर्गत सिधौली लोधन पुरवा गांव में आज सुबह अन्ना सांड ने रामफल पुत्र गुलजारी उम्र लगभग 55 साल के व्यक्ति को अधमरा कर डाला था। इलाज के लिए परिजनों ने रास्ता ना होने के कारण घायल को गांव से चारपाई पर लाद कर एक किलोमीटर लेकर गए, क्योंकि गांव में कीचड़ होने से गाड़ियां नहीं आ पाती हैं, जिससे लोगों को भारी दिक्कतें होती हैं। ग्रामीण रास्ते के लिए कई बार विधायक, सांसद एवं प्रशासन को पत्र के माध्यम से अवगत भी करा चुके हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आज तक ध्यान नहीं दे रहे हैं, जहां ऐसी हालत है कि गर्भवती महिलाओं सहित मरीज व्यक्तियों को भी चारपाई में लेकर जाना पड़ता है।


सांड़ ने किया बुजुर्ग पर हमला, गंभीर रूप से घायल को चारपाई से अस्पताल ले जाते परिजन


सपा विधायक अनिल प्रधान

### अस्पताल जाने में होती है दिक्कत

600 की आबादी वाला लोधन पुरवा गांव के ग्रामीण राजकुमार राजपूत, प्रेमचंद्र राजपूत, विक्रम,सुनील, आदि लोगो का कहना की रास्ता ना होने के कारण यहां कोई एंबुलेंस की गाड़ी भी नहीं पहुंच पाती। अगर कोई गंभीर रूप से बीमार हो जाता है,तो उसे एक किलो मीटर दूर तक गोद या चारपाई में उठाकर ले जाना मजबूरी बन जाती है। गर्भवती महिलाओं को चारपाई में लेकर जाने का कई बार सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो चुका है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कतई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### बड़ा सवाल!

- क्या विकास के झूठे वादे करने वाले नेताओं का चित्रकूट की जनता कर सकती है बहिष्कार?
- जनता से नाता तोड़कर नेता जी कब तक काटेंगे कुर्सी की मौज?
- विकास का झूठा वादा करने वाले सपा विधायक अनिल प्रधान कहां हो गए गायब?

### झूठे साबित हुए सपा विधायक अनिल प्रधान के वादे

संबंधित रास्ते के निर्माण के मामले में चुनाव के पहले ही सपा के वर्तमान विधायक अनिल प्रधान ने चुनाव के समय ही इस सड़क के निर्माण कराने का वादा किया था, लेकिन विधानसभा की कुर्सी पाते ही विधायक जी के हाव-भाव ही बदल गए और जनता के हाथ एक बार फिर से निराशा ही लगी। इस मामले को लेकर सदर विधायक अनिल प्रधान को कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, सपा विधायक का फोन या तो व्यस्त या फिर स्विच ऑफ बताता रहा। आखिरकार नेता वोट मांगने जाते हैं तो क्यों जनता को झूठी उम्मीद देते हैं? ऐसा स्वाभाविक है कि जब तक नेताओं की कोई जवाबदेही जनता स्वयं तय नहीं करेगी तब तक ये राजनेता भोली जनता की भावनाओं से खेल खेलते रहेंगे।

## सैनिक सम्मेलन व अपराध समीक्षा बैठक में एसपी के तेवर तीखे



**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में सैनिक सम्मेलन व अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी राजेश कुमार सिंह ने आरक्षियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कराने का आश्वासन दिया। एसपी ने निर्देशित किया कि सावन मास के दौरान कावड़ियों की सुरक्षा में पुलिस की तैनाती रहेगी। रूट भी निर्धारित रहेगा। सैनिक सम्मेलन की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने किया। जिसमें कई आरक्षियों ने एसपी को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। एसपी ने समस्या सुनने के बाद आरक्षियों से कहा कि जो भी समस्याएं बताई गई हैं उनका निराकरण शीघ्र किया जायेगा। उच्चाधिकारियों से पत्राचार भी किया जायेगा। तत्पश्चात अपराध समीक्षा गोष्ठी को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। उनके निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाय। सावन मास में कावड़ियों की सुरक्षा एवं रुट के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि सावन माह के दौरान कावड़ियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी रूटों पर व्यापक पुलिस बल की तैनाती रहेगी। सभी पुलिस कर्मी अपनी-अपनी ड्यूटी का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें। अवैध शराब निष्कर्षण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान चलाकर आवश्यक कार्यवाही किया जाय। महिला संबंधित अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय। अपराधी को किसी भी सूरत में बख्शा न जाय। अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध गुंडा, गैंगेस्टर, हिस्ट्रीशीट खोलने आदि की कार्यवाही किया जाय। लंबित विवेचनाओं का शीघ्र गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय। सभी थाना प्रभारियों को अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने एवं रात्रि गश्त बढ़ाने के लिए निर्देश भी एसपी ने दिये। थानावार टॉप-10 अपराधियों, जेल से रिहा हुए अपराधियों का सत्यापन आदि की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिया। गोष्ठी में समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक के अलावा सभी शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।

## एक सप्ताह पूर्व विद्युत पोल टूटा आपूर्ति बन्द, ग्रामीण परेशान



**जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर**

तहसील क्षेत्र के नंदपुर स्कुरी गांव में बिजली पोल के ऊपर पेड़ गिरने से बिजली का पोल टूट कर गिर गया। एक सप्ताह से गांव में पोल टूटा पड़ा है। विभाग के जिम्मेदारों द्वारा पोल को ठीक नहीं कराया गया।

जिसके चलते गांव में विद्युत सप्लाई एक हफ्ते से बाधित है। इसके बाद भी बिजली विभाग पोल नहीं लगवा रहा है। विद्युत उपकेंद्र से नंदपुर स्कुरी गांव में सप्लाई होती है। एक सप्ताह पहले तेज बारिश व हवा आने से पेड़ की डाल पोल पर गिर गई थी। इससे बिजली का पोल टूट गया था। गांव के दिनेश, श्रीराम, जितेंद्र, राकेश व धर्मराज आदि ने जेई से शिकायत किया।

इसके बावजूद आज तक गांव की सप्लाई चालू नहीं हो सकी। मामले में जेईई इम्तियाज मोहम्मद से बात की तो उन्होंने बताया कि टेंडर न होने के चलते विद्युत पोल नहीं मिल पा रहे हैं। जब विद्युत पोल मिलेगा सप्लाई बहाल कर दिया जाएगा।

## पानी संस्थान द्वारा खाद्य सुरक्षा, पोषण पर कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

विकास खंड मानिकपुर में आज पानी संस्थान अयोध्या द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं पोषण पर आधारित परियोजना का अनावरण किया गया। संस्थान के प्रतिनिधि जगदीश गिरि ने उपस्थित मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि प्रधान, स्वच्छ भारत मिशन परियोजना प्रबन्धक आदि के समक्ष पानी संस्थान के बारे में विस्तार से बताया की संस्थान उत्तर प्रदेश के कुल 21 जिलों में समुदाय के विकास हेतु विभिन्न विषयों पर कार्य कर रही है। उसी क्रम में संस्थान के द्वारा ओरेकल सीएसआर के माध्यम से मानिकपुर में संचालित किए जा रहे कार्यक्रम खाद्य सुरक्षा एवं पोषण के बारे में विस्तार से बताया। परियोजना द्वारा मानिकपुर के चिन्हित 25 ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षण व अन्य गतिविधि के माध्यम से यह सुनिश्चित कराया जाएगा की संसाधनों की कमी वाले सीमांत परिवारों के पास वर्ष भर पोषण युक्त भोजन की उपलब्धता हो, भोजन को प्राप्त करने का सामर्थ्य और पहुंच के लिए बेहतर व्यवस्था / तंत्र की व्यवस्था हो। साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित कराया जाएगा की घरेलू स्तर पर महत्वपूर्ण पोषण व्यवहारों की स्वीकार्यता को प्रभावित करने के लिए, पोषण से जुड़े व्यवहार परिवर्तन वाले जानकारी एवं माध्यमों का उपयोग करके अल्प-पोषण को कम करने में मदद मिल सके। अतः यह बहुत ही आवश्यक कार्यक्रम है जो मानिकपुर के चयनित पंचायतों में सभी स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि एवं स्टेकहोल्डर्स के मदद से किया जाएगा।




ब्लॉक प्रमुख ने बताया की यह कार्यक्रम की मानिकपुर जिले में बहुत आवश्यक है साथ ही सभी पंचायतों के प्रतिनिधियों एवं ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारियों के सहयोग हेतु अपने प्रतिबद्धता को भी जाहिर किया। जिला प्रधान संघ अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने सभी गरीबतम परिवारों पर ध्यान देने को कहा साथ ही सीडीपीओ ने आंगनवाड़ी व संबंधित अधिकारियों के सहयोग हेतु समर्थता जताई और मोटे अनाज के बढ़ावा देने को पोषण ट्रेनिंग में शामिल किया जाने हेतु सुझाव दिया तथा खुले सत्र के माध्यम से सभी प्रतिभागियों के द्वारा कुछ प्रश्नों के उत्तरो मे पर भी चर्चा किया गया

कार्यक्रम मे अरविंद मिश्रा (ब्लाक प्रमुख), सुनील शुक्ला (जिला प्रधान संघ अध्यक्ष), अनुज प्रताप सिंह (CDPO), रजनीश सिंह (एसबीएम समन्वयक), पानी संस्था से जगदीश गिरि (हेड प्रोग्रामस), सतीश कुमार (प्रोग्राम प्रबन्धक) शिव कुमार गुप्ता (प्रोग्राम समन्वयक) व अन्य पानी संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 22 तक किया जाएगा खाद्यान्न का वितरण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा योजनान्तर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को एक वर्ष के लिए निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह-जुलाई के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 11 से प्रारम्भ होकर 22 जुलाई तक सम्पन्न होगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा खाद्यान्न (14 किग्रा गेहूँ व 21 किग्रा चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 5 किग्रा खाद्यान्न प्रति यूनिट (2 किग्रा गेहूँ व 3 किग्रा चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। निर्धारित अवधि में जिलाधिकारी स्तर से नामित किये गये नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि उचित दर विक्रेताओं द्वारा निर्धारित तिथियों को खाद्यान्न का वितरण प्रातः काल 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक सुनिश्चित किया जायेगा।

## लोकतंत्र सेनानी व वरिष्ठ पत्रकार पर जानलेवा हमला

**पूर्व चेयरमैन विनोद द्विवेदी समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**जन एक्सप्रेस | मानिकपुर/चित्रकूट**

लोकतंत्र सेनानी व वरिष्ठ पत्रकार रामपाल त्रिपाठी के ऊपर पांच लोगों द्वारा सोमवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे टहल कर जैसे ही डॉक्टर केशव तिवारी के घर के सामने पहुँचे पहले से ताक में खड़े हमलावर देखते ही ताबड़तोड़ जूतों चप्पलों व डंडों से पिटाई कर बाइको से रफूचक्कर हो गए पीड़ित ने मानिकपुर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की माँग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दी गई तहरीर के मुताबिक पूर्व चेयरमैन विनोद द्विवेदी समेत पांच लोगों को इस मामले में नामजद किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।



बता दें कि लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ पत्रकार सुबह घर से बाजार की ओर टहलने गए थे जब वापस घर की ओर आ रहे थे तभी थाने और घर के पहले डा केशव तिवारी के घर के पास बड़कू कोल,धनज्जय उर्फ छोटू कोल पुत्र गण गेंदालाल कोल निवासी चमरौहा हॉल मुकाम शिवनगर मानिकपुर व बराती कोल पुत्र मंगलू निवासी गोविंगनगर टिकुरा व दो अन्य अज्ञात लोग खड़े थे जैसे ही उनके पास से निकलने लगा सभी लोग टूट पड़े और गाड़ी गलौज करते हुए ढकेल दिए और जूतों चप्पलों व डंडों से मारने पीटने लगे पीड़ित ने दिए गए तहरीर में बताया की हमलावर गाली देते हुए पूर्व चेयर मैन के खिलाफ शिकायतों को देने का आरोप लगा रहे थे और बोले कि यदि नही सुधरोगे तो जान से मार देंगे इस दौरान पीड़ित के हाथ,पैर,पेट,आँख और सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक धारा 147,323,504,506 120 बी आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जिसमें पूर्व चेयरमैन विनोद द्विवेदी समेत पांच लोग नामजद किए गए हैं।

पीड़ित का सीएचसी में मेडिकल कराया गया है लेकिन आँख में चोट होने के चलते डॉक्टरों द्वारा जिला चिकित्सालय को रिफर कर दिया गया है। पीड़ित ने अपने दिए गए बयान में बताया कि कुछ दिन पूर्व मेरे द्वारा उपजिलाधिकारी को पूर्व चेयरमैन के खिलाफ ग्राम पंचायत में भवन बनाये जाने की शिकायत की गई थी जिसके तहत तहसीलदार ने जाँच के दौरान गाटा संख्या 614,615 व 616 में आवासीय अतिक्रमण पाए जाने पर धारा 67 की कार्यवाही की गई है जिसके चलते अपने गुर्गों से मारपीट की घटना कराई गई है। उधर घटना की जानकारी होते ही नव निर्वाचित सभासद पंकज जायसवाल, लवलेश कुमार, विजेता पत्नी राकेश कुमार, किरण पत्नी जितेंद्र मोहन शुक्ल, विकास, वीरेंद्र रैकवार, पूर्व चेयरमैन प्रेम चन्द्र भारतीय, सहूर सोनकर आदि लोग कोतवाली में मौजूद रहे। घटना को लेकर प्रभारी निरीक्षक वीर प्रताप सिंह से बातचीत की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर दी गयी है। जाँच कराई जा रही है।

## बदलाव की बाधाएं विषय पर चर्चा के साथ हुआ शिविर का समापन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन सोमवार को किसान सभा के मुख्य वक्ता बादल सरोज ने बदलाव की बधाएं विषय पर विचार रखे। उन्होंने ने बताया कि खेती और पशुपालन की शुरुआत महिलाओं ने की थी। आज भी खेती में कार्यरत जनसंख्या में महिलाओं की संख्या अधिक है। उसके बाबजूद महिलाओं को पीछे धकेला हुआ है। यह पुरूष प्रधान समाज के कारण है। उन्होंने कहा कि धर्म और सांप्रदायिकता दोनों अलग-अलग हैं। आरएसएस धर्म की आड़ में लोगों की भावनाओं को भड़का कर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है, जो समाज और देश के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि जातियों के आधार पर समाज के विभाजन का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। शोषण के लिए लोगों को जातियों के आधार पर बांट दिया गया है। किसान आन्दोलन को किसानों की मांगों के साथ-साथ जातिवाद, सांप्रदायिक राजनीति और पुरूष प्रधान समाज की सामंती मानसिकता के खिलाफ भी संघर्ष करना है। बीजेपी आरएसएस जनता को बांटने वाली जातिवादी, सांप्रदायिक व सामंती सोच को बढ़ावा दे रही है।

## तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**एक क्विंटल 53 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद**

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर थाना कोतवाली कर्वी एवं एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को डीसीएम में लदे एक क्विंटल 53 किलो 500 ग्राम गांजा, एक कार, तस्करी में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन व 1050 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है।

अवैध मादक पदार्थ तस्करी की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीफ लखनऊ ने एसटीएफ की विभिन्न टीमों को अभिसूचना संकलन व कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में बीते रविवार को एसटीएफ लखनऊ व कोतवाली कर्वी पुलिस की संयुक्त टीम ने बघौड़ा तिराहे के पास से तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों विजय कुमार गुप्ता पुत्र रज्जन गुप्ता निवासी जगदीशगंज, अक्षय पुत्र स्व साधू प्रसाद निवासी अमानपुर व राजेन्द्र चक्रधारी पुत्र ओमप्रकाश चक्रधारी निवासी ग्राम बटंग थाना अमलेश्वर जनपद दुर्ग छत्तीसगढ को गिरफ्तार किया, जो डीसीएम से अवैध गांजा की तस्करी करके ले जा रहे थे। आरोपियों के पास से डीसीएम में लदा 1 क्विंटल 53 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा, एक कार, तस्करी में प्रयुक्त 3 मोबाइल फोन व 1050 रुपये बरामद हुये।



पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग छत्तीसगढ़ से अवैध गांजा की तस्करी कर विभिन्न राज्यों में सप्लाई करते हैं। चित्रकूट में विजय कुमार गुप्ता पुत्र रज्जन गुप्ता निवासी जगदीशगंज को देते हैं। बरामद गांजे की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 76 लाख 75 हजार रुपये है। बरामदगी के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान एसटीएफ टीम निरीक्षक जय प्रकाश राय, उप निरीक्षक अमित कुमार तिवारी, रामकृष्ण यादव, मुख्य आरक्षी घमश्याम राय, दुर्गेशमणि त्रिपाठी, आरक्षी अवनीश कुमार, कमाण्डो राजकुमार यादव, पुलिस टीम कोतवावली कर्वी प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी, निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक पवन प्रधान, राकेश मौर्या, आरक्षी गोलू भार्गव, पियूष शरन, विनोद यादव, प्रवीण पाण्डेय, बहोरन सिंह आदि मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने किसान समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह ने किसानों के साथ खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी को ज्ञापन सौंपा। इसी प्रकार सदर तहसील में भाकियू कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह व जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि किसानों ने खेतों में बीज डाल दिया है। बीज उग चुका है, लेकिन अभी तक अन्ना जानवर को गौशालाओं में संरक्षित नही किया गया है। जिससे किसानों का नुकसान हो रहा है। जबकि जिला प्रशासन ने कहा था कि फसल बुआई के पहले ही अन्ना जानवरों को पशु वाड़ा में बंद कर दिया जाए। भारतीय किसान यूनियन द्वारा पिछली किसान दिवस में जानवरों को संरक्षित करने की मांग की गई थी, लेकिन अभी तक जानवर संरक्षित नही किये गए। इस मंहगाई की मार में किसानों को एक बार ही बीज बोना मुश्किल पड़ रहा है। ऐसे में फसल बर्बाद हुई तो बहुत दयनीय स्थित आ जाएगी।



तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने बताया कि सरकार एक बार फिर किसानों के साथ धोखा कर रही हैं। इस महंगाई की मार में एक और बोझ किसानों पर लादा जा रहा है। अभी तक किसानों कि 15 रुपये में पूरी जमीन की खतौनी निकल जाती थी। अब सरकार द्वारा प्रति गाटा सँख्या 15 रूपए खतौनी में लिया जाएगा। सरकार सिर्फ अपनी आय दोगुनी कर रही हैं। किसानों की आय दोगुनी का फॉर्मूला फेल है।

भाकियू मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में बीज गोदामों में अच्छे किस्म के बीज व किट नाशक दवाइयों उपलब्ध नहीं है। मजबूरन किसानों को प्राइवेट दुकानों से बीज व कीटनाशक खरीदना पड़ रहा है।

इस मौके पर रामेश्वर सिंह, शिव सिंह, राजकुमार, सन्तगोपाल, विजय त्रिपाठी, साधोप्रसाद, जयनारायण सिंह, रमेश फौजी, उदयनारायण सिंह, अर्जुन सिंह, रामशरण राजपूत, नरेश सिंह, अजय कुमार, योगेंद्र पटेल, कमलेश पटेल, छेदीलाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं आईजीआरएस की मंडलीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास विभाग हिमांशु कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि एवं आईजीआरएस की मंडलीय की बिंदुवार समीक्षा किया। अपर मुख्य सचिव ने जनपद सहित प्रयागराज, कौशाम्बी तथा प्रतापगढ जनपद की मंडलीय समीक्षा बैठक मे कहा कि मनरेगा से उन्ही कार्यों को कराए जो शासन द्वारा निर्धारित किए गए है। मनरेगा श्रमिकों के आधार फीडिंग का कार्य शेष रह गया है।

सभी जनपद प्राथमिकता के आधार पर फीडिंग कराना सुनिश्चित करे। अमृत सरोवरों का निरीक्षण जनपद स्तरीय अधिकारी समय-समय पर करते रहे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत् शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार समूहों का गठन किया जाय और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार दिलाते हुए आत्मनिर्भर बनाए। ग्राम चैपाल का आयोजन संवेदनशीलता के साथ करते हुए रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड भी समय से करे। आईजीआरएस से सभी शिकायतो का निस्तारण गुणवतापूर्ण ढंग से करे कोई भी शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में न जाने पाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रुति, संयुक्त विकास आयुक्त प्रयागराज मंडल आर0एस0 गौतम, मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार, सूरज पटेल, कौशाम्बी रवि किशोर त्रिवेदी, जिला विकास अधिकारी प्रयागराज भोलानाथ कनौजिया, प्रमोद सिंह चंद्रौल, कौशांबी विजय कुमार, प्रतापगढ़ ओमप्रकाश मिश्रा, परियोजना निदेशक डीसीएनआरएलएम प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़ सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन का तेज बारिश व आकाशीय बिजली का एलर्ट जारी

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

अपर जिलाधिकारी ने जनपद में तेज बारिश व आकाशीय विद्युत के आशंका से अलर्ट किया है। जनपद में तेज बारिश एवं आकाशीय विद्युत की आशंका के चलते जिलाधिकारी के निर्देश पर आकाशीय विद्युत व अतिवृष्टि से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। जिसमें आम जनमानस से सावधानी बरतने को कहा गया है। लोग अपने पुराने जर्जर भवनों से निकलकर सुरक्षित स्थानों पर चले जाये तथा आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले।

वही चेतावनी जारी करते हुये कहा कि भीड़-भाड़ वाले व ट्रैफिक जाम वाले क्षेत्रों में जाने से बचें, खुले सीवर व बिजली के तारों से दूर बचकर रहें। सभी जिला चिकित्सालय सभी सम्बन्धित अस्पताल अलर्ट पर रहे। ट्रामा मैनजमेण्ट, सर्पदंश, बिजली के झटके एवं जल जनित रोगों के उपचार की व्यवस्था अपने चिकित्सालयों पर अवश्य कर लें। आकस्मिक सेवाओं में तैनात अधिकारी कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित रोगी वाहन की व्यवस्था भी कर लें। मौसम की जानकारी मौसम विभाग के एलर्ट, टी0वी0 रेडियो आदि प्रसारण के माध्यमों से जानकारी लेते रहें। आकाशीय विद्युत से बचने हेतु खासतौर पर खिड़की के कांच, टिन की छत गीले सामान और लोहे के हैंडलों को ना छुएं स्नान करने तैरने ऊंचे स्थानों पर खड़े होने से बचें, खुली दुपहिया गाड़ियों का प्रयोग न करें।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 10- 15 जुलाई 2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) ÷ 34.0 (-1.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) ÷ 25.8 (-1.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम ÷ 91 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम ÷ 77 प्रतिशत
हवा की औसत गति ÷ 4.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पच्छिम
वर्षा (मि0मी0) ÷ 5.4
कृषि मौसम वैज्ञानिक

# सावन के पहले सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर भोले बाबा से मांगी मन की मुरादें







**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सावन के पहले सोमवार को बिठूर के प्रमुख घाटों पर भोर से ही कानपुर के अलावा अन्य शहरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा के पवित्र एवं निर्मल धारा में हर हर भोले हर हर बम बम का जयकारा लगाकर आस्था की डुबकी लगाई।

आपको बताते चलें कि पौराणिक कथाओं के अनुसार सावन में समुद्र मंथन हुआ था। और किस घटना के बाद भगवान शंकर का नाम नीलकंठ पड़ गया था। तब से सावन के पर्व को पूरे भारतवर्ष में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन उपवास रहकर भगवान शंकर से जो भी मनोकामना मां की जाए वह होती है ऐसी मान्यता है। बीते दिन सावन के पहले सोमवार को बिठूर के आधा दर्जन कच्चे पक्के घाटों ब्रह्मावर्त घाट, बारादरी घाट, पत्थर घाट, लक्ष्मण घाट, सीता घाट, रानी लक्ष्मीबाई घाट, भज्जू घाट, गोदारा घाट, पर कानपुर के अलावा अन्य शहरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा की पवित्रता एवं निर्मल धारा में गंगा स्नान कर दान पुण्य किया इसके बाद शिवालयों में जाकर नाना प्रकार से भगवान भोले का पूजन अर्चन कर बाबा से परिवार की कुशलता की मंगल कामना की।

### कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम

सावन का पहला सोमवार होने की वजह से धातु पर और शिवालयों में सुरक्षा की दृष्टि से बिठूर पुलिस ने कड़े इंतजाम किए थे। स्नान के दौरान पुलिस की नाव पूरे क्षेत्र में पेट्रोलिंग करती नजर आई। स्नान योग्य सभी घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर गोताखोरों की व्यवस्था की गई थी।साथ ही साथ मुख्य चौराहों पर, ट्रैफिक पुलिस मुस्तैद नजर आई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह अपने साथियों के साथ पूरे मेला क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते हुए घूम रहे थे। यात्रियों को किसी भी प्रकार की पानी की असुविधा ना हो इसको लेकर क्षेत्रीय लोगों द्वारा जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था की गई। सावन का पहला सोमवार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

# रीजेंसी, चांदनी, वेदांता, कुलवंती, फार्च्यून, प्रखर हॉस्पिटलों का अब तक नहीं हुआ रजिस्ट्रेशन

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के रहमो करम पर चल रहे ये अस्पताल

**जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे**















**कानपुर नगर।** शहर के नामचीन अस्पताल जो मरीजों को बेहतर इलाज देने का दम भरते हैं। इतना ही नहीं यह अस्पताल कानपुर शहर की शान भी कहे जाते हैं। लेकिन मजे की बात तो यह है कि अब तक इन अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन तक ही कंप्लीट नहीं हुआ है। आपको जानकर हैरानी होगी कि रीजेंसी वेदांता, चांदनी नर्सिंग होम, कुलवंती, फार्च्यून, समृद्धि, प्रखर हॉस्पिटल यह सभी ऐसे अस्पताल हैं जिनके लाइसेंस अभी रिन्यूवल के लिए पड़े हैं। इन नामचीन अस्पतालों के लाइसेंस के बारे में जब एडिशनल सीएमओ डॉ. सुबोध प्रकाश से जानकारी करनी चाही तो उन्होंने हर बार की तरह गोलमोल जबाव दिया। ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाख प्रयासों के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के कार्य करने की क्षमता में अभी तक गति नहीं आई है। स्वास्थ विभाग के अधिकारी अभी भी कछुए की चाल से चल रहे हैं। उत्तर प्रदेश शासन ने कानपुर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर 3 दिनों के अंदर शहर में अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों की सूची बनाकर, या उन अस्पतालों पर कार्यवाही करके रिपोर्ट देने के लिए कहा था लेकिन अभी तक स्वास्थ विभाग के अधिकारियों ने ना तो किसी भी मानक विहीन अस्पताल पर कार्यवाही की और ना ही अस्पतालों के मालिकानों पर स्वास्थ्य विभाग का हंटर चला है जो बिना किसी डिग्री के अस्पताल संचालित कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ विभाग के अधिकारी कब तक कुंभकरणी नींद से जाग कर इन अस्पतालों पर कार्यवाही करते हैं।

### समृद्धि हॉस्पिटल के मालिक पहले थे कंपाउंडर अब चला रहे हैं अस्पताल

समृद्धि हॉस्पिटल ने मानक विहीनता की सारी हदें पार कर दी है। आपको जानकर हैरानी होगी कि समृद्धि हॉस्पिटल के मालिक शक्ति मिश्रा जो पहले प्रेम नगर स्थित मेडिकेयर में वार्ड बॉय हुआ करते थे । वर्तमान समय में खुद का अस्पताल चला रहे हैं। इतना ही नहीं कुछ दिनों तक इन्होंने लैब इंचार्ज के पद पर भी कार्य किया है। समृद्धि हॉस्पिटल जिसमें आए दिन घटना हुआ करती हैं। पिछले कुछ दिनों पहले एक मरीज को गलत इंजेक्शन लगाए जाने की वजह से उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके बाद हॉस्पिटल के मालिक को पुलिस ने हिरासत में भी लिया था। समृद्धि हॉस्पिटल केबल अपने अनट्रेंड नर्सिंग स्टाफ के दम पर चल रहा है।

### मानक विहीन हामिद हॉस्पिटल पर कब होगी कार्रवाई ?

हामिद हॉस्पिटल के संचालक मुबारक अली जिनके पास वीयूएमएस की डिग्री है। लेकिन इसके बावजूद ये धड़ल्ले से अस्पताल संचालित कर रहे हैं। अस्पताल में ना तो फायर एनओसी है और ना ही अभी तक रजिस्ट्रेशन ही कंप्लीट हो सका है। सरकारी नियमों के अनुसार हॉस्पिटल को संचालित करने के लिए एमबीबीएस की डिग्री होना जरूरी है।

# इरफान सोलंकी के इशारे पर वसीम राइडर संग की गई थी मारपीट






**जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर**

सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी के साथ-साथ विधायक के हर अपराध में साथ रहने वाले चाचा मेराज सोलंकी ने हमराज कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर वसीम राइडर को सिर्फ प्रताड़ित ही नहीं किया था उसके साथ लगभग डेढ़ वर्ष पहले जमकर मारपीट करने के साथ ही उसे अपमानित भी किया गया था। जन एक्सप्रेस को दर्जनों सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया है कि इसी दौरान वसीम राइडर की आंखों की रोशनी घट गई थी और राइडर परेशान रहने लगा था और उसने सब कुछ अल्लाह के हाथ में छोड़ दिया था।

सपा विधायक इरफान सोलंकी अग्निकांड मामले में जेल जाने के बाद से अभी तक उसकी सलाखों से बाहर नहीं आया है। विधायक के साथ-साथ उसका भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत दर्जनों कारखास भी जेल में दिन और रात बेचैनी से काट रहे हैं। अभी हाल ही में हमराज कंस्ट्रक्शन जो विधायक की गुमनाम कंपनी रही है । उसके 52त्न के डायरेक्टर वसीम राइडर ने पुलिस कमिश्नर पुलिस बी.पी. जोगदंड को शिकायती पत्र देते हुए विधायक और उसके चाचा समेत अन्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया था कि इन सभी ने उसके करोड़ों रुपए हड़प लिए हैं और जालसाजी भी की है। मामले में मुकदमा दर्ज करने से पहले जांच चल रही है।

### डेढ़ वर्ष पहले विधायक के सामने राइडर संग की गई थी मारपीट गाली-गलौज

जन एक्सप्रेस संवाददाता को दर्जनों पेजबाग में निवास करने वाले सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया है कि वाकई में व्यवसाई वसीम राइडर के साथ विधायक इरफान सोलंकी उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी के साथ-साथ चाचा मेराज सोलंकी ने काफी नाइंसाफी की थी। सूत्रों की माने तो लगभग डेढ़ वर्ष पहले पेज बाग स्थित मेराज सोलंकी के ऑफिस में जब वसीम राइडर ने अपने हिस्से की रकम मांगी तो चाचा मेराज सोलंकी और भाई रिजवान सोलंकी से विधायक ने अपने सामने उसके साथ मारपीट करवाई और उसे धमकाया भी। सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि उसी समय वसीम राइडर ने सभी से यह कहा था कि तुम लोगों का हिसाब ऊपर वाला करेगा मैंने सब कुछ ऊपर वाले पर छोड़ दिया है। इसी के बाद से वसीम राइडर काफी टेंशन में रहने लगा था उसकी आंखों की रोशनी भी काफी हद तक कमजोर हो गई थी।

# गैंगवार के बाद मामूली से विवाद में हत्या, सनसनी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

थाना चकेरी क्षेत्र में बीते दिन शनिवार को दो पक्षों के बीच हुए गोलीकांड का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि सोमवार को मामूली से सीवरेज पाइप लाइन डालने के विवाद में पड़ोसियों के बीच पहले लाठी डंडे चले विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने लाइसेंसी दुनाली बंदूक से फायर कर मारे जिससे दो लोगों को गोलियां लग गई जिसमें एक की मौत हो गई एक की हालत गम्भीर है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना चकेरी के पटेल नगर स्थित कच्ची बस्ती में सोमवार को परमहंस विश्वकर्मा अपने शौचालय की पाइप लाइन सड़क के चैंबर से जुड़वाना चाह रहा था। लेकिन उनके पड़ोसी शिव सागर शुक्ला जो पेशे से सिक्योरिटी गार्ड है इसका विरोध कर रहा था। इसको लेकर दोनों के बीच करीब डेढ़ साल से विवाद भी चल रहा था। प्रदीप की मानें तो पुलिस से भी कई बार शिकायत की जा चुकी थी लेकीन पुलिस उन्हें हमेशा टरकाती रही। सोमवार को वह क्षेत्रीय पार्षद नरोत्तम कुमार से बात करने के बाद पाइप लाइन डलवाने का काम कर रहे थे। उनके साथ इलाके के आदम और मुजीबुर्रहमान भी सड़क की खुदाई कर रहे थे। तभी शिव सागर अपने बेटे पवनेश के साथ बाहर निकला और गाली गलौज करते हुए पत्थर चलाने लगा। इस पर एक पत्थर परमहंस के सिर पर लग गया। जिसके बाद दोनों पक्षों में लाठी डंडे चला मारपीट होने लगी। तभी परमहंस की बहन खुशबू बीच बचाव करने पहुंची तो शिव सागर ने उसे भी मारा। इस दौरान पथराव चालू हो गया तो शिव सागर ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायर झोंक दिया। जिससे रास्ते से ई रिक्शा लेकर जा रहे इलाके के संदीप विश्वकर्मा के गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक समेत घायल परमहंस, आदम, मुजीबुर्रहमान, खुशबू आदि को लेकर कांशीराम अस्पताल पहुंची।

### चकेरी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा काटा हंगामा

कांशीराम अस्पताल पहुंचने पर मृतक के परिजन समेत परमहंस के घरवालों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। साथ ही ए.सी.पी. चकेरी अमरनाथ यादव से परिजनों की बहस भी हुई। मौके पर डीसीपी पूर्वी शिवाजी समेत कई थानों का फोर्स पहुंचा। जिसके बाद पुलिस के अधिकारियों मृतक और पीड़ीत के परिजनों को समझाकर शांत कराने का प्रयास भी किया। एसीपी चकेरी अमरनाथ यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि आईपीसी की धारा 302 समेत अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिव सागर और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया है।

## श्रमिकों और कामगारों ने विशाल भण्डारे का किया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** श्रावण मास के प्रथम पावन सोमवार के उपलक्ष्य में, दादा नगर औद्योगिक क्षेत्र में मिश्री लाल चौराहे पर श्रमिकों और कामगारों ने विशाल भण्डारे का आयोजन किया, जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि विजय कपूर के कर-कमलों से किया गया। श्रमिकों और कामगारों ने मुख्य अतिथि का माला पहनाकर अभिनन्दन किया।



भण्डारे में हजारों राहगीरों, श्रमिकों व कामगारों ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारा में पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरण में मुख्य अतिथि के साथ दादा नगर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सीताराम शुक्ला, राजेन्दर, विवेक, लल्लू शुक्ला, पार्षद गुंजन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के आवाहन पर संघ कार्यालय में हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के आवाहन पर बीते दिन सोमवार को नगर निगम मोतीझील संघ कार्यालय में मंडल अध्यक्ष रमाकांत मिश्र के अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में



मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया है। मंडल अध्यक्ष रमाकांत मिश्र ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि यह मोटरसाइकिल जुलूस लाला लाजपत राय हॉस्पिटल से चुन्नी गंज बस अड्डे तक सभी विभागों के कर्मचारियों द्वारा मोटरसाइकिल से निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि यह ज्ञापन मुख्य रूप से पूर्व प्रेषित 7 सूत्रीय मांग पत्र व स्थानांतरण नीति को लेकर दिया जा रहा है। बैठक में मंडल संयोजक अरविंद कुमार कुरील, राजेंद्र पटेल, सुरेंद्र सिंह सेंगर, विनोद कुमार लाला, साकिर खान, देवीदीन भाऊ, मुन्ना हजारिया, के. पी. सिंह, शैलेंद्र द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## चमनगंज पुलिस ने चोरी के माल समेत दो शातिर चोर दबोचे

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** थाना चमनगंज क्षेत्र में चोरी को अंजाम देने वाला 2 शातिर चोर को पुलिस न माल समेत गिरफ्तार किया है। थाना चमनगंज क्षेत्र निवासी सबा शाहीन ने पुलिस से शिकायत की थी कि 8 जुलाई 2023 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा मकान में ताला तोड़कर ज्वेलरी और कुछ पैसे आदि चोरी कर लिए गए थे। चमनगंज कोतवाल नवाब अहमद ने तत्काल चोरी की घटना में मुकदमा पंजीकृत किया था। कोतवाल ने 24 घंटे में चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया गया। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है वह किस्म के चोर है जिनका लंबा अपराधिक इतिहास है। एवं पूछताछ में उनके द्वारा पहले भी घटनाओं किए जाना बताया जा रहा है। चोरी करने वाले दोनों ने अपने नाम एजाज आलम पुत्र बदरुद्दीन वा मोहम्मद अदनान उर्फ अड्डू पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद सालिम बताया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद, निरीक्षक आर पी सिंह, उप निरीक्षक उस्मान अली, उप निरीक्षक कृपा शंकर मिश्र, उप निरीक्षक राहुल राणा, मुख्य आरक्षी राशिद, आरक्षी सिद्धांत कुमार, मुख्य आरक्षी साजिद, मुख्य आरक्षी वकील शामिल रहे।

# पुलिस कस्टडी में छिपकली खाने वाले युवक को भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



नर्वल-स्साढ़ थाना मे लाक-अप के अन्दर रविवार सुबह छिपकली मार के खा जाने वाले प्रेमी युवक को पुलिस ने सोमवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। साढ़ थाना प्रभारी विजय शुक्ला ने बताया कि फतेहपुर के मलवां थाना क्षेत्र किशनपुर गांव निवासी युवक महेश कुमार 25 वर्ष पुत्र बाबू लाल को मुकदमा संख्या 133/23 में भादिविज़ 366/376/323/504 युवक को लड़की को बहला फुशला कर भगा ले जाने व उसके साथ बलात्कार करने के आरोप मे जेल भेज दिया गया है जब कि लड़की को 164 के बयान हेतु मजिस्ट्रेट के यहां भेजा गया है वापस आने पर बयान के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### साढ़ पुलिस की अजीब कार्रवाई गुड वर्क के चक्कर सब भूले

साढ़ पुलिस गुड वर्क दिखाने के चक्कर मे सारी घटना भूल गई और जिस अभियुक्त ने बीती 9-7-23 तारीख को थाने के अंदर छिपकली खा ली थी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था उसे ही बीते दिन 10-7-23 को साढ़ चौराहा से गिरफ्तार कर रही है इस पूरे मामले का प्रेस नोट भी जारी कर रही है अब सोचने वाली बात ये है कि एक अभियुक्त दो दो बार कैसे गिरफ्तार हुआ।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पांडुनगर में बीते दिन सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन हुआ। जिसमें अशोक लेलैंड्स पंत नगर उत्तराखंड, हीरो मोटोकॉर्प धारूहेड़ा, टाटा मोटर्स लखनऊ एवं गोल्डी मसाले कानपुर सहित अन्य कंपनियों द्वारा प्रशिक्षार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। इस अप्रेंटिस मेले में आई 14 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग करने वाले 368 प्रशिक्षार्थियों में लगभग 200 प्रशिक्षार्थियों का चयन अंतिम रूप से किया गया। मेले में गोल्डी मसाले द्वारा 22, टाटा मोटर्स द्वारा 75, अशोक लेलैंड्स द्वारा 21, हीरो मोटोकॉर्प द्वारा 32 एवं इक्विपल्स द्वारा 50 बच्चों का चयन किया गया। इस अवसर पर मेला प्रभारी आईटीआई बिल्हौर के प्रधानाचार्य मयंक मिश्र ने बताया कि इस बार अंतिम वर्ष के प्रशिक्षार्थियों द्वारा भी इंटरव्यू दिया गया है और संस्थान से पास होने से पहले उनके पास रोजगार होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षार्थियों को सरकारी विभागों में जॉब की जानकारी के लिए एक हेल्पडेस्क भी लगाया गया है। मेले का शुभारंभ राजकीय आईटीआई पांडू नगर के प्रधानाचार्य डॉ. नरेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमोद पांडेय, प्रखर शुक्ला,विभव शुक्ला, अंगद चौधरी आदि मौजूद रहे।



# सीएसए में एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम हुआ आयोजित

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा एवं आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कुलपतियों द्वारा बीते दिन सोमवार को एमओयू हस्ताक्षर हुए। जिसका मुख्य उद्देश्य इन कृषि विश्वविद्यालयों के बीच शिक्षा,शोध एवं प्रसार में और अधिक गतिशीलता लाना है। निदेशक शोध डॉ.पी.के.सिंह ने बताया कि समझौता हस्ताक्षर के बाद विश्वविद्यालय के छात्र छात्राएं दूसरे विश्वविद्यालयों के अनुसंधान व प्रशिक्षण सुविधाओं का उपयोग करने में सक्षम होंगे। डॉ.खलील खान ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों को कृषि अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र एक दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे और नई तकनीकों को आपस में आदान-प्रदान करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ.पी.के. उपाध्याय, निदेशक प्रसार डॉ.आर.के. यादव, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ.सी.एल.मौर्या, डॉनौशाद खान सहित अन्य अधिकारी एवं वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# मांग में सिंदूर भरकर बनाया पत्नी, डेढ़ माह तक बनाया सम्बन्ध, अब ठुकराया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

हालांकि हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार मांग मे चुटकी भर सिंदूर का महत्व बहुत बड़ा बताया गया है अगर कोई युवक किसी युवती के मांग में सिंदूर भर देता है तो वह लड़की उसी समय से उस युवक को पति परमेश्वर मान लेती है और युवक की पत्नी हो जाती है। लेकिन कुछ लोग समाज मे ऐसे भी है कि सारी रीति-रिवाज को किनारे कर देते है और अपनी हवस पूरी करके प्रेमिकाओं को दर-दर की ठोकरे खाने को छोड़ देते हैं। ऐसा ही एक मामला साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव का सामने आ रहा है जिसकी चर्चा भी क्षेत्र मे अब जोरों से है।

साढ़ क्षेत्र के देवसढ़ गांव निवासी रंजना पुत्री शंकर (नाम काल्पनिक) ने बताया कि हमारे गांव के ही निवासी विकाश से प्रेम प्रसंग थे जो पहले एक दूसरे से छुप-छुप कर मिलते फिर धीरे-धीरे सब कुछ सामने आ गया और दोनो परिवार मे किसी को हमारे सम्बंध को लेकर कोई सिकायत भी नहीं थी । जिसके चलते दोनों ने एक साथ जिंदगी बिताने का फैसला किया। प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के पन्द्रह मई को मांग में सिंदूर भर कर अपनी पत्नी स्वीकार कर लिया और दोनों पति पत्नी की तरह एक साथ रहने लगे। इस बीच प्रेमी अपनी प्रेमिका को यह भी दिलासा दिलाता रहता था कि हम दोनों कोर्ट मैरिज कर लेंगे हालांकि इस रिश्ते से किसी पक्ष को कोई दिक्कत भी नही थी लेकिन अब युवती ने बताया कि मेरे पति विकास कुमार पुत्र अमर जीत ने अपने पिता के कहने पर शादी करने को मना कर रहे है उधर युवती का कहना है मेरे साथ मेरा प्रेमी कई राते गुजार चुका है और अब मुझे ठुकरा रहा है। जिसके कारण युवती ने परेशान होकर साढ़ थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है सही पाए जाने पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही की जाएगी ।

# कलेक्टर ने की राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक

**कम वसूली को लेकर संबंधित को दी हिदायत**

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में विद्युत देय, खनन, आबकारी परिवहन विभाग नगर निकाय, स्टाम्प ड्यूटी, बाट-माप, जीएसटी सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा किया तथा कम वसूली वाले विभाग को सुधार लाने की सख्त हिदायत दी।जीएसटी की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने जीएसटी वसूली में तेजी लाने एवं लक्ष्य की पूर्ति हेतु निर्देशित किया। स्टाम्प वसूली की समीक्षा में स्टाम्प की कमी की सम्बन्धित निर्गत आरसी की वसूली कराये जाने एवं लक्ष्य की शत् प्रतिशत पूर्ति हेतु एआईजी स्टाम्प को कहा।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने आइजीआरएस पोर्टल प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, रिट याचिकाओं, खतौनी अंश निर्धारण की कार्यवाही, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला, एंटी भू माफिया जैसे कार्यों पर अब तक की प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिया।

तहसीलवार आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये तथा शिकायतकर्ता को भी इससे अवगत कराया जाये। शिकायतकर्ताओं द्वारा फीड बैक दिये जाने पर उन बिन्दुओं का त्वरित निस्तारण किया जाये। उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों जैसे तालाबों, चारागाहों, चकरोडों आदि पर जो भी अवैध कब्जे किये गये उनको चिन्हित कर अभियान चलाकर अवैध कब्जेदारों को बेदखल किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जये। उन्होने कहा कि राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसलिये सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें, लापरवाही कदापि न बरते। बैठक में एडीएम वित्त अर्पित गुप्ता, एआरटीओ, एआईजी स्टांप, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

**सदर विधायक अदिति सिंह के प्रयास से...**

# ग्रामीणों को मिलेगी लकड़ी के पुल से निजात

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



अदिति सिंह ने बताया कि सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड राही अन्तर्गत ग्राम रामपुर बघैल में महराजगंज ड्रेन पर पुल न होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को डिघिया, नहर कोठी एवं फुरसतगंज आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके लिए लगभग 10 कि0मी0 लम्बा रास्ता तय करना पड़ता है। काफी प्रयासों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आर्शीवाद से उक्त स्थल पर रू0 568 लाख से नया पुल स्वीकृत हुआ है, जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करती हूं। जनपद रायबरेली की सदर विधायक अदिति सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब से उ0प्र0 में भाजपा की सरकार बनी है तब से प्रदेश में विकास की बयार बह चली है। अदिति सिंह ने कहा कि उ0प्र0 सरकार विकास के लिए कटिबद्ध है।

बताते चलें कि सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत उक्त मार्ग पर लकड़ी के पुल से ही आवागमन हो रहा है, बारिश के दिनों में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी जान हथेली पर लेकर आवागमन करते हैं।

# हल्की बरसात ने ही खोली गुणवत्ता की पोल पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की धंस गई सड़क

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



हल्की बारिश में लखनऊ-गाजीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 76 के पास सड़क अचानक धंस गई। सड़क बैठने ने एक बार फिर गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए हैं। इससे पहले भी पूर्वांचल पर सड़क बैठ चुकी है।

बताया जा रहा है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर किमी 76 लखनऊ की तरफ जाने वाली साइड में सुल्तानपुर-अयोध्या बॉर्डर पर हल्की ही बरसात में सड़क बैठी है। कार्यदायी संस्था को जानकारी हुई तो उसने उक्त स्थान को पन्नी से ढक दिया है। सड़क धंसने से आवागमन में खतरा बना हुआ है।

अधिशाषी अभियंता डीके सिंह ने बताया कि उन्हें सड़क धंसने की जानकारी नहीं मिली है। यदि सड़क धंसी है तो उसे कंपनी ठीक करवाएगी। आपको बता दें कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निर्माण के समय से ही इसकी गुणवत्ता सवालों के घेरे में रही है। कार्यदायी संस्था चाहे एप्को कम्पनी रही हो या गायत्री कंस्ट्रक्शन सभी के कार्य पर सवाल उठे हैं। पिछली बरसात में किमी 83 पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे जिसमें कार घुस गई थी। लोग घायल हुए थे। यूपीडा ने उसे छुपाने का काफी प्रयास किया था। रोड डायवर्जन के कारण एक रोडवेज बस भी लड़ गई थी उसमे भी यात्री घायल हुए थे। किमी 80 के पास गोल चक्कर पर भी सड़क पिछली बरसात में बह गई थी। इस बार अभी ज्यादा बरसात भी नहीं हुई कि गायत्री कॉन्सट्रक्शन द्वारा बनाई गई माइल स्टोन 76 के पास लखनऊ जाने वाली साइड में सड़क धंस गई है।गड्ढे को पौधों की हरी टहनियों से ढक दिया गया व पॉलीथिन लगाई गई कि जिससे और पानी नीचे न जाये नही तो सड़क दूर तक बैठ जाएगी।

# प्रेम प्रसंग के चलते पेड़ से बांध कर युवक की पीट-पीट कर की गई हत्या

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

तिलोई तहसील के इन्हौना थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में एक युवक की पेड़ से बांध कर पीट पीट कर हत्या किए जानें का मामला प्रकाश में आया है। जहां बचपन से अपने ननिहाल में रह रहे एक युवक की गांव के ही एक परिवार के द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते पेड़ से बांध कर पीट पीट कर हत्या कर दी गई। वही मृतक युवक की पहचान अरविंद कुमार उर्फ रक्षाराम पुत्र राम किशोर के रुप में हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची इन्हौना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना की जानकारी होने पर अमेठी पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि एक युवक को पेड़ से बांध कर पीट कर हत्या करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। और इस संबंध में अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बिजली कर्मियों से अभद्रता युवक को पड़ी भारी, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



युवक को बिजली अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ धक्का मुक्की, गाली-गलौज करना महंगा पड़ गया है। अवर अभियंता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध दोस्तपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। युवक का 16 हजार रुपए का बकाया था, इस पर कनेक्शन काटे जाने से वो नाराज था। घटना दोस्तपुर थानाक्षेत्र के फ़िरोजपुर खुर्द गांव का है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पांच लाख तक के बाकायदारो के विरुद्ध बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा अभियान चलाया गया था। इस क्रम में फिरोजपुर खुर्द निवासी विशाल गौड़ जिसका कनेक्शन संख्या 4940863000 है। उसका 16,649 रुपए बकाया था। इस पर टीम ने उससे पैसे जमा करने को कहा। पैसा जमा करने में आनाकानी करने पर टीम ने कनेक्शन काट दिया। जिस पर विशाल गौड़ आग बबूला हो गया और अवर अभियंता रवि शंकर मौर्या व मौजूद संविदा कर्मी से गाली-गलौज करने लगा। उसने जान से मारने की धमकी देते हुए अवर अभियंता से धक्का-मुक्की भी की। अवर अभियंता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। उसके बाद अवर अभियंता ने थाने जाकर लिखित तहरीर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अवर अभियंता के साथ संविदा कर्मी दीपक सिंह, नंदन, सफीउल्ला आदि कर्मचारी मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने दिए संचारी रोग रोकने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

संचारी रोग अभियान की बैठक जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बचत भवन में हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि बारिश के मौसम में संचारी रोगों पर अधिक से अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मामलों में जनपद की रैंकिंग में सुधार लाएं। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को संचारी रोगों से जागरूक करने का प्रयास करें। लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से मिल सके इसके लिए आवश्यक है कि सभी चिकित्सा अधिकारी अपने अपने प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में समय से बैठे। जिलाधिकारी निर्देश देते हुए कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक प्रयास किए जाएं। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वीरेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव के अतिरिक्त सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध शराब कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही में जुटा विभाग

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**



उत्तर प्रदेश शासन के आदेश व जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी हितेंद्र शेखर के कुशल नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक सुभाष चंद्र सिंह द्वारा मय स्टाफ साकेत कुमार राय प्रधान आबकारी, शशि प्रकाश गुप्ता, आबकारी अरविंद कुमार वर्मा व मो. इरफान आबकारी ग्राम तुलसी का पुरवा थाना कोतवाली नगर में दबिश दी गई, दबिश के दौरान लगभग 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। मौके से लगभग 600 किलोग्राम लहन नष्ट कर, 02 अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्यवाही की गई,इसी के साथ दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, बारकोड एवं क्यूआर कोड स्कैन किया गया। किसी दुकान पर अवैध शराब की बरामदगी नहीं हुई।

आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया की शासन के आदेश,व उच्चाधिकारियों निर्देशानुसार जनपद में ऐसे लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है, जो जानलेवा अवैध शराब बनाने और उसे बिक्री के कार्य में संलिप्त है। ऐसे कारोबारियों के लिए आबकारी व पुलिस विभाग की टीम संयुक्त रूप से दबिश देकर ठोस कार्यवाई करने में लगी है। श्री सिंह ने कहाकि आबकारी विभाग लगातार दविस देकर अवैध शराब और उसके कारोबारियों पर आवाश्यक कार्यवाही कर रही है। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि दबिश के दौरान मौके पर उपस्थित लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक भी किया गया।

# यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों को दिया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**



यातायात विभाग अव्यवस्थित यातायात से निजात दिलाने के लिए नित नए-नए प्रयोग करने के साथ ही दुर्घटनाओं के प्रतिशत को कम करने के लिए सोमवार को ई-रिक्शा, थ्री व्हीलर व छोटे वाहनों के ड्राईवरों के लिए गोलाघाट स्थित एक कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें चालकों के लिए प्रभारी यातायात अनूप सिंह ने ई-रिक्शा चालकों के लिए रूट निर्धारित करते हुए बताया की लाल, नीला, हरा व पीले रंग से ई-रिक्शे की छतरी को अलग अलग रूट आवंटित की गई है। आजसे जिस कलर को जिस रूट पर चलने के लिए निर्धारित किया गया है, यदि उसके अलावा दूसरे रूट पर सवारियां ढ़ोते हुए पकड़े जाते है तो बड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सड़क पर ई-रिक्शा सवारियां उतारते या भरते दिखे या बस स्टाप के प्रवेश, निषेध द्वार के सामने खड़े मिले तो सीज करने की कार्यवाही की जाएगी।

श्री सिंह ने बताया कि बीते सप्ताह यातायात विभाग ने 690 वाहनों पर चालान के साथ ही वाहन चालको को जागरूक करने का काम किया। हालाकि यातायात पुलिस यदि कलर और रूट का सही क्रियान्वयन करवा दे तो निश्चित तौर पर आधी से ज्यादा अव्यवस्थित यातायात और दुर्घटनाओं से छुटकारा मिल सकता है। आमलोगों का मानना है की नगर क्षेत्र में आज जिस प्रकार से अव्यवस्थित यातायात है, उसका कारण ई-रिक्शा ही है, इनके कारण आएदिन दुर्घटनाए होती रहती है। सड़क घेरकर रास्ता जाम कर देना, बेतरतीब फर्राटा भरना इसपर अंकुश लगना आवश्यक है। बहरहाल देखना होगा कि **कलर और निर्धारित रूट** यातायात पुलिस सफल बनाने में कितनी कामयाब होती है?

# पीडितों को न्याय देने के बजाय दबंगों को संरक्षण दे रही है सरकार : सुशील पासी




**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

सोमवार को रायबरेली कलेक्ट्रेट परिसर में जनपद के गरीब अनु0 जाति, किसान मजदूरों के ऊपर हो रहे उत्पीडन एवं विभिन्न घटनाओं को लेकर राष्ट्रीय भागीदारी मिशन उ0प्र0 के संयोजक सुशील पासी प्रदेश महासचिव कांग्रेस कमेटी विश्व दलित परिषद के अध्यक्ष राजेश कुरील, पासी समाज के अध्यक्ष देशराज पासी, भीम युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र भीमराज, इन्कलाब नौजवान सभा के हनोमान अम्बेडकर एवं जनपद के विभिन्न अम्बेडकरवादी बहुजनवादी सामाजिक संगठनों के नेतृत्व में न्याय हेतु जिला कार्यालय के सामने विशाल धरना प्रदर्शन कर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन/मांग-पत्र सौंपा।

इस मौके पर सुशील पासी नें कहा कि भाजपा के राज्य में नहीं है कानून का राज गुण्डे और माफियाओं एवं दबंगों का बढा हुआ है मनोबल पीड़ितों को न्याय देने के बजाय दबंगों को संरक्षण दे रही है उन्होने कहा कि रायबरेली में हो रहे अनु0जाति किसान मजदूरों पर हो रहे उत्पीड़न एवं उनके जमीन को कब्जा करनें जैसी जघन्य अपराध की घटनाओं में निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यवाही नहीं हुयी तो रायबरेली में एक बड़ा जन आंदोलन होगा पासी समाज के अध्यक्ष देशराज पासी नें कहा कि रायबरेली के थानों में अनु0जाति दलित समाज के लोगों की दबंगों द्वारा जबरन जमीन कब्जा कर उनके ऊपर अत्याचार एवं उत्पीडन कर उनकी हत्या तक भी कर दी जा रही है दबंगों के प्रभाव की वजह से पुलिस थानों में रिपोर्ट न दर्ज कर उल्टे पीडितों को ही पुलिस उत्पीडन कर रही है जिसका जनपद के अनु0जाति (एस0सी0) किसान, मजदूर समाज में एक बड़ा रोष व्याप्त है। विश्व दलित परिषद उ0प्र0 के अध्यक्ष राजेश कुरील नें कहा की आज पूरे जनपद में दलित समाज के ऊपर दबंगों एवं पुलिसिया उत्पीडन से समाज में एक भय व्याप्त है और पीडित परिजनों को जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई न करके उनको न्याय नहीं दिया जा रहा है। धरना प्रदर्शन में आये यशपाल एडवोकेट, कौशलेन्द्र अम्बेडकर, श्रवण कुमार बौद्ध, सर्वेश गौतम, वीरू पासी, अर्जुन पासी, सतेश गौतम, सचिन कुमार एडवोकेट, ओम प्रकाश, सुरश भारती, पुष्पेन्द्र, अरूण यादव, खुशीराम हिट्टी, ललित अम्बेडकर, चन्द्रशेखर एडवोकेट, रोहित पासी, दुर्गेश पासी, राम सजीवन बौद्ध, राम प्रसाद बौद्ध आदि लोग उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष माटीकला बोर्ड का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** अध्यक्ष उप्र माटीकला बोर्ड ओम प्रकाश गोला प्रजापति आज अपरान्ह 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार पहुँचेंगे। अध्यक्ष द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में माटीकला से जुड़े कामगारों को आवंटित पट्टों की वस्तुस्थिति, उनकी संख्या तथा उन पर हुए अवैध कब्जों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई एवं जल संसाधन, अधिशासीअभियन्ता विद्युत, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग केन्द्र,लीड बैंक अधिकारी एवं माटी कला बोर्ड के लाभार्थियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। उसके बाद अपरान्ह 14:40 बजे जनपद के सर्किट हाउस पहुँचेंगे तथा अपरान्ह 17:00 बजे जनपद सुल्तानुपर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सहायक श्रम आयुक्त को जिलाधिकारी ने लगाई फटकार, कहा श्रमिकों की समस्याओं पर दे ध्यान

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



श्रम विभाग की जिला श्रम बंधु की बैठक बचत भवन सभागार में जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। श्रम बंधु के सदस्यों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों की मदद के मामले में लापरवाही बरती जा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि श्रमिक बंधुओं को मिलने वाली सरकारी योजनाओं से ना केवल आच्छादित किया जाए अपितु उनका गोल्डन कार्ड भी बनाया जाए। जिससे कि उनको स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जिन भी श्रमिक संस्थाओं में बोर्ड न लगे हो उन्हें नोटिस जारी किया जाए और उनसे कहा जाए कि अपने संस्थाओं में बोर्ड अवश्य लगाएं। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि कार्यस्थल पर दिव्यांग हुए श्रमिकों को समय से मुआवजा दिया जाए और उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, सहायक श्रम आयुक्त आरएल स्वर्णकार के अतिरिक्त जिला श्रम बंधु के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## 12 जुलाई को काष्ठ कला उत्पाद से संबंधित साक्षात्कार

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, रायबरेली ने बताया है कि एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में विशेष उत्पाद हेतु चिन्हित काष्ठ कला उत्पाद से संबंधित सामान्य तकनीकी प्रशिक्षण क्राफ्ट की बेसिक एवं एडवांस ट्रेनिंग होनी है। यह योजना मुख्यमंत्री के प्राथमिक बिंदुओं में से एक है। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिलाने हेतु लक्ष्य आवंटित किया गया है, इसके लिए प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई थी। आवेदन करने वालों का साक्षात्कार 12 जुलाई 2023 को पूर्वाहन 11 बजे उपायुक्त उद्योग के कार्यालय में होगा। आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर की गयी भगवान शिव की भव्य आराधना

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर भगवान शिव की भव्य पूजा-अर्चना की गई, विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने भगवान भूतभावन भोलेनाथ की पूजा-अर्चना पूर्ण श्रद्धा-भाव के साथ की, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं में-अनमोल, अपर्णा, प्रियंका, प्रियांशी, पलक, अलंकृता ने शिव-तांडव के साथ भगवान शिव की विभिन्न स्तुतियों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि श्रावण भगवान शिव की आराधना का पवित्र मास है, इस समय भगवान शिव का वास पृथ्वी लोक पर अनवरत रहता है। भगवान शिव की कृपा से ही इस संसार में व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार फल प्राप्त होता है। श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने स्पष्ट लिखा है कि-'इच्छित फल बिनु सिव अवराधे, लहहि न कोटि जोग जप साधे।' अतः छात्र-छात्राओं को भगवान शिव की आराधना करते हुए अपने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की ओर कृतसंकल्पित होना चाहिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती कल्पना बाजपेई जी के नेतृत्व में विद्यालय की छात्रा अलंकृता त्रिपाठी व पलक त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, सी0 एस0 दास मिश्र, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, राकेश अवस्थी, रामदेव शर्मा, बालजी पाण्डेय, अवधेश कुमार शर्मा, मनीष त्रिपाठी, ऋतुराज, अभिषेक भारद्धाज, अभिषेक श्रीवास्तव एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 26°C |
| कानपुर | 37°C | 26°C |
| देहरादून | 30°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 35°C | 23°C |

# 800 स्कूल वाहनों को संभागीय परिवहन अधिकारी लखनऊ का नोटिस

## बिना परमिट और फिटनेस के स्कूलों में चल रहे थे वाहन

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पाण्डेय




लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में डग्गामार वाहनों की भरमार हो चुकी है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट से लेकर निजी क्षेत्र तक इनकी अधिकता बढ़ गई है, यहां तक की स्कूलों में भी डग्गामार वाहन बहुतायत मात्रा में प्रयोग किए जा रहे हैं, जिससे छात्रों के जीवन पर लगातार संकट छाया रहता हैं।
इसी कड़ी में संभागीय परिवहन अधिकारी लखनऊ द्वारा कार्यवाही करते हुए निजी क्षेत्रों के 800 स्कूल वाहनों की भारी लापरवाही के कारण नोटिस जारी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार स्कूलों के वाहनों का न तो फिटनेस प्रमाणपत्र है और न ही परमिट है लिहाजा लखनऊ आरटीओ ने इन सबको नोटिस जारी कर दिया है। फिलहाल उक्त वाहनों को आरटीओ कार्यालय ने हफ्ते भर की दी मोहलत दी है। बताते चलें कि जून माह में भी आरटीओ लखनऊ द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए 1297 अनफिट वाहनों को नोटिस भेजा था। राजधानी के निजी स्कूलों में डग्गामारी कर रहे अनफिट वाहनों की आरटीओ ने नए सिरे से लिस्ट तैयार की है। जिस पर जल्द ही पड़ी कार्यवाही की जा सकती है।

### बड़ा सवाल!

- आखिर किसकी लापरवाही के कारण अब तक चलते रहे बिना फिटनेस के वाहन?
- हफ्ते भर में फिटनेस तो हो जाएगा लेकिन परमिट कौन करेगा जारी?
- इतनी देर से क्यों जागा परिवहन विभाग?

> 800 वाहनों के फिटनेस ना होने के कारण उन्हें नोटिस जारी किया गया है साथ ही एक सप्ताह की मोहलत दी गई है। इतने दिन में फिटनेस का काम पूरा कर लिया जाएगा।
>
> *-प्रशांत कुमार, आर आई*

# सावन का पहला सोमवार: शिवालयों में गूंजे जयकारे

## लखनऊ के मनकामेश्वर में दिखा सावन का उत्साह

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सावन के पहले सोमवार पर सुबह से लेकर शाम तक मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। शिव की आराधना करने के लिए भक्तों में काफी उत्साह दिखा। हर हर महादेव और जय भोले के जयकारों से पूरा माहौल मंगलमय हो गया। वहीं लखनऊ के मनकामेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए गेट से ही लोगों की लंबी लाइन लगी हुई है। हाथों में जल लिए भक्त अपनी बारी के आने का इंतजार करते दिखाई दिए।
यहां मौजूद सुरक्षा बल ने भीड़ को देखते हुए भक्तों को दो लाइनें लगाकर दर्शन करने को कहा। एक लाइन में पुरुष और दूसरी लाइन में महिलाओं को मंदिर में प्रवेश दिया गया। सावन के मौके पर यहां पर भव्य मेला भी लगा हुआ है। पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया है। मनकामेश्वर महादेव मंदिर के लिए मान्यता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मांगी गई हर मन्नत जरूर पूरी होती है।



### पैंट-शर्ट या सूट पहनकर जाने वालों को दर्शन नहीं

मनकामेश्वर मंदिर में गर्भगृह के अंदर जाकर जल चढ़ाने के लिए ड्रेस कोड रखा गया है। महिलाएं साड़ी और पुरुष धोती पहनकर ही गर्भगृह के अंदर जा सकते हैं। कोई व्यक्ति अगर पैंट-शर्ट या फिर लड़की सूट व टॉप में हो तो वह मंदिर के गर्भगृह में नहीं जा सकती।

मान्यताओं के अनुसार, माता सीता को वनवास छोड़ने के बाद लखनपुर के राजा लक्ष्मण ने यहीं रुक कर भगवान शिव की आराधना की थी। शिव आराधना के बाद उनके मन को असीम शांति मिली थी। उसके बाद यहां मनकामेश्वर मंदिर की स्थापना की गई। यह मंदिर भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। 28 साल पहले मंदिर के महंत केशवगिरी के ब्रह्मलीन होने के बाद देव्यागिरी को यहां का महंत बनाया गया। यह यूपी का एकमात्र मंदिर है, जहां की महंत एक महिला है। मंदिर की देखभाल की जिम्मेदारी देव्यागिरि महंत के हाथों में है। देव्यागिरी ने साल 2008 में सिर्फ 28 साल की उम्र में मठ की गद्दी संभाली ली थी।

# मोतियाबिंद के मरीजों का तुरंत किया जाए आपरेशन: डिप्टी सीएम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



आंखों की बीमारी से पीड़ितों को सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज उपलब्ध कराएं। इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। मोतियाबिंद मरीजों को ऑपरेशन की किसी भी दशा में तारीख न दी जाए। विजुअल डिसऑर्डर (दृष्टि दोष) से पीड़ितों को मुफ्त चश्मा और दवाएं मुहैया कराई जाए। यह निर्देश सोमवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रदेश भर के सीएमओ और सीएमएस को दिए।
डिप्टी सीएम ने राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता और दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, कार्यक्रम के तहत प्रदेश में कुल 11 लाख 65 हजार 682 की सफल नेत्र सर्जरी की गई हैं। इसमें मोतियाबिंद समेत अन्य आंखों की बीमारी से पीड़ितों की सर्जरी शामिल हैं। उन्होंने कहा, काफी अस्पतालों में फेको तकनीक से मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा है। यह पूरी तरह से फ्री है। इसमें मरीजों को दवा आदि सब मुफ्त दी जा रही है।
डिप्टी सीएम कहा, स्कूल जाने वाले बच्चों के आंखों की जांच कराई गई। इनमें विजुअल डिसऑर्डर से काफी बच्चे पीड़ित पाए गए। इन्हें डॉक्टर की सलाह पर जरूरी दवाएं और निशुल्क चश्मा वितरण किया गया है। समय-समय पर अस्पताल में आकर डॉक्टर की सलाह लेने को कहा गया है। ज्यादा से ज्यादा स्कूलों में शिविर लगाकर बच्चों के आंखों की जांच करें। ताकि समय पर बीमार बच्चों की पहचान की जा सके। 75 हजार से अधिक बुजुर्गों को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया।

# राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर हजरतगंज ट्रेडर्स एसोसिएशन ने किया भव्य भंडारे का आयोजन

## पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा और भाजपा नेता नीरज सिंह ने लोगो को बांटा प्रसाद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

देश के यशस्वी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 72 में जन्म दिवस के अवसर पर हजरतगंज ट्रेडर्स एसोसिएशन के संरक्षक मुरलीधर आहूजा जो कि सिंधी समाज के अध्यक्ष भी हैं और रॉयल कैफे समूह के एमडी हैं एवं वरिष्ठ व्यापारी नेता संदीप कोहली ने के नेतृत्व में एक विशाल भंडारे का आयोजन रॉयल कैफे हजरतगंज के सामने किया गया। इस भंडारे का शुभारंभ राजनाथ सिंह जी के सुपुत्र नीरज सिंह ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से सभी धर्मों के प्रमुख अतिथि उपस्थित रहे। शाम 4:00 बजे से लेकर 7:00 बजे तक भंडारे में पूड़ी, सब्जी,वेज बिरियानी वेज पुलाव छोले और बूंदी का वितरण किया गया।हजारों लोगों ने इस अवसर पर प्रसाद ग्रहण किया और राजनाथ सिंह के दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर छोटे बच्चों को गुब्बारे भी वितरित किए गए उन्होंने अपनी खुशी का इजहार करते हुए गाने गाकर रक्षा मंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भंडारे का समापन करने के लिए पूर्व उप मुख्य मंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस मौके पर आए अतिथियों में अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परमिंदर सिंह, सदर गुरुद्वारा कमेटी के प्रमुख हरपाल सिंह जग्गी, वाहिद बिरयानी के आबिद अली कुरेशी, नागपुर से पधारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संदीप गुप्ता, अमर फैक्स के सुजीत ओबरॉय,उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल भाई और सचिव जुबेर अहमद, खत्री समाज के प्रमुख कार्यकर्ता सक्रिय कार्यकर्ता राजीव टंडन एवं अन्य अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



**बच्चों को बांटे गुब्बारे, बच्चों ने किया अपनी खुशी का इजहार, गाकर रक्षा मंत्री को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं**

# ऊर्जा मंत्री ने जनता से की अपील बारिश में ट्रांसफार्मर-पोलों से रहें दूर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बारिश में लोगों को बिजली के पोल और तारों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि अगर कहीं पर झूलते तार या बिजली के बाक्स दिखे तो उससे उचित दूरी बनाकर रहें। जलभराव होने पर वहां जाने से बचें। जानवरों को भी इनसे दूर रखने का प्रयास करें। ऐसे करके करंट से होने वाली मौत को रोका जा सकता है।
ऊर्जा मंत्री ने सोमवार को एक बयान जारी किया। जिसमें अधिकारियों को निर्देश देते हुए कि विद्युत उपकरणों में उतर रहे करंट की सूचना का तत्काल संज्ञान लिया जाए। करंट उतरने के कारणों की विधिवत जांच की जाए। साथ ही इसका समाधान भी किया जाए।
ताकि लोगों को ऐसी दुर्घटनाओं से हो रहे नुकसान से बचाया जा सके। लोगों को इस संबंध में अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। बरसात के दौरान लोग बिजली के तारों और खम्भों को छूते हुए पेड़ों से भी दूरी बनाकर रहें, इस पर भी करंट उतरने की संभावना बनी रहती है।
बारिश में हर साल करंट से कई लोगों की मौत होती है। ऐसे में इस बार कोई बड़ी दुर्घटना न हो इसके लिए यह अपील जारी की गई है। लखनऊ और आस- पास के जिलों में ही हर साल करीब 50 से ज्यादा लोग करंट लगने से घायल हो जाते हैं। इसके अलावा बड़ी पैमाने पर खुले मवेशियों की जान भी करंट की वजह से जाती है।

# लखनऊ में अस्पतालों के बाहर से टू-व्हीलर चुराने वाले गिरफ्तार

## गर्लफ्रेंड के शौक को पूरा करने के लिए करते थे चोरी, 17 वाहन बरामद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ में लोक बंधु अस्पताल के साथ अन्य नर्सिंग होम के बाहर से टू व्हीलर चुराने वाले एक गिरोह के तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरोह का सरगना अपनी गर्लफ्रेंड की शौक पूरा करने के लिए उसके भाई और दोस्त के साथ मिलकर वाहन चोरी का गिरोह चला रहा था। इनकी निशानदेही पर चोरी के 17 वाहन बरामद हुए। इनके पास से बाइक का लॉक तोड़ने की मास्टर की भी बरामद हुई है। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है। डीसीपी साउथ विनीत जायसवाल ने बताया वाहन चोरों का आपराधिक इतिहास का पता लगाने के साथ चोरी की बाइक खरीदने वालों की भी जानकारी की जा रही है।
कृष्णा नगर इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने कृष्णा नगर नटखेड़ा के दीपक शर्मा, नेपाल निवासी विनोद सिंह और पारा काशीराम कालोनी के प्रियांशू को सोमवार को पकड़ा। दीपक ने बताया कि विनोद लखनऊ में मानक नगर के मेंहदीखेडा में किराए के मकान में रहता है। उसके साथ वाहन चोरी शुरू की। इसके बाद प्रियांशू भी जुड़ गया। पूछताछ में दीपक ने बताया, हम लोग लोकबंधु और शहर के अन्य अस्पतालों के बाहर से वाहन चुराते है। क्योंकि तीमारदार मरीज की दवाई और जांच में व्यस्त होने के चलते देर तक बाइक पर ध्यान नहीं देते थे। इतनी देर में बाइक चुराकर ठिकाने लगा दी जाती है। गिरफ्तारी के समय तीनों चोरी की स्कूटी पर जा रहे थे। जो 4 दिन पहले रात में लोक बन्धु अस्पताल की इमरजेंसी के पास चुराई गई थी। वाहनों का लॉक तोड़ने के लिए एक मास्टर की का इस्तेमाल करते थे। उसके बाद चोरी के वाहनों को कांशीराम कालोनी के पीछे झाड़ियों में छिपा देते थे।

# बीकेटी के बन्नौर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

## मृतक महिला के मां व भाई ने ससुराल वालों पर हत्या लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। बीकेटी, लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी क्षेत्र के बन्नौर गांव में नवविवाहिता का संदिग्ध अवस्था में शव घर में पड़ा मिला। बता दें कि घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बीकेटी पुलिस को सूचना दी। वहीं घटना के बाद पति सूरज घर से फरार हो गया और बीकेटी पुलिस को मृतिका के शरीर पर चोट और नाखून के निशान मिले हैं। मृतक प्रतिभा की दो माह पहले इटौंजा थाना क्षेत्र के असनहा गांव निवासी स्वर्गीय राम दुलारे की बेटी प्रतिभा से सूरज का विवाह हुआ था। वहीं मृतिका के भाई संजय पुत्र स्व राम दुलारे निवासी ग्राम असनहा ने बीकेटी थाने पर बहन की हत्या का आरोप लगाकर तहरीर पुलिस को दी है। भाई संजय ने बताया कि बहन प्रतिभा की शादी सूरज पुत्र रामचंद्र ग्राम बन्नौर में 3.5.2023 को की थी, भाई ने अपनी क्षमता के अनुसार बहन की शादी की थी। संजय ने बताया कि सूरज के पिता रामचंद्र व सास मेरी बहन प्रतिभा को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। वहीं संजय ने बताया कि मुझसे प्रतिभा के ससुराल वाले 500000 की मांग करते थे धनराशि हम देने में असमर्थ थे इसीलिए मेरी बहन प्रतिभा को मार दिया और सभी लोग घर से भाग गए हैं। भाई संजय ने पुलिस को लिखित शिकायत करके न्याय की गुहार लगाई हैं। वहीं बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद तिवारी ने बताया कि मृतक महिला के भाई की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया हैं इस पूरे मामले में पुलिस कठोर कार्यवाहीं कर रही हैं। जल्द ही सभी सलाखों के पीछे होंगे।

# लोहिया संस्थान के मेडिकल छात्रों का प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में सोमवार सुबह जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। संस्थान के प्रशासनिक भवन के बाहर में 2017 बैच के एमबीबीएस छात्रों ने जोरदार नारेबाजी की। गुस्साए छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान मेन रोड कर दिया। देखते ही देखते हाईकोर्ट और इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने की रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस बीच रोड ब्लॉक करके बड़ी संख्या में छात्र सड़क पर भी बैठकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान संस्थान के प्रशासनिक अफसरों ने छात्रों को किसी तरह समझा बुझाकर मनाने की कोशिश की पर छात्र माने नहीं। 6 साल बाद भी एमबीबीएस डिग्री की मान्यता न होने के कारण छात्र भड़के थे।

# सहकार भारती उ.प्र. द्वारा मनाया गया मछुआरा दिवस

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के दारूरसफा स्थित सहकार भारती उ.प्र. (मत्स्य प्रकोष्ठ) कार्यालय पर सोमवार को राष्ट्रीय मछुआरा दिवस मनाया गया द्य इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र उपाध्याय तथा कैलाश नाथ निषाद प्रदेश प्रमुख सहकार भारती मत्स्य प्रकोष्ठ/ राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य/ प्रभारी उ.प्र., उत्तराखंड ने सहकार भारती के संस्थापक स्व. लक्ष्मणराव इनामदार जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया द्य इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मत्स्य पालन की बहुत संभावनाएं हैं द्य हमारा मत्स्य प्रकोष्ठ तकनीकी जानकारी देकर मत्स्य पलकों को मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री मत्स्य संविदा योजना एवं मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ दिला कर उन्हें आर्थिक रूप से संपन्न करने का कार्य कर रहा है। वहीं कैलाश निषाद ने 10 जुलाई 2023 को देश के समस्त मछुआरों एवं देशवासियों को राष्ट्रीय मछुआरा दिवस पर शुभकामनाऐं दी द्य उन्होंने कहा कि आज ही के दिन देश के दो वैज्ञानिक डॉ के. एच. एलिकुन्ही और डॉ. हीरा लाल चौधरी ने सन् 1957 में ओडिशा के कटक में सीआईएफआरआई जो वर्तमान में सीआईएफए भुनेश्वर है द्य इन वैज्ञानिको ने मछली में प्रेरित प्रजनन तकनीक (हाइपोफिजेशन) का सफलतम आविष्कार किया। जिसमें इंजेक्शन के माध्यम से मछली से अंडे का प्रजनन किया। साथ ही इंडियन मेजर का कार्प (रोहू, कतला, नैनी, ग्रास) आदि मछलियों की नई नस्ल का आविष्कार किया । इन्हीं दोनों महापुरूषों को याद कर 10 जुलाई को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मछुआरा दिवस मनाया जाता है।




# इटौंजा पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

## पुलिस ने हरे नीम के पेड़ काटने पर की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के जमखनवां गांव में एक व्यक्ति ने बिना परमिशन के हरे नीम के पेड़ को काट दिया। बता दें कि ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची इटौंजा पुलिस वरिष्ठ उपनिरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी, कांस्टेबल अजय कुमार ने रामखेलावन पुत्र स्व0 कल्लू निवासी ग्राम जमखनवां का पुरवा उम्र करीब 42 को घर से गिरफ्तार कर लिया। वही इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति ने प्रतिबंधित हरे नीम के पेड़ को काट दिया था नीम की लकड़ी पुलिस ने बरामद कर व्यक्ति को गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाहीं की गई है।



# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# प्राकृतिक आपदा में अर्ली वार्निंग सिस्टम की बढ़ती विश्वसनीयता

**ग्लोबल कमीशन ऑन एडेप्टेशन की माने तो मौसम खराबे की चेतावनी देने वाला सिस्टम लोगों की जान बचाने में सहायक होता है। आयोग तो यहां तक मानता है कि 24 घंटे पहले भी चेतावनी मिलती है तो अन्य नुकसान को भी 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। हांलाकि लाख प्रयासों के बावजूद एक मोटे अनुमान के अनुसार 2015 से 2021 के दौरान प्रति वर्ष औसतन 33 अरब डॉलर प्राकृतिक आपदाओं के कारण नुकसान के भेंट चढ़ जाते हैं। हालांकि यह बड़ी राशि है पर पूर्व चेतावनी के चलते इसमें लगातार कमी होती जा रही है।**

इसमें कोई दोराय नहीं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते प्राकृतिक आपदाएं अब अधिक होने लगी है। आए दिन दुनिया के किसी न किसी कोने में कोई न कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा देखने को मिल जाती है। समुद्री तूफान, जंगलों में दावानल व भूकंपों की फ्रिक्वेंसी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में आज अर्ली वार्निंग सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ी है। कुछ दिन पहले बिपरजॉय चक्रवात से हम रूबरू हो चुके हैं। सबसे अच्छी बात यह रही कि बिपरजॉय चक्रवात के आने का समय, उसकी चाल और गति से लेकर उसके फैलाव व प्रभाव क्षेत्र की पूर्व जानकारी मिलने से जनहानि लगभग शून्य रही है। प्राकृतिक आपदा के प्रबंधन का इससे बेहतर उदाहरण देखने में लगभग नहीं के बराबर है। आखिर यह सब इसलिए संभव हो पाया कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा समय पर सटीक जानकारी दी गई और इस जानकारी के आधार पर आपदा प्रबंधन के व्यवस्थित व योजनावद्ध प्रयास हो सके जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए और जनहानि से बचाने में बड़ी सफलता प्राप्त हो सकी। यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि एक समय था जब आपदा प्रबंधन के हालात अच्छे नहीं होने के कारण जनहानि अधिक होती थी। फिर धनहानि की तो भरपाई की जा सकती है पर जलहानि की भरपाई किसी भी तरीके से संभव नहीं है। देश में 2013 के फैलिना तूफान से लेकर, हुदहुद, वरदा, फैनी, अम्फान, ताउते व बिफरजॉय तूफान तक 11 बड़े चक्रवती तूफान आ चुके हैं। दरअसल बिफरजॉय तूफान के सुपर साइक्लोन होने के कारण भारी जन-धन हानि होने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। यही कारण है कि करीब एक लाख लोगों को गुजरात के तटीय इलाकों खासतौर से मांडवी व आसपास के क्षेत्र से सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। लोगों को सचेत किया गया। पल-पल की जानकारी साझा की जाती रही। लगभग 100 ट्रेनों के फेरे रद्द किए गए या उनकी राह बदली गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्र सरकार के मंत्रीगण, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत न केवल स्थिति पर नजर रखे रहे अपितु उच्चस्तरीय बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करते रहे। हांलाकि कुछ साल पहले मौसम विभाग के पूर्वानुमानों को मजाक के रूप में लिया जाता था। चाइनीज उत्पादों को लेकर यह मान्यता है कि चले तो चले, नहीं तो शाम तक भी चले तो कोई बड़ी बात होगी। लगभग यही छवि मौसम विभाग के पूर्वानुमानों को लेकर होती थी। पर आज हमारे मौसम विभाग ने पूर्वानुमानों के आकलन की सबसे बेहतरीन आकलन माना जा सकता है। पिछ्ले दो-तीन साल से मौसम विभाग ने अपनी छवि को न केवल बेहतर बनाया है अपितु मौसम विभाग के पूर्वानुमान खरे उतर रहे हैं। देश में पिछ्ले दो-तीन साल में आये चक्रवाती तूफानों की मिनट-मिनट की सटीक जानकारी ने जनहानि को इस साल शून्य स्तर तक पहुंचा दिया है। दरअसल विश्व मौसम विज्ञान संगठन और भारत के संदर्भ में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान सटीक होने से बड़ा लाभ मिला है। हालांकि जब तेज तूफान आते हैं तो बिजली व अन्य पोल, पुरानी बिल्डिंग, पेड़-पौधों और अन्य संरचनात्मक ढांचों का नुकसान होना स्वाभाविक है। तेज हवाओं से या तेज बरसात से नदी-नालों में उफान और बाढ़ जैसे हालात होना अपने आप में नई बात नहीं है। आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों का मानना है कि समयपूर्व सूचना से जिस तरह से जनहानि को न्यूनतम स्तर पर लाने में सफलता मिली है ठीक इसी तरह से अन्य नुकसान को रोका तो नहीं जा सकता पर उसे कम किया जा सकता है।

## एक्सप्रेस आलेख

**राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते–पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1.3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिये जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने–धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है।**

# अनेक समस्याओं की जड़ है बढ़ती आबादी



योगेश कुमार गोयल

**राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि सम्पन्न महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है।**

भारत की आजादी के समय देश की आबादी 36 करोड़ थी, जो बढ़कर 143 करोड़ हो चुकी है। 2019 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि 2024 तक भारत और चीन की जनसंख्या बराबर हो जाएगी और 2027 में भारत चीन को पछाड़कर विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाएगा लेकिन भारत इसी साल दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन चुका है। जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को 'विश्व जनसंख्या दिवस' मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं। बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम 'ऊंट के मुंह में जीरा' ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। हकीकत यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल नहीं हो सकती थी। आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 फीसदी आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है। देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें किसी भी दृष्टि से तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिये से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दम्पत्तियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है। जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी 'वन चाइल्ड पॉलिसी' को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी है लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।

**राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते–पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1.3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा।**



## एक्सप्रेस कविता

*हर एहसास दिल में न दबा देना तुम,*
*होठों से जरा तिरछा मुस्कुरा देना तुमद्य*
*ये तो दिल की लगी है, न घबराना,*
*आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।*
*नया नया रूप है तुम्हारे जीवन का,*
*न सम्भले तो बहक न जाना तुम।*

*आ जाओ जरा सूरज की रोशनी में,*
*भले रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,*
*रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,*
*हमें राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।*
*हमे देख छुपने की अदा बड़ी प्यारी,*
*सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।*
*जज्बातो के एहसास पुराने हमारे,*
*दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*अगर हमें अपनी सफलता के रास्ते में निराशा हाथ लगती है इसका मतलब यह नहीं है कि हम कोशिश करना छोड़ दें क्योंकि हर निराशा और असफलता के पीछे ही सफलता छिपी होती है।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 18:05 तक |
| नक्षत्र: | अश्विनी 19:04 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | सुकर्मा, 10:52 |
| सूर्योदय: | 05:32 |
| सूर्यास्त: | 19:20 |
| चंद्रमा: | मेष राशि में |
| राहुकाल: | 15:53-17:36 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | सावन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:03-12:51 |

## जन एक्सप्रेस

### मर रहे हैं लोग !

*थम रही ना हिंसा ।*
*मर रहे हैं लोग ।।*
*कर रही सरकार अब ।*
*समय का उपयोग ।।*
*होता जब चुनाव है ।*
*चली जाती जान ।।*
*शायद इसको कहते हैं ।*
*कार्य कुछ महान ।।*
*रक्तपात पसंद है ।*
*फर्क न पड़ने वाला ।।*
*इसी बल पर आगे भी ।*
*लाना और उजाला ।।*
*इसी तरह से राह अब ।*
*है करना आसान ।।*
*झोंके पूरी ताकत ।*
*लगा देंगे जान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# रोज सुबह योगर्ट खाने से शरीर को मिलते हैं कई बेमिसाल फायदे

**सुबह** का ब्रेकफास्ट दिन का सब से जरुरी मील होता है। ब्रेकफास्ट शरीर को ताकत देने के साथ दिनभर के लिए ऊर्जा भी देता है। हेल्दी ब्रेकफास्ट शरीर को स्वस्थ रखने के साथ बीमारियों से भी बचाता है। बहुत से लोग ब्रेकफास्ट में चाय का सेवन करते हैं। ब्रेकफास्ट में चाय पीने से शरीर को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। ऐसे में नाश्ते में योगर्ट खाना शरीर के लिए फायदेमंद हो सकता है। योगर्ट पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ शरीर के लिए बहुत हेल्दी होता है। इसको खाने से हड्डियां मजबूत होने के साथ पाचन-तंत्र में होने वाली समस्याएं भी दूर होती हैं। योगर्ट में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे सोडियम, पोटेशियम, फाइबर, प्रोटीन, आयरन, विटामिन बी6 और विटामिन सी। इसको नियमित खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और वजन भी नहीं बढ़ता है। यह आसानी से पचने के साथ पेट में गैस, कब्ज और एसिडिटी की समस्या को भी दूर करता है।



**पाचन-तंत्र के लिए फायदेमंद:** रोज सुबह नाश्ते में योगर्ट खाने से पाचन-तंत्र से जुड़ी कई समस्याएं दूर होती हैं। इसमें पाए जाने वाले प्रोबायोटिक्स गट हेल्थ की परेशानियों को दूर करते हैं। इसके सेवन से पेट में कब्ज की परेशानी दूर होती है और मल त्याग में आसानी होती है। योगर्ट पोषक तत्वों के अवशोषण में सहायता करता है और शरीर को स्वस्थ रखता हैं।

**वजन कम करने में मददगार:** अगर आप भी अपने बढ़ते वजन से परेशान है, तो रोज सुबह ब्रेकफास्ट में योगर्ट का सेवन करें। इसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरकर रखता है। जिससे आप अतिरिक्त खाने से बच जाते हैं। वहीं प्रोटीन को पचाने के लिए अधिक ऊर्जा की भी आवश्यकता होती है, जिसके कारण अधिक कैलोरी बर्न होती है और वजन कम करने में मदद मिलती है।

**इम्यूनिटी को मजबूत करे:** योगर्ट को रोज सुबह ब्रेकफास्ट में खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। इसमें मौजूद प्रोबायोटिक्स शरीर की एंटीबॉडीज बढ़ाते हैं और इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं। योगर्ट खाने में स्वादिष्ट होने के साथ मौसमी बीमारियों से भी शरीर की रक्षा करता है।

**हड्डियों को मजबूत करे:** योगर्ट के सेवन से हड्डियों को मजबूत करने में भी मदद मिलती है। इसमें भरपूर मात्रा में कैल्शियम और विटामिन डी पाया जाता है, जो हड्डियों को स्वस्थ रखने के साथ ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को भी कम करते हैं। इसके सेवन से हड्डियों में होने वाला दर्द भी कम होता है।

**हार्ट के लिए फायदेमंद:** योगर्ट को ब्रेकफास्ट में शामिल करने से हार्ट हेल्दी रहता है। इसमें पाए जाने वाला सोडियम और पोटेशियम हार्ट में होने वाली बीमारियों से भी बचाता हैं। यह स्वादिष्ट होने के साथ हार्ट को स्वस्थ रखता है। इसको रोज सुबह नाश्ते में खाया जा सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# अमृतकाल का सकारात्मक भारत



प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

**यह वैश्विक चेतना ही उसे समावेशी, सरोकारी, आत्मीय और लोकतांत्रिक बना रही है। लोगों का स्वीकार और उनके सुख का विस्तार भारत की संस्कृति रही है। वह अतिथि देवो भव: को मानता है और आंक्राताओं का प्रतिकार भी करना जानता है। अपनी परंपरा से जुड़कर वैश्विक सुख, शांति और साफ्ट पावर का केंद्र भी बनना चाहता है।**



**नीति आयोग के पूर्व सीईओ श्री अमिताभ कांत की सुनें तो 2070 तक हम बाकी दुनिया को 20–30 प्रतिशत वर्कफोर्स उपलब्ध करवा सकते हैं और यह बड़ा मौका है। ऐसे अनेक विचार भारत की संभावनाओं को बता रहे हैं। अपनी अनेक जटिल समस्याओं से जूझता, उनके समाधान खोजता भारत अपना पुन: आविष्कार कर रहा है। जड़ों से जुड़े रहकर भी वह वैश्विक बनना चाहता है।**

**2014** के बाद एक आत्मविश्वास हर भारतवासी में आया है, जो कुछ समय पहले तक अवसाद और निराशा से घिरा था। भरोसा जगाने वाला यह समय हमें जगा कर कुछ कह गया और लोग राष्ट्रनिर्माण में अपनी भूमिका को रेखांकित और पुनःपरिभाषित करने लगे। 'इस देश का कुछ नहीं हो सकता' से 'यह देश सब कुछ कर सकता है' तक हम पहुंचे हैं। यह आकांक्षावान भारत है, उम्मीदों से भरा भारत है, अपने सपनों की ओर दौड़ लगाता भारत है। लक्ष्यनिष्ठ भारत है, कर्तव्यनिष्ठ भारत है। यह सिर्फ अधिकारों के लिए लड़ने वाला नहीं बल्कि कर्तव्यबोध से भरा भारत है। सही मायनों में यह भारत का समय है। भारत में बैठकर शायद कम महसूस हो, किंतु दुनिया के ताकतवर देशों में जाकर भारत की शक्ति और उसके बारे में की जा रही बातें महसूस की जा सकती हैं। सांप-संपेरों के देश की कहानियां अब पुरानी बातें हैं। भारत पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत के रूप में विश्व मंच पर अपनी गाथा स्वयं कह रहा है। अर्थव्यवस्था, भू-राजनीति, कूटनीति, डिजिटलीकरण से लेकर मनोरंजन के मंच पर सफलता की कहानियां कह रहा है। सबसे ज्यादा आबादी के साथ हम सर्वाधिक संभावनाओं वाले देश भी बन गए हैं, जिसकी क्षमताओं का दोहन होना अभी शेष है। भारत के एक अरब लोग नौजवान यानी 35 साल से कम आयु के हैं। स्टार्टअप इकोसिस्टम, जलवायु परिवर्तन के लिए किए जा रहे प्रयासों, कोविड के विरुद्ध जुटाई गई व्यवस्थाएं, जी 20 के अध्यक्ष के नाते मिले अवसर, जीवंत लोकतंत्र, स्वतंत्र मीडिया हमें खास बनाते हैं। चुनौतियों से जूझने की क्षमता भारत दिखा चुका है। संकटों से पार पाने की संकल्प शक्ति वह व्यक्त कर चुका है। अब बात है उसके सर्वश्रेष्ठ होने की। अव्वल होने की। दुनिया को कुछ देने की। नया भारत अपने सपनों में रंग भरने के लिए चल पड़ा है। भारत सरकार की विकास योजनाओं और उसके संकल्पों का चतुर्दिक असर दिखने लगा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, अटक से कटक तक उत्साह से भरे हिंदुस्तानी दिखने लगे हैं। जाति, पंथ, भाषावाद, क्षेत्रीयता की बाधाओं को तोड़ता नया भारत बुलंदियों की ओर है। नीति आयोग के पूर्व सीईओ श्री अमिताभ कांत की सुनें तो– 2070 तक हम बाकी दुनिया को 20-30 प्रतिशत वर्कफोर्स उपलब्ध करवा सकते हैं और यह बड़ा मौका है। ऐसे अनेक विचार भारत की संभावनाओं को बता रहे हैं। अपनी अनेक जटिल समस्याओं से जूझता, उनके समाधान खोजता भारत अपना पुनः आविष्कार कर रहा है। जड़ों से जुड़े रहकर भी वह वैश्विक बनना चाहता है। उसकी सोच और यात्रा वैश्विक नागरिक गढ़ने की है। यह वैश्विक चेतना ही उसे समावेशी, सरोकारी, आत्मीय और लोकतांत्रिक बना रही है। लोगों का स्वीकार और उनके सुख का विस्तार भारत की संस्कृति रही है। वह अतिथि देवो भवः को मानता है और आंक्राताओं का प्रतिकार भी करना जानता है। अपनी परंपरा से जुड़कर वैश्विक सुख, शांति और साफ्ट पावर का केंद्र भी बनना चाहता है।

# बम-बम भोले, हर-हर महादेव के साथ गुंजायमान हुए शिवभक्त



जन एक्सप्रेस। हरिओम बाजपेई

**बिसवां (सीतापुर)।** बम बम भोले.. जय महाकाल.. हर हर महादेव.. के गुंजायमान स्वर वातावरण मे रविवार से लेकर सोमवार देर रात तक सड़को और मंदिरों मे गूंजते रहे। पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये रविवार शाम को कांवर लेकर जाते कांवड़ियों से पूरा वातावरण केसरिया लग रहा था। देरात तक शिवभक्तों के जत्थे भजनों और धार्मिक गीतों पर नाचते गाते चलते नजर आये। इस बार अधिक मास होने के कारण श्रावण मास में आठ सोमवार पड़ेंगे। बिसवां के प्रसिद्ध शिव मन्दिर पत्थर शिवाला में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिये हजारों की संख्या में कांवड़िया बिसवां से 35 किलोमीटर दूर चहलारी घाट पर पतित पावनी पवित्र घाघरा(सरयू) नदी से जल भरकर पैदल लगभग 35 किलोमीटर की दूरी तय कर सोमवार ब्रम्ह मुहूर्त में बिसवां स्थित पत्थर शिवाला में पहुंचकर भगवान शिव का बड़े ही उत्साह के साथ जलाभिषेक किया। इस बीच जगह जगह समाजसेवियों द्वारा कांवड़ियों के स्वागत में पानी, चाय-बिस्कुट, बूंदी, छोला चावल, पूड़ी सब्जी व खीर आदि जलपान की भी व्यवस्था की गयी थी। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इस बार कांवड़ियों के लिए कांवर ले जाने वाले मार्गों की सफाई करायी तथा जगह जगह ग्राम पंचायत स्तर पर कांवड़ियों के ठहरने और आराम करने के लिये विश्राम स्थल भी बनवाये हैं। ग्राम पंचायत रेवान की ओर से किवानी नदी के तट पर स्थित राधाकृष्ण आश्रम पर कांवड़ियों के लिये एक विश्राम स्थल का पाण्डाल लगवाया गया है। कांवड़ियों को रास्ते में कोई परेशानी न हो इसके लिए सदरपुर और रेउसा थाने की पुलिस थोड़ी थोड़ी दूर पर ही गस्त करती नजर आयी। इस बार कांवड़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कैम्प लगवाये थे जहां से अस्वस्थ कांवड़िया चिकित्सक से निःशुल्क दवाएं भी ले रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष सदरपुर अजय कुमार रावत भारी पुलिस बल के साथ रात्रि भर चुस्ती से गश्त करते नजर आये। एडीशनल एस.पी., उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व तहसीलदार ने भी कांवड़ियों की यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव भी रविवार से सोमवार पूरी रात क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर भ्रमण कर कावड़ियों की सुविधाओं के लिये प्रयास करते रहे। कांवर यात्रा में जहां लोग ट्रैक्टर ट्रालियों, मैजिक, टैक्सी, टैम्पो, करों, जीपों व छोटा हाथी वाहनों से जा रहे थे वहीं भारी संख्या में लोग मोटरसाइकिलों व साइकिलों पर सवार हो निकल रहे थे। सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं, बच्चे व लड़कियां नंगे पैर पैदल यात्रा करते बम भोले,बम बम भोले का जय घोष करते जाते दिखे। रेउसा से लेकर बिसवां के बीच लगभग आधा दर्जन से अधिक जगहों पर पाण्डाल लगाकर श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों को जलपान कराया व प्रसाद वितरित किया।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने श्यामनाथ मंदिर, देव देवेश्वर सहित कावड़ यात्रा के मार्गों का किया निरीक्षण



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा संयुक्त रूप से श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर जनपद सीतापुर नगर स्थित श्यामनाथ मंदिर एवं थाना नैमिषारण्य अंतर्गत देव देवेश्वर मंदिर पर कांवड़ यात्रा एवम् श्रद्धालुओं की सुरक्षा, शांति, कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जायजा लिया गया व ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि कावड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। इसके साथ ही संबंधित स्थलों, मार्गों की साफ सफाई निरंतर की जाय। मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था के साथ साथ अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कावड़ यात्रियों को कोई असुविधा न हो यह सुनिश्चित करें। इसके लिए आवश्यक रूट डायवर्जन के साथ मार्गों पर अव्यवस्था एवं अधिक भीड़ की स्थित न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि घाटों पर भी सुरक्षा के दृष्टिगत सभी प्रबंध कराते हुए आवश्यक सूचनाएं एवं गहरे पानी में न जाने संबंधित चेतावनी प्रदर्शित करें तथा इस संबंध में उद्घोषणाएं भी की जाती रहे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी दिए गए दायित्वों का तैनाती स्थल पर उपस्थित रहकर पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें। इसमें कोई भी लापरवाही न की जाये।

### डीएम व पुलिस अधीक्षक ने पूजा अर्चना कर की लोक कल्याण की कामना

जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने नैमिषारण्य स्थित में देव देवेश्वर मंदिर में निरीक्षण के बाद भगवान शिव की पूजा-अर्चना भी की। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विधि-विधान व मंत्रोचार के साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना की व सभी के सुख शांति की कामना की। उन्होंने देव देवेश्वर घाट का भी निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। सभी शिव भक्तों को मंदिर से लेकर रास्ते में कोई समस्या न हो, इसको लेकर सी0ओ0 से लेकर कोतवाल व थानाध्यक्षों को भी निर्देशित किया गया है। मुख्य मार्गों एवं प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध हेतु लगभग दो हजार पुलिस कर्मियों के साथ अन्य पुलिस अधिकारियों की तैनाती भी की गई है। सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश भी सभी को दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सावन के पहले सोमवार पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## 'छोटी काशी' में बम बम भोले की गूंज, शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़े भक्त

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** छोटी काशी कहे जाने वाले गोला गोकर्णनाथ में सावन के पहले सोमवार पर शिवभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गोकर्णनाथ तीर्थ के पौराणिक शिव मंदिर में तड़के चार बजे से जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों के बीच हजारों भक्तों ने गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर का इतिहास रामायण काल से जुड़ा है मंदिर-शिवालयों की वजह से गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के नाम से विख्यात है। यहां का पौराणिक शिव मंदिर उत्तर भारत के शिवभक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र है। प्राचीन और अद्भुत शिवलिंग की स्थापना पर एक मान्यता प्रचलित है। कि त्रेतायुग में भगवान शिव रावण की तपस्या से प्रसन्न हुए। रावण भगवान शिव को अपने साथ लंका ले जाने लगा। भगवान शिव ने शर्त रखी कि उन्हें रास्ते में कहीं भी रखा तो वह उसी स्थान पर स्थापित हो जाएंगे। शर्त के अनुसार रावण शिव को लेकर लंका की ओर चला। रावण गोला गोकर्णनाथ के पास पहुंचा तो उसे लघुशंका का लगी तो रावण एक चरवाहे को समझा बुझाकर यह शर्त दे कर शिवलिंग देकर लघुशंका के लिए चला गया कि वह इसे भूमि पर नहीं रखेगा। काफी देर तक वापस न आने पर चरवाहे ने शिवलिंग को भूमि पर रख दिया। वापस आए रावण ने शिवलिंग उठाने की कोशिश की, लेकिन उठा नहीं सका। तब से शिवलिंग यहीं विराजमान है।

# कांवरियों को लेकर नगर के प्रमुख मार्गों पर प्रशासन ने की किलेबंदी

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



छोटी काशी गोला गोकरननाथ में साठ दिवसीय सावन मेला शुरू हो चुका है। आज सावन का पहला सोमवार है। आज तक अपेक्षा के अनुरूप कांवरियों और श्रद्धालुओं का आवागमन प्रारंभ नहीं हो पाया है। प्रशासन को उम्मीद है कि पहले सोमवार से श्रद्धालुओं और कांवरियों का गोला नगर में आवागमन शुरू हो जाएगा।

नगर पालिका, पुलिस और प्रशासन ने कांवरियों की संभावित भीड़ का अनुमान लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों पर भारी किलेबंदी की है। एक दर्जन से अधिक स्थानों पर बैरिकेटिंग की गई है। लोहे के पोल स्थाई रूप से लगाकर उनमें छोटे लोहे के फाटक लगाए गए हैं।

नगर के सदर चौराहे से अलीगंज रोड जाने वाली प्रमुख सड़क पर रविवार को ही बैरियर लगाकर बंद कर दिया गया था। मुख्य मार्ग पर रविवार को ही आवागमन बंद होने पर कई लोगों ने इस बात का विरोध किया तब जाकर वह बैरियर खोला गया। लोगों का कहना यह है कि कांवरियों की व्यवस्था करना अलग बात है परंतु आम नागरिकों की सुविधा भी प्रशासन को रखनी चाहिए। आम नागरिकों के आवागमन की परेशानी का भी ख्याल रखा जाए। आम आदमियों को परेशान करने का क्या मतलब है?

वहीं कई लोगों का कहना है कि प्रशासन ने इस बार कई ऐसे स्थानों पर बैरिकेटिंग करा दी है जहां पर वेरीकेटिंग कराने का कोई औचित्य ही नहीं है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि अनावश्यक स्थानों पर लगाई गई बैरिकेटिग तत्काल हटाई जाए ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। सावन मेले की व्यवस्था के लिए बाहर की भारी फोर्स गोला नगर में तैनात है। पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर नजर रखने का दावा कर रही है परंतु अभी श्रद्धालुओं का आवागमन ना होने के कारण पुलिस की सक्रियता कहीं दिखाई नहीं पड़ रही है।

# जलजीवन मिशन के तहत लोगों को किया जागरूक



जन एक्सप्रेस। अख्तर अली

**निघासन खीरी।** राज्य पेय जल एवं स्वक्षता मिशन एवं नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के सौजन्य से गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दूषित जल पीने से लोगों में हो रही बीमारियों और उससे कैसे बचा जाए इसके लिए जलजीवन मिशन अभियान में गांव गांव जाकर लोगों को इसके प्रति सजग किया जा रहा है। शुद्ध और खराब पानी को कैसे परखा जाए और खराब पानी को कैसे शुद्ध किया जाए इसके लिए गांवों में जल शाखिओं को भी नियुक्त किया जा रहा है। ये जल शखियां गांवों में पानी की जांच करने के साथ लोगों को जागरूक भी करेंगी।जलजीवन मिशन से मास्टर ट्रेनर राजेश वर्मा, राधा देवी, कोऑर्डिनेटर उदयराज, कैमरा पर्सन अवनीश त्रिवेदी आदि ने रमियाबेहड़ ब्लॉक की बिंजहा, जंगल मटेरा, चंदैयापुर, खरवहिया, कसावल, गौरिया आदि गांवों में जाकर लोगों को शुद्ध पेय जल के संबंध में लोगों को जागरूक किया। मिशन की टीम ने ग्रामीणों के सामने मेजरिंग सिलेंडर, परख नली, एफटीके किट के माध्यम से प्रयोग कर पानी की जांच कर लोगों को जागरूक किया। ट्रेनर राजेश वर्मा के मुताबिक पानी में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा होने से दांत व हड्डी कमजोर हो जाते हैं। साथ ही अगर पानी आयरन रीजेंट है तो गुर्दा पथरी जैसी बीमारियां लोगों में हो जाती है।टीम ने अलग अलग नलों के पानी की जांच भी की।दूषित पानी को उबालकार पीने की सलाह दी गई साथ ही अन्य कई विधिओं से पानी जांच करने का तरीका भी बताया।

# ऑपरेशन गुड मॉर्निंग के तहत थानाध्यक्ष सिंगाही का अच्छा काम, क्षेत्रवासी ले रहे नाम

जन एक्सप्रेस। अख्तर अली



**निघासन खीरी।** यूं तो कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए खाकी सख्त रवैये के लिए जानी जाती है। लेकिन कुछ पुलिस अफसर ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने नेक कार्यों से जहां समाज में अलग मुकाम हासिल किया है। वहीं खाकी का मान भी बढ़ाया है। हम बात कर रहे हैं थानाध्यक्ष सिंगाही शिवाजी दुबे की जिन्होंने स्पोर्ट में रहकर अपने कला कौशल से जहां संपूर्ण विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। वही पुलिस विभाग में रहकर सामाजिक कार्यों में रुचि के कारण हमेशा खाखी का मान बढ़ाते रहें हैं । ताजा मामला थाना सिंगाही क्षेत्र के संहजना गांव का है, जहां पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के आदेश पर चलाए जा रहे गुड मॉर्निंग अभियान के तहत गांव पहुंचे थानाध्यक्ष सिंगाही शिवाजी दुबे व उनकी टीम की मुलाकात संहजना निवासी रागिनी मौर्या से हुई जिन्होंने पुलिस टीम को बताया कि उनकी मां रामश्री का 3 वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो गया था। जिनका अस्थि विसर्जन उनके भाई द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। जिस पर गंभीरता से विचार करते हुए थानाध्यक्ष सिंगाही शिवाजी दुबे ने तत्काल रागिनी के भाई से मुलाकात की और रागिनी द्वारा अस्थि विसर्जन की इच्छा जाहिर करने पर अस्थि कलश को न सिर्फ रागनी को दिलवाया बल्कि अस्थि विसर्जन में आने वाले खर्च के लिए छात्रा रागिनी मौर्या की आर्थिक मदद भी की। थानाध्यक्ष सिंगाही शिवाजी दुबे के इस नेक कार्य को देखकर ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की। बताते चलें कि थानाध्यक्ष सिंगाही द्वारा थाना खमरिया में थानाध्यक्ष पद पर तैनाती व कोतवाली पलिया में तैनाती के बाद अपने कार्यकाल में अनेकों सामाजिक कार्य करते हुए जनता का दिल जीता। जिसके चलते आज भी लोग उनके कार्यकाल की सराहना कर रहे हैं।

# इंग्लिश मीडियम स्कूल अभिभावकों की जेबों पर लगातार डाल रहे डाका

जन एक्सप्रेस। रिजवान खान



**पलिया कलां खीरी।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर देश के प्रधानमंत्री और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही अभियान चला रहे हो किंतु धरातल पर मौजूद जिले एवं तहसील में तैनात अधिकारी आपने निजी स्वार्थ के चलते बच्चों से जागरूकता अभियान चला कर कागजो में क्षेत्र में चल रहे प्राइवेट स्कूलों तथा मान्यता प्राप्त कालेजो के प्रबंधक से साठ गांठ कर मोटी कमाई कर अपनी जेब भरकर अभिभावक का शोषण कर योगी मोदी के सपनो को कागजो में साकार कर रहे है जिसके चलते तहसील पलिया नगर के समस्त शिक्षण संस्थानों में शिक्षा सत्र आरंभ होते ही सभी क्लासो के कोर्स, ड्रेस चेंज हो जाते हैं और नए सत्र में अपने मन मुताबिक कोर्स की किताबो पर सारा कमीशन जोड़कर प्रिंट कराकर एक दुकान को अधिकृत कर दिया जाता है जो क्लास में उत्तीर्ण हुए बच्चे अपना कोर्स और ड्रेस अपने समकक्ष साथियो में शेयर नही कर सकते। ऐसा कौन सा स्पेशल विषय है जिसको लेकर पुराने कोर्स को कूड़ेदान में फेकने पर बच्चो को मजबूर किया जाता है। इस गोरख धंधे में क्षेत्र के संबंधित विभाग के अधिकारी, शामिल होकर इसका समर्थन कर पूरे समाज का शोषण करते हैं । बिडंबना यह है कि बच्चो के माता पिता इन बातो का विरोध इसलिए नहीं करते क्योंकि उनका विरोध बच्चों के भविष्य को प्रभावित न करे शिक्षा सत्र शुरू होते ही अभी से पूरा संगठित गिरोह सक्रिय हो गया है जो बच्चों के माता पिता को बहला फुसलाकर प्रति बच्चा 500 रूपए कमीशन के साथ अतिरिक्त सुविधा स्कूलों की चौखट चूमते नही थक रहे हैं। शिक्षा विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर संबंधित अधिकारियों को ध्यान देने की आवश्यकता है।

# स्वाबलंबी भारत अभियान से जुड़े लोगों की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन

लखीमपुर खीरी।स्वाबलंबी भारत अभियान से जुड़े लोगों की एक बैठक भाजपा कार्यालय पर हुई। इसमें राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रांत प्रचार प्रमुख डा. आनंद दिक्षित ने स्वावलंबी भारत अभियान के बारे में विस्तार से बताया कि किस प्रकार से इस अभियान को लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने पारंपरिक रोजगार के संसाधनों की ओर युवाओं का ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा कि हम पारंपरिक रोजगार को त्याग कर नए की तलाश में भटक रहे हैं। वहीं दूसरे लोग हमारे वह व्यवसाय अपनाकर कामयाब हो रहे हैं।

यह जिला रोजगार स्वयं करने में मील का पत्थर साबित होगा। देश में युवा शक्ति जो हमारी पूंजी भी है, बेरोजगार भटक रहे हैं। इनके मानसिकता में परिवर्तन लाकर इन्हें ना केवल स्वरोजगार की ओर बढ़ाने का काम किया जाएगा बल्कि दूसरे को भी रोजगार उपलब्ध कराएं ऐसी सोच उनमें पैदा की जाएगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सक्षम के जिला संयोजक सुनील कुमार तोमर, व्यापार मंडल के पदाधिकारी उमेश शुक्ला, अनूप कुमार अग्रवाल, रामू स्वदेशी, सूर्यमणि मिश्र, पवन कुमार अग्रवाल, विनय गुप्ता, प्रतिमा सिंह भदौरिया ने भी अपने विचार रखे।

बैठक में प्रमुख रूप से किसान उत्पादक संगठन बनाने पर जोर दिया गया।

इसी के साथ युवाओं को रोजगार देने वाला बनाने के लिए प्रेरित करने का दायित्व सभी से उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नौकरी करने वाला व्यक्ति अपने अधीनस्थों को कुछ नहीं दे सकता। जबकि व्यापार करने वाला कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों को व्यापारी बना सकता है।

# बहुप्रतीक्षित बाईपास का निमाण कार्य हुआ शुरु, लोगों मे दौड़ी ख़ुशी की लहर

जन एक्सप्रेस। श्रीश रस्तोगी



**महमूदाबाद (सीतापुर)।** नागरिकों को नगर में प्रतिदिन लगने वाली जाम से निजात दिलाने के साथ विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिये क्षेत्रीय सांसद व विधायक का प्रयास रंग लाया। लम्बे से अधूरे पड़े बाईपास निर्माण का कार्य पुनः शुरू हुआ। बाईपास निर्माण का कार्य शुरू होने से नागरिकों में खुशी देखी गयी। बाईपास निर्माण पर ग्रहण लगा रहे अधिग्रहित भूमि के मालिकों ने वर्ष 2013 के भूमि मूल्य पर मुआवजे की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका डाली थी। जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया, जिससे बाईपास की सौगात क्षेत्रवासियों को शीघ्र ही मिलेगी। महमूदाबाद कर्बला के पूरब से मोतीपुर चौराहे के पास बाराबंकी लखीमपुर जनपद को जोड़ने वाले एनएच 727 तक बाईपास निर्माण के लिए वर्ष 1989 में प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिज़्वी ने काम शुरू कराया था किंतु अधिग्रहित भूमि के मालिकों ने मामला न्यायालय में लंबित कर बाधित कर दिया था। बनने वाले बाईपास में असफर्की लाल, भोला प्रसाद, रफीक अहमद, अनिल यादव ने जनप्रतिनिधियों द्वारा चालू वर्ष में जब पुनः निर्माण कार्य शुरू कराया तो मुआवजे की आस लगाए पीड़ित किसानों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और याचिका दायर करते हुए वर्ष 2013 की भूमि मूल्य के आधार पर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। न्यायालय ने वर्ष 1989 में अधिग्रहित भूमि के अन्य किसानों को मिले मुआवजे के आधार पर ही मुआवजा दिए जाने की बात कहते हुए याचिका खारिज कर दी। इस संबंध में उपजिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 1989 में हुए जमीन अधिग्रहण में जिन किसानों ने मुआवजा नहीं लिया था उनका धन ट्रेजरी में जमा है, जिसे उक्त किसान विधिक प्रक्रिया से प्राप्त कर सकते हैं। बाईपास निर्माण हो जाने से नागरिकों के साथ क्षेत्रवासियों को नगर में रोज लगने वाली भीषण जाम से निजात मिलेगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अन्नपूर्णा सेवा संस्थान के तत्वावधान में हुई काव्य गोष्ठी

जन एक्सप्रेस/सीतापुर। अन्नपूर्णा साहित्य संगम की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन संस्थान संरक्षिका पुष्पा अवस्थी के संरक्षण में हुआ, कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक मिश्र ने की तथा संचालन रामकिशोर श्रीवास्तव के द्वारा किया गया, शहर के मोहल्ला तरीनपुर ऊंचा टीला निकट हरदोई चुंगी स्थित जागेश्वर निवास पर यासीन इब्ने उमर के संयोजन में आयोजित काव्य गोष्ठी का शुभारंभ जीएल गांधी की वाणी वंदना से हुआ। सावन मास के शुभ आगमन पर गोष्ठी में प्रस्तुत रचनाओं में विविध रंगो व रस देखने को मिले, कवियों ने अनेक विषयों पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर पुष्पा अवस्थी, अशोक मिश्र, महफूज रहमानी, केपी मिश्र, डॉ सतीश चंद्र वर्मा, एपी गौतम, जीएल गांधी, सुमन मिश्रा, रियाजउद्दीन रियाज़, गीता किशोर श्रीवास्तव, रौनक सीतापुरी, आलोक कुमार, सुधांशु त्रिवेदी, गुड्डू चक्रवर्ती, लवकुश, बृजेश मिश्रा आदि ने काव्य पाठ किया तथा अजय श्रीवास्तव, प्रगति बाजपेई, कान्हा बाजपेई आदि श्रोता के रूप में उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्र गान के साथ सभा का समापन हुआ।



### दुधवा नेशनल पार्क का स्वागत बोर्ड कराया गया नवीनीकरण

जन एक्सप्रेस/भीरा-खीरी। नगरपंचायत भीरा में पलिया राजमार्ग तिराहे पर दुधवा नेशनल पार्क, किशनपुर वन्य जीव का स्वागत बोर्ड लगा हुआ था जो काफी जर्जर हो गया था। जिससे राजमार्ग पर निकलने वाले राहगीरों के लिए जोखिम बना हुआ था और दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी किशनपुर संेचुरी मोहम्मद अय्यूब ने बोर्ड को नवीनीकरण करवाकर यथा स्थान पर लगवा दिया है। पर्यटकों व राहगीरों को स्वागत बोर्ड लगने से दुधवा नेशनल पार्क,किशनपुर संेचुरी के बारे में तथा दूरी का अनुमान लग जाता है। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी किशनपुर, वन्य जीव रक्षक शैलेंद्र,वन दरोगा राघवेंद्र कुमार गौतम मय स्टाफ मौजूद रहे।



### कावड़ियों की सुरक्षा में अलर्ट पर रहीं पुलिस टीमें

जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी। थाना मोहम्मदी की पुलिस चौकी रेहरिया के चौकी इंचार्ज अभिषेक पांडे व समस्त पुलिस टीम के द्वारा गोला मोहम्मदी रोड पर आने जाने वाले कावड़िया भक्तों की सुरक्षा में गोमती मोड़ से कठिना पुल मोड़ तक पुलिस टीम अलर्ट रहीं। व्यवस्था में लगे रहे वही चले सावन महीने में सुबह से भक्तों का जत्थों रोड पर निकलना बना रहा वही बम भोले के नारे गूंजते रहें।इस मौके पर रेहरिया चौकी इंचार्ज अभिषेक पांडे,हेड कांस्टेबल राजेश सिंह,हेड कांस्टेबल विजय सिंह,कांस्टेबल नीरज यादव,कांस्टेबल रवि खुराना,कांस्टेबल आयुष शर्मा, कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल अमन राय व समस्त पुलिस फोर्स तैनात रहा।



### मासूम को फ्रिज में बैठे सांप ने डसा, मौत

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी/भीखमपुर। फ्रिज में बैठे एक साप ने डस मासूम को डस लिया। इलाज को ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव तकिया निवासी सुशील की पुत्री पंछी देवी अपनी माता स्वमेन्द्री देवी के साथ ननिहाल मितौली क्षेत्र के गांव पियरा झाला के रहने वाले कन्हैया लाल के यहांआई थी। बताते है कि फ्रिज में बैठे साप ने उसे डस लिया। इसी दौरान फ्रिज में बैठे सांप ने पंछी को डंस लिया। परिजन आनन फानन में प्राइवेट वाहन से इलाज को अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना घर पहुंचे ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों व परिजनों ने काफी मशक्कत से सांप को फ्रिज से बाहर निकाला। मृतक मासूम का पिता सुशील हरियाणा में मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। सुशील की तीन बेटियों में मृतक पंछी देवी (10) सबसे बडी थी। अब उसकी बेटी संध्या (6) व अनामिका (3) शेष बची है।

### संपूर्णानगर बॉर्डर पर प्रतिबंधित सामान की हो रही तस्करी

जन एक्सप्रेस/पलियाकलां खीरी। संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजूरिया,रानीनगर,बसही, सुमेरनगर, घोला आदि बॉर्डरों से प्रतिदिन भारत से खाद, चीनी, हॉर्डवेयर, इलेक्ट्रानिक सामान, डीजल, किराना आदि सामानों की तस्करी तस्करों द्वारा जमकर की जा रही है। वहीं नेपाल से खुकरी, करनाली शराब,आदि सामानों को तस्करो द्वारा लाया जाता है। खाद तस्करों द्वारा संपूर्णानगर गदनिया पटीहन पलिया आदि जगहों से ट्रेक्टर ट्राली व ई रिक्शा से खाद को बॉर्डर के घरों में डंप कर शाम को मौका मिलते ही नेपाल को पार कर दिया जाता है। सोचनीय विषय है कि। बॉर्डर पर तैनात कस्टम पलिया, पुलिस, एस एस बी, सहित गुप्तचर एजेंसियों की फौज मुस्तैद रहते हैं फिर भी तस्करो के हौसले बुलंद हैं।

### शारदा नदी का जल स्तर बढ़ा, तटीयवासियों की बढ़ीं चिंताएं

जन एक्सप्रेस/भीरा-खीरी। ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के अंतर्गत ढकिया गांव के समीप बह रही शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी के किनारे बसे गांव वालों को बाढ़ की चिंता सताने लगी है। प्रशासन की तरफ से कोई गतिविधि न दिखाई देने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। बताते चलें विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत शाहपुर के गांव ढकिया के पास बह रही शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। ग्रामीण भुलई,गयाप्रसाद,बाबू ,रामचंद्र ,श्याम व करन आदि के घर शारदा नदी के मुहाने पर हैं जिससे ये लोग भयभीत हैं जबकि कई वर्षों से शारदा नदी द्वारा कटान व बाढ़ से इन लोगों की जमीनें व घर नदी में समा गए हैं। हालांकि शासन प्रशासन द्वारा बाढ़ से निपटने के लिए भरकस प्रयास किए जाते हैं पर शारदा नदी के रौद्र रूप के आगे कुछ प्रयास विफल हो जाते हैं वहीं ग्रामीणों ने बताया कि अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई भी जिम्मेदार सुधि लेने नहीं आया है और न ही कोई कार्य कराया जा रहा है साथ ही यह भी बताया की अभी नदी का जलस्तर इतना नहीं बढ़ा हुआ है परंतु जलस्तर अधिक बढ़ने से यह गांव बाढ़ व कटान के चपेट में आ जाएगा और हम लोगों को घर से बेघर होना पड़ जाएगा। यदि बाढ़ की रोकथाम के प्रयास पहले से शुरू हो जाय तो कुछ हद तक राहत मिल सकती है। ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन के कार्य की ओर टिकी हुई हैं।

# संकट मोचन मंदिर पर चोरों ने किया हाथ साफ

**छत के रास्ते घुसे चोर, मूर्तियों के मुकुट चोरी कर हुए फरार**

**जन एक्सप्रेस । उरई**

झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे 27 स्थित प्राचीन संकट मोचन मंदिर पर चोरों ने दरवाजा काटते हुये राम, जानकी, लक्ष्मण और हनुमान और राधाकृष्ण की मूर्तियों के चांदी का मुकुट पार कर दिये। इस बारे में सुबह तब पता चला जब मंदिर के पुजारी पूजा करने पहुंचे, तो वहां देखा कि सभी मूर्तियों के सिर में लगे चांदी के मुकुट गायब मिले। इसके बाद तो मानो हड़कंप मच गया। आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। लेकिन इस मामले में पुजारी द्वारा अभी तक किसी प्रकार की चोरी की रिपोर्ट थाने में नहीं कराई है। वही यह मामला दो थानों के बीच होने के कारण पुलिस भी असमंजस में बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के झांसी-कानपुर नेशनल हाइवे 27 स्थित संकट मोचन मंदिर का है। रविवार की रात्रि में जब संकट मोचन मंदिर में पुजारी अयोध्या शरण दास रात्रि की करने के बाद मुख्य दरवाजे पर लगी चैनर का ताला बंद कर वह अपने कमरे में जाकर सो गये, तभी देर रात्रि छत के रास्ते चोर मन्दिर में घुस गए। जिनकी भनक तक वहां सो रहे पुजारी को भी नहीं लगी। चोरों ने सबसे पहले मूर्तियों तक पहुंचने वाले गेट की कुंडी को मशीन से काटा। इसके बाद बेखोफ होकर बदमाशों ने हनुमान, राम, जानकी और लक्ष्मण और राधाकृष्ण की मूर्तियों पर सजे चांदी के मुकुट अपने कब्जे में लिये और मौके से फरार हो गए। सोमवार को घटना की जानकारी तब हुई जब पुजारी अयोध्या शरण दास सुबह जागे और दरवाजे के ताले टूटे देखे। साथ ही मूर्तियों पर सजे मुकटों को गायब देखा पैरो तले जमीन खिसक गई। इस घटना के बारे में तत्काल उरई कोतवाली पुलिस को सूचना दी, जो मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।





वही इस चोरी के बारे में मंदिर के पुजारी अयोध्या शरण दास से चोरी की घटना के बारे में जानकारी लेनी चाही, तो वह मुंह फेरते नजर आए और कुछ भी नहीं बताया। साथ ही मंदिर में चोरी की घटना पर अनभिज्ञता जताने लगे। जब उक्त मामले में उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार राठौर का कहना था कि संकट मोचन मंदिर आटा थाने में आता है, इस मामले में आटा थाना प्रभारी द्वारा तथा उरई पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से जांच की जा रही है। फिलहाल मंदिर के मुकुट चोरी होने की बात पुजारी द्वारा नहीं बताई जा रही है, लेकिन दोनों पुलिस टीम इस मामले की जांच कर रही हैं, जिससे हकीकत सामने आ सके। फिलहाल कुछ भी हो संकट मोचन मंदिर के गर्भगृह में विराजित मूर्तियों के मुकुट चोरी होने के बाद नगर में चर्चाओं का बाजार गर्माता नजर आ रहा था।

**पुजारी बोले नही हुई घटना**

आटा। चोरी की सूचना मिलते ही पर पत्रकारों की टीम मौके पर पहुच गई। जहां पर मन्दिर के पुजारी से घटना को लेकर जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने मुंह फेरते हुए मन्दिर में चोरी घटना नहीं होने की बात कही। लेकिन मौजूद लोगों का कहना है कि अगर चोरी नही हुई तो पहले मूर्तियों पर सजे मुकुट थे वह अब गायब हो गए। सवाल उठा कि आखिर पुजारी ने ऐसा क्यों कहा।

## अलग-अलग थानों में मारपीट के पांच मामले हुए दर्ज

**जन एक्सप्रेस । उरई**

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिल्ली नवाज दीपक पुत्र अर्जुन कुशवाहा में कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही ओमकार पुत्र रामपाल ने उसके साथ मारपीट कर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। वही दूसरा मामला नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया खुर्द निवासी महिला आरती पत्नी स्वर्गीय शत्रुघ्न ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही संतोष और 3 नफर लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर गाली गलौज की। वहीं तीसरा मामला चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम विनोरा वैध निवासी उदय वीर सिंह पुत्र हरि चरण ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दीपू पुत्र रामदास निवासी बिनौरा बैध ने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वही शहर कोतवाली क्षेत्र के बेरी बाबा की मजार के पास स्टेशन रोड पर मक्खन पुत्र बलराम निवासी इंदिरानगर ने बताया हिंदू पुत्र अज्ञात और दो अन्य लोगों ने मिलकर उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।वही शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पाठकपुर निवासी सचिन गुप्ता पुत्र अशोक कुमार ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि चक्की उपाध्यक्ष पुत्र अनिल निवासी नया पाठकपूरा और 3 नफर व चार अज्ञात लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी मामलों में जांच पड़ताल कर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

## अनियंत्रित होकर नाले के पार गिरी कार, दंपति व पुत्रों समेत पांच घायल

**जन एक्सप्रेस । कुठौंद**

**बाइक चलाना सीख रही युवतियों को बचाने के प्रयास में हादसा नाले**

जालौन औरैया नेशनल हाईवे के गांव हरसिंगपुर के पास बाइक सवार युवती को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर नाले के पार चली गई। हादसे में कार पर सवार दंपति व दो पुत्रों समेत पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जनपद हरदोई थाना बिलग्राम के गांव दिवाली निवासी अमन पुत्र नन्है 22 वर्ष, कुशनूर 35 वर्ष पत्नी नसीमा सहित अपने दो पुत्र इमरान व साहिद सहित पांच लोग कार पर सवार होकर मुंबई इलाज कराने जा रहे थे। तभी अचानक थाना कुठौंद क्षेत्र के हरसिंगपुर गांव के पास बाइक से जा रही युवतियों को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे बने नाले के उस पार चली गई। जिससे कार पर सवार मां बेटो सहित सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने किसी तरह सभी घायलों को उपचार के लिए पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया।

## बिजली चमकने पर सुरक्षित स्थान पर लें आश्रय : डीएम

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने वज्रपात से बचाव हेतु बताया कि रबर सोल के जूते व टायर वज्रपात से सुरक्षा प्रदान नहीं करते हैं। अतः वज्रपात से बचाव हेतु सुरक्षित स्थान पर रहना ही उचित है। बिजली गिरने व चमकने को खिड़की से न देखें, बादलों की गड़गड़ाहट का तेज व बार-बार होना बड़े खतरे की सूचना है। बादलों की गड़गड़ाहट सुनायी देने पर या बिजली चमकती दिखायी देने पर तुरन्त सुरक्षित स्थान पर आश्रय लें, वज्रपात के दौरान बिजली से चलने वाले मुख्य उपकरण जैसे फ्रिज, कम्प्यूटर, टेलीविजन आदि को विद्युत आपूर्ति लाईन से निकाल दें व मोबाईल का उपयोग न करें।

वज्रपात के स्थिति में नल से होकर आ रहे पानी का उपयोग न करें, पानी के नल में विद्युत प्रवाह हो सकता है। आपातकालीन सेवाओं का फोन नम्बर पास रखें। रेडियो से मौसम की जानकारी लेते रहें, बिजली चमकने की स्थिति में बाहर खुले में रहना सुरक्षित नहीं है अतः तुरन्त सुरक्षित आश्रय में जायें। लम्बे पेड़, खम्बों या घातु की वस्तुओं से दूर रहें। यह वज्रपात को आकर्षित करते हैं। शरीर के बालों का खड़ा होना तथा त्वचा में झुरझुरी महसूस होना बताता है कि आपके आस-पास बिजली गिरने वाली है।

वज्रपात के कारण घायल हो गये व्यक्ति को छूना पूर्णतः सुरक्षित है इससे झटका नहीं लगता है। वज्रपात से घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल लें जायें। कंक्रीट के फर्श पर न लेटे और कंक्रीट की दीवारों का सहारा न लें। बिजली गिरने के दौरान इनमें करंट प्रवाह हो सकता है, अगर आप तालाब, नदी, नहर तथा खेत में सिंचाई कर रहे हों, तत्काल वहाँ से बाहर निकल कर सुरक्षित स्थान पर चलें जायें। बादलों में गड़गड़ाहट होने पर मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। चक्रवात एवं वज्रपात के सन्दर्भ में प्राप्त सही जानकारी को दूसरों तक पहुँचायें।

## अज्ञात कारणों में युवक ने लगाई फांसी, उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगा ली। जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला हमीरपुर के ग्राम रहक थाना चिकासी निवासी चरणदास का 21 वर्षीय पुत्र राघवेंद्र नीट की तैयारी कर रहा था। बताया गया है कि रोज की तरह रविवार की शाम को उसने सभी परिवारीजनों के साथ बैठकर खाना खाया। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। जहां पर उसने कमरे में लगे पंखे के हुक से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उनमें हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों की मदद से परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से उतारा और उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां पर सोमवार की सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना जैसे ही परिवार के लोगों को हुई तो उनमें कोहराम मच गया।

## सपाईयों ने बैठक कर पूर्व मंत्री के निधन पर जताया शोक



**जन एक्सप्रेस । कालपी**

पूर्व मंत्री इंद्रजीत सिंह यादव के देहांत होने पर सपा कार्यकर्ताओं की बैठक में शोक जताते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समाजवादी पार्टी के जिला सचिव इरशाद खान ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मंत्री, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जेडीसी बैंक के पूर्व अध्यक्ष तथा समाजवादी पार्टी के 27 वर्षों तक जिलाध्यक्ष रहे इन्द्रजीत सिंह यादव ने जीवन पर्यन्त दबे कुचले लोगों को मदद पहुंचाने का कार्य किया है। इसलिए उनको जनपद का गांधी पुकारा जाता था। युवा नेता पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि स्व. इंद्रजीत सिंह यादव के राजनैतिक कार्यों से हम सभी लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका 86 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। यह पार्टी के लिए क्षति है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय इंद्रजीत यादव जी के निधन पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश यादव पप्पू जी के निज निवास पर सोमवार को शोक सभा की गई। जिसमें पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं में शिवबालक सिंह यादव, संतराम यादव, राज कुमार चौरसिया, पुष्पेंद्र सेंगर, सभासद प्रतिनिधि राणा आशुतोष यादव, सभासद निजाम खान, गुलाब सिंह यादव, सभासद प्रतिनिधि आशु बाबा, लक्ष्मण यादव, परमू यादव, शिव प्रसाद यादव, प्रवेश यादव, जय प्रकाश धमना, अंकुश यादव सभी ने गहरा शोक व्यक्त किया।

## दहेज एक्ट के दो अलग-अलग मामलों में रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरार खेड़ा निवासी रामप्रकाश पुत्र सदल प्रसाद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि राहुल पुत्र दौलत राम निवासी कमला थाना पूछ जनपद झांसी और 2 नफर व तीन अज्ञात ससुराली जनों ने मिलकर उसकी पुत्री दीपका से अतिरिक्त दहेज की मांग की। जब उसने मांग पूरी नहीं की तो उक्त ससुराली जनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर गाली गलौज की व जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने पति समेत 5 ससुराली जनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही। वही सिरसा कलार थाना में शांति स्वरूप पुत्र चिंतामणि दोहरे निवासी अटागांव थाना माधोगढ़ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शिवम कुमार पुत्र दिनेश कुमार उर्फ मुन्ना निवासी सिरसा कलार और तीन नफर लोगों ने मिलकर उसकी पुत्री अंजली जिसकी उम्र 20 वर्ष को अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर उसकी मृत्यु कर दी। इस पर पुलिस ने दहेज व गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही।

## ससुरालियों ने पुत्रवधू के साथ की मारपीट पुलिस ने पहुंचाया जिला अस्पताल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

**महिला ने किसी तरह पुलिस को सूचना दी**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला डिग्गीताल में बेरहम ससुरालियों ने पुत्रवधू के साथ मारपीट कर दी। जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला डिग्गीताल निवासी रीमा पत्नी अशोक की शादी करीब पांच बर्ष पहले हुई थी, और उसके एक तीन बर्ष की पुत्री नवांशी है। जबकि रीमा का पति शहर के कालपी रोड स्थित रोडवेज डिपो में नौकरी करता है। आरोप है कि शादी के बाद से ही अशोक व उसके परिवार वाले उसे आये दिन छोटी छोटी बात को लेकर परेशान कर उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। इस बात को लेकर मायके वाले भी आये और पंचायत लगाकर समझौता भी कराया जा चुका है।

इसके बाद भी पति व उसके परिवार वालों मे कोई बदलाव नहीं आया। आरोप है कि सोमवार को पति व उसकी मां मुन्नी ने मामूली बात को लेकर महिला की लाठी डण्डों से जमकर मारपीट कर उसका गला दबाकर मारने का प्रयास किया। ससुरालियों द्वारा की गई मारपीट में वह बुरी तरह से घायल हो गयी। तभी महिला द्वारा किसी तरह पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए घायल महिला को डाक्टरी परीक्षण के लिये जिला अस्पताल पंहुचाया। जहां उसकी हालत स्थिर बतायी जा रही है।

## तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना के उपनिरीक्षक वीर बहादुर सिंह झांसी कानपुर हाईवे एट थाना क्षेत्र के अंतर्गत चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने रविंद्र पुत्र राम जी निवासी गढर थाना लिदोरा जनपद टीकमगढ़ मध्य प्रदेश निवासी को गिरफ्तार कर लिया। जब उन्होंने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद उसको जेल मिलती है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजेंद्र नगर में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अधेड़ महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मौके पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी अजय कुमार की 42 वर्षीय पत्नी बेबी की रविवार की रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वहीं मौजूद लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। वही सूचना पर पहुंचे मृतका के जाजेपुरा निवासी भाई ने पुलिस को बताया कि ससुरालियों ने उसकी बहन की हत्या की है। बताया कि मृतका के दो पुत्रियां व एक पुत्र है। मामले में शहर कोतवाल शिव कुमार राठौर का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए किया जागरूक**

## दुर्गा पब्लिक स्कूल आटा में महिला मिशन शक्ति का हुआ कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । आटा/कालपी**

उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाई जा रही महिला सशक्तिकरण योजना के तहत कल शनिवार को दुर्गा पब्लिक स्कूल आटा में महिला मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय महिला पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं तथा अध्यापकों को आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया गया। यह एक सुखद पहल है। यूपी बोर्ड के माध्यमिक स्कूलों में इस सत्र में बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन को ध्यान में रखते शक्ति मंच का गठन किया जा रहा है। वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही महिलाओं/बालिकाओं को जागरुकता सम्बंधी पम्पलेट भी वितरित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक विष्णु पाण्डेय, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य महेश कुशवाहा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## बीमारी की मार झेल रहे फॉलोअर की मौत

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

नगर कोतवाली के मोहल्ला कागजीपुरा में बीमारी की चपेट में आने से फॉलोअर की मौत हो गई। कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला कागजीपुरा निवासी उपदेश कुमार 34 वर्ष आगरा जिले में पुलिस विभाग में फॉलोअर के पद पर तैनात था।

बताया गया है कि वह करीब पिछले दो महीने से बीमार चल रहे था, और कालपी में ही रहकर अपना इलाज करवा रहा था। तभी रविवार देर रात बीमारी के चलते अचानक उसकी हालत बिगड़ी और मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और घर में मची चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले वासियों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। परिजनों ने बताया कि उसके एक वर्ष की एक पुत्री है, उसकी मौत से पत्नी बारिश गौतम सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | कन्वर्शन ऑफ एन.एम.जी. कोचेस इन टू एन.एम.जी.एच. कोचेस (ऑटोमोबाइल कैरियर)। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 7,38,25,499.00 मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 5,19,100/- मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक- 20.07.2023 से 03.08.2023 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा Annexure-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट - www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं. 2023-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू ईनिविदा-19
दिनाँक: 08.07.2023 2119/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## लाइन पर काम करते समय झुलसे लाइन मैन की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़**

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम बदनपुरा में हाईटेंशन लाइन पर काम करते समय अचानक चालू हुई लाइन के कारण लाइनमैन झुलस कर नीचे गिर गया। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल से ग्वालियर से दिल्ली रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

गोहन थाना क्षेत्र के गांव सरावन निवासी जितेंद्र कुशवाहा बिजली बिभाग में लाईनमेन के पद पर कार्यरत है। बताया गया कि बीती 27 जून को आंधी पानी आने से बदनपुरा फीडर की लाइन खराब हो गई थी। जो देर रात लाइन ठीक करने के लिए सिड डाउन लेकर खम्भे पर चड़ गया था। तभी बिजली ठीक करते समय अचानक लाइन चालू होने से वह गम्भीर रूप से झुलस गया था। जिसे ग्रामीणों व परिजनों ने गम्भीर हालत में उठाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में भर्ती कराया था। जिसे अधिक झुलसने के कारण ग्वालियर से दिल्ली रेफर कर दिया था। जिसकी रविवार को देर उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि वह अपने पिता के बड़ा लडका था। घटना के बाद से पिता गोविंद सिंह मां सीमा भाई राघवेन्द्र बहन पारूल समेत अन्य परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है।

## नौ सेक्टर में बॅटा मेला क्षेत्र, कैमरों से होगी निगरानी

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

महादेवा मेले को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। मेला क्षेत्र के अलावा हाईवे व अन्य जगहों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद रहेगी। रविवार को महादेवा के ऑडिटोरियम में एसपी दिनेश कुमार सिंह व एएसपी नॉर्थ आशुतोष मिश्र ने पुलिस के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था के लिए अलर्ट किया। एसपी ने कहा कि लखनऊ सीमा से महादेवा तक चार जोन व मेला क्षेत्र को नौ सेक्टर में बांटा गया है। मंदिर के गर्भगृह में पुरुष व महिला पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगी। मंदिर से लेकर मेला परिसर तक करीब 29 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। गतिविधियों को प्रशासनिक अफसर लाइव भी देख सकेंगे। कोई भी अफसर या कर्मी किसी भी श्रद्धालु से अभद्र व्यवहार नहीं करेगा। उनको समझा कर अच्छे से दर्शन करवाने हैं। यह पुण्य का काम है। एएसपी आशुतोष मिश्र ने बताया कि शिवभक्तों से अपील की जा रही है कि वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से मेले में न आएं। इससे हादसे का खतरा बना रहता है। इस मौके पर एसडीएम अनुराग सिंह, सीओ हर्षित चौहान, बीडीओ अमित त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**चौकाघाट से वाहनों का डायवर्जन**

एसपी ने बताया कि लखनऊ-अयोध्या हाईवे, गोंडा-बहराइच मार्ग पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। बहराइच व गोंडा की ओर से आने वाले बड़े वाहनों का रामनगर के चौकाघाट से बदोसराय जाने वाली रोड पर डायवर्जन कर दिया गया है। भीड़ को देखते हुए अन्य डायवर्जन किए जाएंगे। इसका प्लान तैयार हो गया है।

**लोधेश्वर महादेवा में उमड़ेगा आस्था का सैलाब**

श्री लोधेश्वर महादेव की तीर्थनगरी में आज आस्था का जनसैलाब उमड़ेगा। सावन का पहला सोमवार है। ऐसे में बड़ी संख्या में शिवभक्त भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए जुटेंगे। फतेहपुर तहसील क्षेत्र के भगौलीतीर्थ से लेकर महादेवा तक सड़कें केसरिया रंग में रंगी नजर आ रही हैं। सोमवार को विशेष मुहूर्त में जलाभिषेक करने के लिए रविवार सुबह से ही नंगे पांव चल कर शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।

# सावन के पहले सोमवार पर राम नगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

* लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में लगाई आस्था की डुबकी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



योगी सरकार आने के बाद शांति और सौहार्दपूर्ण से पूर्ण हो रहा तीज त्यौहार वही प्रशासन भी चारों ओर मुस्तैद है भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए योगी सरकार ने जगह जगह पर भक्तों के लिए सुविधाओं का प्रबंध किया है राम नगरी में शिव आराधना के पवित्र माह श्रावण के पहले सोमवार पर भगवान रामनगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब। भोर से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र पावनी मां सरयू में आस्था की डुबकी लगाने के बाद सरयू जल लेकर शिवालय की तरफ बढ़े। हर हर महादेव व जय श्रीराम के नारे से अयोध्या की गलियां गूंज उठीं। मंदिरों में भोर से ही घंटा घड़ियाली की आवाज से अयोध्या भक्तिमय हो उठी। राम की पैड़ी पर स्थित भगवान राम के पुत्र के द्वारा स्थापित प्रसिद्ध नागेश्वरनाथ मंदिर में भोले बाबा के भक्तों की भारी भीड़ जलाभिषेक के लिए लम्बी कतारों में जुटी रही। अयोध्या के अन्य शिव मंदिरों में भारी भीड़ जलाभिषेक के लिए जुटी रही। जलाभिषेक के साथ ही यहां सावन मेला की शुरुआत हो गई है। दूरदराज जनपद से आने वाले श्रद्धालु भी अयोध्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। भारी संख्या में घाटों पर और मंदिरों में श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। एक तरफ जहां राम मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है तो वहीं धीरे-धीरे राम नगरी में श्रद्धालुओं की आमद में बढ़ोतरी हो रही है। सावन के पहले सोमवार के दिन इसकी झलक साफ दिखाई दी। अयोध्या में सावन के पहले सोमवार पर यहां दर्शन पूजन करने आए लाखों श्रद्धालुओं से अयोध्या के घाट व मंदिर पूरे दिन पटे रहे। जयकारों के बीच दर्शन पूजन का कार्यक्रम चलता रहा।

### प्रमुख चौराहों से लेकर गलियों लगाई गई सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी

प्रशासन ने सावन के सोमवार को लेकर राम नगरी में रूट डायवर्जन भी लागू किया है। जिससे श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। घाटों पर पीएसी के जवान और जल पुलिस की तैनाती है। वहीं प्रमुख चौराहों से लेकर गलियों तक में सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।सावन के पहले सोमवार पर बड़ी संख्या में अन्य जनपदों व प्रान्तों से कांवड़ियों का भी आना प्रारंभ हो गया है। नया घाट पर बने कंट्रोल रूम में मण्डलायुक गौरव दयाल, डीएम, एसएसपी व अन्य अधिकारी मौजूद रहकर मेले पर नियंत्रण करते रहे।

# हर-हर से गुंजायमान हुआ लोधेश्वर महादेवा

जन एक्सप्रेस । रामनगर-बाराबंकी



रविवार की देर रात लगभग 12 बजे के बाद अर्धरात्रि में लोधेश्वर मंदिर के कपाट खुलते ही बाबा के पूजन-अर्चन को लाखों भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। सावन के पहले दिन शिव आस्था का ऐसा ऐसा सैलाब की मंदिर परिसर हर-हर बम-बम के उद्घोषों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर के गर्भ गृह में भगवान लोधेश्वर महादेव की शिवलिंग का शिव भक्त जलाभिषेक कर रोली-चंदन अक्षत, बेलपत्र, भांग, धतूरा, मिष्ठान, द्रव्य से पूजन अर्चन कर अपने मनवांछित फल की कामना किया। स्थानीय व दूरदराज के श्रद्धालु लाखों की संख्या में लोधेश्वर महादेव की गर्भ ग्रह में पहुंचकर दर्शन के लिए आतुर रहे।

## पुलिस व प्रशासन रहा मुस्तैद

श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई दिक्कत न हो जिसके लिए जिला अधिकारी अविनाश कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने संपूर्ण मेला परिसर में भारी पुलिस बल सहित प्रशासनिक अमला तैनात किया है। यहां एएसपी उत्तरी आशुतोष मिश्रा व नवागत उप जिलाधिकारी रामनगर देर रात से सुबह तक मेले की सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। जिला अधिकारी अविनाश कुमार के निर्देशों का भी असर मेले में देखा गया और बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेते देखे गए। शनिवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश का असर भी दिखा जिससे मेला परिसर में बैरिकेडिंग, प्रकाश, सीसीटीवी निगरानी, अभरण क्षेत्र में जाल, चेक पोस्टों पर पुलिस की तैनाती सहित अन्य व्यवस्थाओं में सोमवार को असर देखा गया।

## पूरी होती है मान्यताएं

मंदिर में श्रद्धालुओं की कतार में लगे कानपुर से आए श्यामू, मोहनदास, संजय, सुशील, मीनू, रागिनी सहित अन्य भक्तों ने बताया कि वह लोधेश्वर महादेवा को जल चढ़ाने पिछले कई वर्षों लगातार आ रहे है। सर्वप्रथम वह 10 वर्ष पहले आए थे। इनकी मांगी हुई मुराद पूरी हुई है। जिसके बाद से वह परिवार समेत बाबा को जल चढ़ाने आते है।

## साफ-सफाई का दिखा अभाव

लोधेश्वर महादेवा मंदिर परिसर में जहां तहां गंदगी दिख रही थी। सबसे ज्यादा गंदगी मेला परिसर में लगी दुकानों के पास देखी गई। मंदिर परिसर में भी गंदगी मौजूद रही। हालांकि मंदिर सहित संपूर्ण मेला परिसर में लगे विकासखंड रामनगर व सूरतगंज के 120 सफाईकर्मियों द्वारा युद्धस्तर पर सफाई का कार्य किया जा रहा है।

## श्रद्धालु की मौत, लौटे साथी

सोमवार की सुबह बाराबंकी बहराइच हाईवे पर रामनगर कस्बे से पहले कटियारा मोड़ के पास एक अज्ञात बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार ठोकर मारकर फरार हो गया। हादसे में राजीव निगम 28 पुत्र राधेश्याम निगम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उसके साथी उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। जिसके चलते मृतक के सभी साथी बगैर लोधेश्वर को जल चढ़ाए अपने घरों को वापस हो गए। वहीं इस घटना ने हाईवे पर पेट्रोलिंग करने वाले एनएचआई व पुलिसकर्मियों की गश्त की पोल भी खोल दी है।

# शिव मंदिरों पर श्रावण मास के पहले सोमवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

* हर हर वर्ष वसंत नारी से गूंजा वातावरण सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में सावन मास शुरू होते ही चारों तरफ का माहौल भक्तिमय होता दिखाई दे रहा है। पहले सोमवार को ही जिले के सभी छोटे बड़े शिव मंदिरों पर कांवरियों की भारी भीड़ देखने को मिली। सभी स्थानों पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने भी भीड़भाड़ वाले प्रमुख शिव मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को श्रावण मास के प्रथम सोमवार को जिले के छोटे बड़े सभी शिव मंदिरों पर शिव भक्तों का जमावड़ा दिखाई दिया। सुबह से हर हर बम बम के नारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। शिवभक्त अपने आराध्य देव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए भोर सुबह से ही शिव मंदिरों पर पहुंचने लगे, जो क्रम शाम तक जारी रहा। जिले के प्रमुख शिव मंदिरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवर लेकर भी पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। जिला मुख्यालय के झारखंडेश्वर महादेव, रेणुका नाथ महादेव, पोखरान नाथ महादेव, प्रकाशेश्वर नाथ महादेव, जंगलेश्वर नाथ महादेव, उतरौला के नागेश्वर नाथ महादेव मथुरा बाजार के गौरी शंकर मंदिर तथा पचपेड़वा के शिवगढ़ धाम पर कांवरियों की भारी भीड़ दिखाई दी। इन सभी स्थानों पर भोर सुबह से श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक करना शुरू कर दिया। पूरे दिन चले जलाभिषेक कार्यक्रम में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बताते चलें कि इस बार अधिक मास होने के कारण श्रावण मास 59 दिनों तक चलना है, जिसके कारण कुल आठ सोमवार पड़ेंगे। सभी सोमवार के दिन शिव मंदिरों पर भारी भीड़ जुटने की संभावना है, जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट मोड में दिखाई दे रहा है। पुलिस अधीक्षक ने शिवगढ़ धाम सहित कई प्रमुख मंदिरों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# शिवगढ़ धाम पहुंचे पुलिस अधीक्षक, लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने सोमवार को थाना पचपेड़वा क्षेत्र में स्थित शिवगढ़ धाम पर श्रावण मास के प्रथम सोमवार को लगे मेले तथा कांवड़ यात्रा को सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर कावड़ यात्रा के दौरान जनपद में शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए थाना पचपेड़वा क्षेत्र अंतर्गत शिवगढ़ धाम पर लगे मेले का भ्रमण किया। उन्होंने मेले में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना तुलसीपुर क्षेत्र अंतर्गत कावड़ यात्रियों द्वारा जल भरे जाने वाले स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेड़वा व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एलबीएस डिग्री कॉलेज के नए नियंता बने प्रोफेसर राजबहादुर

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद गोंडा जिला मुख्यालय के श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के मुख्य नियंता पद पर सोमवार को प्रो राज बहादुर सिंह बघेल को प्राचार्य प्रोफेसर आर के पांडे द्वारा सत्र 2023-24 के लिए नियुक्त किया गया है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार पांडेय व मीडिया प्रभारी प्रो शिवशरण शुक्ला ने 10 जुलाई को संयुक्त रूप से बताया कि निवर्तमान मुख्य नियंता प्रो श्याम बहादुर सिंह द्वारा निजी कारणों से त्याग पत्र दिए जाने के फलस्वरूप रितु हुए पद पर यह महत्वपूर्ण दायित्व प्रो बघेल को दिया गया है। प्रोफ़ेसर श्याम बहादुर सिंह के मुख्य नियंता बनाए जाने पर पर प्रो अतुल कुमार सिंह, प्रो दीनानाथ तिवारी, डॉ परवेज आलम, अरुण कुमार वर्मा सहित अन्य कई प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने खुशी का इजहार करते हुए प्रो बघेल को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# वृद्धा ने शासन-प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

* विधवा वृद्धा की हो चुकी है बाईपास हार्ट सर्जरी
* भरतलाल मिश्रा नामक व्यक्ति वृद्धा की जमीन पर रखे है बुरी नजर

जन एक्सप्रेस । आचार्य स्कन्द दास



**अयोध्या।** रानीगंज निवासिनी वृद्धा प्रेम शीला पत्नी स्वर्गीय योगेश चंद्र मिश्रा शासन-प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही विपक्षियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। उनका आरोप है कि विपक्षी जबरन उनकी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि उक्त जमीन पर उनका स्टे है। नयाघाट स्थित एक स्थानीय रेस्टोरेंट में मीडिया से मुखातिब होते हुए प्रेमशीला मिश्रा ने बताया कि वह एक वृद्ध महिला हैं। जिनके हार्ट की बाईपास सर्जरी हुई है और उनके पति अब इस दुनिया में नही हैं। जबकि दो लड़के थे, जिनमें एक की मृत्यु हो चुकी है व एक लड़का जीवित है। जो उनके साथ रहता है। विद्याकुंड चौराहे के समीप मुख्य मार्ग पर उनकी लगभग 34 बिस्वा पुश्तैनी जमीन है, जिसमें एक बिस्वा जमीन बेचा है। शेष जमीन पर उन्होंने स्टे ले रखा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त जमीन पर विपक्षी भरतलाल मिश्रा की काफी दिनों से नजर है। जो स्टे होने के बावजूद जमीन पर बार-बार कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। चूंकि विपक्षी बहुत ही सबल है। जो उन्हें बार-बार जान से मारने की धमकी दे रहा है। उन्होंने कई बार इसकी लिखित शिकायत शासन-प्रशासन व उच्चाधिकारियों से किया है। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नही हो रही है। इससे विपक्षियों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। वृद्धा प्रेमशीला मिश्रा ने बताया कि वह सब जगह दौड़-भागकर थक चुकी हैं। लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नही है। कहीं उनकी सुनवाई नही हो रही है। जबकि विपक्षी बार-बार उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है और कह रहा कि जमीन तो मैं लेकर ही रहूंगा। इसके लिए मुझे चाहे कुछ भी करना पड़े। वह सब करके रहूंगा। लेकिन जमीन लेकर ही दम लूंगा। प्रेमशीला ने कहा कि उन्हें योगी राज में न्याय का पूरा भरोसा है। क्योंकि योगी राज में गुंडे, माफिया व भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बड़े-बड़े माफिया-भूमाफिया इस समय जेल के अंदर हैं। योगी राज में मुझे अवश्य न्याय मिलेगा, यह सरकार न्याय दिलायेगी।

# जंगल में गश्त के दौरान पकड़ा गया गुजरात का तस्कर, जेल

जन एक्सप्रेस । बहराइच



कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में जंगल में गश्त के दौरान डीएफओ की अगुवाई में टीम ने गुजरात निवासी तस्कर को पकड़ा है। वह जंगल में तस्करी के लिए रेकी कर रहा था। टीम ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। फरार अन्य साथियों की तलाश के लिए वाहन के साथ जंगल में वन विभाग की गश्त कर रही है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में बाघ और तेंदुए के सुरक्षा के लिए रेड अलर्ट जारी है।

रेड अलर्ट के चलते वन कर्मी एसटीपीएफ और एसएसबी जवानों के साथ जंगल में गश्त कर रहे हैं। प्रभागीय वन अधिकारी आकाश दीप बधावन ने बताया कि वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में वन क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार और टीम के अन्य सदस्यों के साथ गस्त कर रहे थे। गश्त के दौरान एक संदिग्ध वन विभाग की टीम को देखकर भागने लगा। इस पर टीम ने उसे घेरकर पकड़ा। डीएफओ ने बताया कि उसकी पहचान मयूरबाई पुत्र बच्चू बाई निवासी वनगढ़ थाना सागर जनपद सावरकांठा गुजरात के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया गया है। रेंजर की तहरीर पर उसके विरुद्ध रेंज केस दर्ज किया गया है। डीएफओ ने बताया कि उसके अन्य साथी फरार हो गए हैं। उनकी तलाश में एसटीपीएफ और एसएसबी के जवान लगे हैं। उन्होंने बताया कि फरार साथियों की तलाश तेज कर दी गई है। डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति तस्कर है। वह जंगल में वेश बदलकर रेकी कर रहा था। उन्होंने बताया कि उसके अन्य साथियों को पकड़ने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है कि किस कार्य के लिए गुजरात से यहां आए थे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** कोतवाली नानपारा इलाके के पत्ताल कुट्टी गांव निवासी 53 वर्षीय कैलाश की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के लिए परिजन अस्पताल लेकर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पताल कुट्टी निवासी मृतक कैलाश के पुत्र मनोज कुमार का कहना है कि उसके घर की छत से होकर 11000 विद्युत लाइन निकली है। विद्युत लाइन की चपेट में आने से कैलाश गंभीर रूप से झुलस गए थे। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उनकी मौत हो गई। मनोज का कहना है वह कई बार इस संबंध में बिजली विभाग को अवगत करा चुके हैं।

# जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं के लिए प्राप्त हुई धनराशि

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत अयोध्या धाम तथा अयोध्या को जोड़ने वाले मार्गों के चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है, इसी के क्रम में 84 कोसी, 14 कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण के साथ ही इन परिक्रमा मार्गों के समीप/किनारे स्थित पर्यटन स्थलों यथा विभिन्न पौराणिक कुण्डों, आश्रमों आदि के पर्यटक विकास/निर्माण एवं जीर्णोद्धार भी कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 14 कोसी मार्ग के किनारे स्थित पर्यटन स्थलों यथा लक्ष्मीसागर कुंड, वैतरणी कुंड, निर्मल कुंड, गिरजा कुंड, विघ्नेश्वर नाथ शिव मंदिर एवं विभीषण कुंड के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु स्वीकृत धनराशि 21.24 करोड़ के सापेक्ष 4 करोड़ के धनराशि प्राप्त हो चुकी है। इसी प्रकार पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के किनारे/समीप स्थित पर्यटन स्थलों यथा सुग्रीव किला, अशर्फी भवन, छोटी देवकाली, नागेश्वर नाथ मंदिर, श्रेश्वर नाथ मंदिर, मुंडा शिवालय, दन्तधावन कुंड, प्रहलाद कुंड, जानकी कुण्ड, मोनी बाबा आश्रम, कौशल्या घाट, विद्या देवी कुंड, सीता कुंड, दशरथ कुंड के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु स्वीकृत धनराशि 21.89 करोड़ के सापेक्ष 4 करोड़ के धनराशि प्राप्त हो चुकी है। इसी के साथ जनपद अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित पर्यटन स्थलों/कुंडों एवं आश्रमों यथा दुधेश्वर कुण्ड (सीताकुंड), महर्षि वामदेव आश्रम, जन्मेजय कुंड, नरकुंड, महर्षि वेद व्यास गेट गौराघाट, महर्षि वामदेव आश्रम व तालाब, त्रिपुरारी कुंड, दशरथ समाधि स्थल, नंदीग्राम भरतकुंड, श्रवण कुमार आश्रम, आस्तिक आश्रम, ऋषि च्यवन आश्रम, मेधा ऋषि आश्रम, श्री बंधु बाबा आश्रम व महर्षि वामदेव आश्रम व तालाब के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु स्वीकृत धनराशि 41.11 करोड़ के सापेक्ष 07 करोड़ के धनराशि प्राप्त हो चुकी है।जिलाधिकारी ने बताया कि अयोध्या धाम में स्थित हनुमान कुण्ड, स्वर्णखनि कुण्ड एवं गणेश कुंड में सभा स्थल, छतरी, टायलेट, म्यूरलवाल, घाट एवं प्लेटफार्म, आटोवाटर फिल्टैशन, बेंच, डस्टबिन, रैलिंग, साइनिज, लाइटिंग और पेयजल व्यवस्था आदि कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी के तर्ज पर अन्य कुंडों का जीर्णोद्धार का कार्य कराया जाएगा। गिरिजा कुंड, दन्तधावन कुंड, सीताकुंड, जन्मेजयकुंड आदि में कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

# पुलिस ने देहरादून से गिरफ्तार किया इनाम घोषित चरस तस्कर

जन एक्सप्रेस । रूपईडीहा, बहराइच



पुलिस ने कई महीने से फरार चल रहे इनाम घोषित चरस तस्कर को देहरादून से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रुपईडीहा लाकर उससे पूछताछ की और जेल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक चरस तस्कर नेपाल से क्रिड गाड़ी में 50 किलोग्राम चरस लेकर भारत में प्रवेश कर रहा था उसी दौरान एसएसबी की जांच चौकी पर पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए वह गाड़ी छोड़कर फरार हो गया था पुलिस और एसएसबी टीम को जब लावारिस गाड़ी का पता चला तो छानबीन शुरू कर दी। मामला करीब तीन चार महीने पुराना है। पुलिस और एसएसबी की जांच में गाड़ी के अंदर से 50 किलो ग्राम चरस और ?298000 नगदी बरामद हुए थे। पुलिस ने अज्ञात तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसके बाद आरोपी तस्कर की जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार वर्मा द्वारा दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया साथ ही गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। मामले की विवेचना कर रहे उप निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह ने गाड़ी के नंबर प्लेट के आधार पर पता लगाया और सही नाम बता मिलने के बाद अपने टीम हेड कांस्टेबल अशोक प्रजापति, विजय शंकर सिंह, लक्ष्मण गौड़, अजय यादव द्वितीय के साथ देहरादून पहुंचे वहां की स्थानीय थाने पुलिस को साथ लेकर आरोपी के घर पर दबिश दी। पुलिस ने आरोपी दीपक कुमार राई पुत्र चन्द्रमनी राई निवासी नई बस्ती क्लेमनटाउन थाना क्लेमनटाउन जनपद देहरादून उत्तराखंड को गिरफ्तार कर लिया। रुपईडीहा थाने लाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक से सीयूजी नंबर पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि बरामद की तीन चार महीने पहले हुई थी। लेकिन आरोपी फरार हो गया था। जिसके ऊपर 10000 का इनाम पुलिस अधीक्षक की ओर से घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने उसकी गिरफ्तारी कर सराहनीय कार्य किया है। शीघ्र ही पुलिस अधीक्षक की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

# सावन के प्रथम सोमवार को भोले के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

जन एक्सप्रेस । डॉ इसरार अहमद



**पीलीभीत।** सावन के प्रथम सोमवार को शिवालय बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठे। शिवमंदिरों में श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक सहित विविध धार्मिक अनुष्ठान कर भगवान भोलेनाथ को रिझाने के जतन करते नजर आए। सावन के पहले सोमवार के मौके पर शहर के ऐतिहासिक मंदिर गौरी में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में सामूहिक जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक व रुद्राभिषेक के आयोजन हुए। पहले सोमवार को शिव मंदिरों पर भक्तों और कावड़ियों की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी रही शहर के सभी शिवमंदिरों को फूल मालाओं से सजाया गया दूसरी ओर कावड़ियों का पूरे शहर में ताता लगा रहा हर तरफ बम-बम भोले और ? नमः शिवाय के उद्घोष से पूरा शहर गूंजने लगा है। शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। शहर के ऐतिहासिक गौरीशंकर मंदिर, अर्द्धनारीश्वर और दुधिया मंदिर सहित कई शिवालयों पर सावन के पहले सोमवार को ही भक्त और कावड़ियों के भारी भीड़ देखी गई। भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट रहा कछला और हरिद्वार से कांवर लेकर शहर में प्रवेश करने के स्थान से लेकर गौरी शंकर मंदिर तक के मार्ग को चिन्हित कर मार्ग और मंदिर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गये। साथी पुलिस कर्मियों की मंदिरों पर जगह जगह ड्यूटी लगाई गई भक्तों और कावड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है।

# सीलिंग की जमीन पर कर दी धान रोपाई

* अधिवक्ताओं ने तहसीलदार से की शिकायत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** मनमानी के चलते कुछ लोगों ने सीलिंग की जमीन पर फसल की बुवाई कर दी। अधिवक्ताओं ने इसकी शिकायत तहसीलदार से की। तहसीलदार ने मौके पर कानूनगो और लेखपाल को भेजकर जांच कराई तो शिकायत सही मिली। इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जाएगी। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव खांडेपुर में लगभग 75 एकड़ जमीन हाल ही सीलिंग में दर्ज की गई थी। एडीएम कोर्ट के आदेश पर पूरनपुर राजस्व प्रशासन ने सीलिंग की जमीन चिन्हित कर उस पर लाल झंडी लगा दी थी। हालांकि लाल झंडी लगाए जाने के दौरान अधिकांश जमीन पर धान और गन्ने की फसल खड़ी हुई थी। शेष जमीन खाली पड़ी थी। झंडी लगाए जाने के बावजूद दो दिन पहले खाली पड़ी जमीन पर भी मनमानी के तहत धान की रोपाई कर दी गई। जानकारी लगने पर अधिवक्ताओं ने मामले की शिकायत तहसीलदार ध्रुवनारायण से की। सोमवार को तहसीलदार ने कानूनगो और लेखपाल को मौके पर भेजकर दिखाया तो शिकायत सही पाई गई। यहां बता दें कि इस जमीन से संबंधित कई मामले कोर्ट में विचाराधीन है। तहसीलदार ने बताया मामला कोर्ट में विचाराधीन होने से कार्यवाही नहीं की जा सकती। इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा



जन एक्सप्रेस/वाराणसी/चौबेपुर। हेलीकॉप्टर से अपने उपर पुष्प वर्षा होने से शिवभक्त भी आह्लादित दिखे। पहली बार सावन के पहले सोमवार पर कांवड़ियों पर मार्कंडेय महादेव मंदिर से लेकर गंगा घाट तक हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। जानकारी के अनुसार पूर्वाह्न में पुलिस लाइन से प्रशासनिक अफसरों को लेकर हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी और कांवर यात्रा मार्ग पर चक्कर काटते हुए कैथी मार्कण्डेय महादेव मंदिर से लगायत घाट तक अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर में से गुलाब,गेंदा सहित अन्य फूलों की पंखड़ियों की बारिश की।आसमान से फूलों की वर्षा होते देख मार्कंडेय महादेव के शिवभक्त हर-हर महादेव बोल बम का जयकारा लगाते रहे।अफसरों ने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर हवाई मार्ग से शिवभक्तों और कावड़ियों के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।

### ट्राली पलटने से मजदूर की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के नारायनपुर इलाके में बीते शुक्रवार को ट्रैक्टर ट्राली पलटने से ट्राली पर बैठे मनोज कुमार सिंह 25 वर्ष की दबने से मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के भाई दिनेश कुमार सिंह निवासी सुकृत रावटसगंज सोनभद्र के रहने वाले की शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप है कि मृतक मनोज कुमार सिंह कामधेनु कंपनी अभवा हिनौता मिर्जापुर मैं मजदूरी करता था। कंपनी के मालिक के कहने पर मनोज ट्रैक्टर ट्राली पर बैठकर महमूरगंज स्थित उनके गौशाला पर मिट्टी लेकर जाने के लिए चालक के साथ में निकला था। चालक ने मनोज को ट्रैक्टर के बोनट की जगह ट्राली पर बैठा दिया था। टोल प्लाजा पार करने के बाद लापरवाही पूर्वक चालक गाड़ी चलाने लगा। जिसके कारण ट्राली पलट गई।

### आकाशीय बिजली गिरने से बिजली के उपकरण जले

जन एक्सप्रेस/वाराणसी/चौबेपुर। स्थानीय गोलधमकवा गांव में रविवार की रात डेढ़ बजे अचानक गरज चमक के वर्षा के समय बिजली के तड़कने से बिजली के उपकरण जलकर नष्ट हो गया। गोलधमकवा गांव निवासी किसान सन्तोष चौबे के घर मे अचानक बिजली गिरी जिससे पंखे,इनवर्टर, कई प्लग बिजली के वायर जल गया। वही इनवर्टर की बैटरी फट गयीं।यह संयोग था कि उनकी पत्नी इनवर्टर से काफी दूर थी। इस दौरान पूरा घर धुंआ धुंआ हो गया था।

# सुखद-अब स्वैच्छिक रक्तदाता के डोनर कार्ड पर पूरे प्रदेश में उपलब्ध होगा रक्त

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

* राज्य रक्त संचरण परिषद के निदेशक ने जारी किया आदेश

एक अच्छी खबर आई है लखनऊ से। रक्त के लिए अब रक्तदाताओं को पूरे प्रदेश में कही भी किसी भी राजकीय रक्तकोष से रक्त उपलब्ध हो जाएगा। रक्तदान करने के लिए दिये जाने वाली डोनर कार्ड की अवधि तीन माह की होगी। राज्य रक्त संचरण परिषद के निदेशक ने इस संबंध में एक आदेश जारी कर दिया है।

उप्र राज्य एडस नियंत्रण सोसायटी के आदेश पर स्वेच्छिक रक्तदाताओं को एक डोनर कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। इसकी अवधि तीन माह होती है। स्वैच्छिक रक्तदाताओं को आवश्यकता पडने पर डोनर कार्ड के माध्यम से अन्य जिलों के रक्तकेंद्रों पर रक्त प्राप्त करने में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पडता है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए राज्य रक्त संचरण परिषद की राज्य कोर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब प्रदेश के किसी भी राजकीय रक्तकोष केंद्र में अब राजकीय रक्तकोष में स्वैच्छिक रक्तदान करने पर दिया डोनर कार्ड पूरे प्रदेश में मान्य होगा। अब इस नयी व्यवस्था के तहत स्वैच्छिक रक्तदाताओं को जारी किये डोनर कार्ड की सूची राज्य रक्त संचरण परिषद को उपलब्ध कराई जाएगी।

रेडक्रास सोसायटी की राज्य कार्यकारिणी सदस्य कलीम अतहर खां ने राज्य रक्त संचरण परिषद के निदेशक डॉ.हीरालाल द्वारा जारी आदेश को रक्तदाताओं के लिए एक सुखद संदेश बताया। उन्होंने बताया कि हाल ही में पीलीभीत के रक्तदाता को लखनऊ में रक्त मिलने में काफी परेशानी का सामना करना पडा था। अब इस आदेश से पूरे प्रदेश किसी भी स्थान पर डोनर कार्ड के आधार पर रक्त मिल जाएगा।

# स्वीडन में कुरआन जलाने पर भड़के लोग

* संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में विरोध करने की अपील
* घटना की निंदा कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** विदेश में धार्मिक पुस्तक जलाए जाने से लोगों में नाराजगी है। पूरनपुर के लोगों ने इसको लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में इस घटना को लेकर विरोध जताया जाए। घटना की कड़े शब्दों में निंदा को गई। सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इसमें कहा गया कि 28 जून को स्वीडन की स्टाकहोम सेंट्रल मस्जिद के सामने एक व्यक्ति ने धार्मिक पुस्तक कुरआन को सरेआम जला दिया था। धार्मिक पुस्तक को जलाने पर इस्लाम धर्म के मानने वालों की आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा की। इस दौरान कहा गया कि भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में इस घटना का विरोध जताए जिससे कि भविष्य में कोई भी देश किसी भी धर्म की पुस्तक का अपमान न कर सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान सबलू खां और इमरान हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।



# रोगी आश्रय गृह में फैली है गंदगी, रोगियों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** पुराने सरकारी अस्पताल परिसर में रोगी आश्रय गृह का निर्माण कराया गया जिसमें दवाइयों का स्टॉक बना लिया गया हैं। बरामदे में रोगी बैठकर टाइम पास करते रहते हैं।जिसमें गंदगी फैली हुई है जिससे रोगियों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त हैं। पुराने सरकारी अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा4 मार्च 2019 को रोगी आश्रय गृह का उद्घाटन किया गया जिसमें दवाइयों का स्टाक बना लिया गया बरामदे में रोगी बैठकर समय व्यतीत करते हैं। जिसमें गंदगी बनी हुई है लेकिन सरकारी अस्पताल में तैनात सफाई कर्मचारी रोगी आश्रय गृह में सफाई करने नहीं जाते हैं बल्कि पूरे दिन आराम फरमाते हैं इस ओर अधीक्षक डॉक्टर लेखराज गंगवार का भी ध्यान नहीं पहुंच रहा है जिससे रोगियों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त हैं।

# प्रेम-प्रसंग में युवती की हत्या, लाश कुएं में फेंकी

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

* पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

चोलापुर थाना क्षेत्र के शिवरामपुर ग्राम स्थित सैयद बाबा मजार के समीप स्थित कुएं में युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गयी। वहीं पुलिस की पूछताछ व प्रथमदृष्ट्या जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा तथा प्रेमी द्वारा ही प्रेमिका की गला दबाकर हत्या करने के पश्चात शव कुए में फेके जाने का मामला प्रकाश में आया। जानकारी के अनुसार शिवरामपुर गांव के रहने वाले शिवरामपुर ग्राम निवासी जान मोहम्मद उर्फ बोदे बैंड बाजा बजाने का काम करते है। जान मोहम्मद की छोटी बेटी सलवरी 18वर्ष का जौनपुर जिले के मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के बिजुरगा निवासी मुबारक पुत्र वकील से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सलवरी की बड़ी बहन जमीला का देवर मुबारक है। रविवार को मुबारक सलवरी से मिलने शिवरामपुर पहुंचा था। मुबारक ने सलवरी की गला कसकर हत्या के बाद लाश कुएं में फेंक दिया। वारदात के बाद सलवरी के परिजनों को फोन कर घटना की सूचना दी। उसन कहा कि वह भी मरने जा रहा है। फोन पर उक्त बातें सुनते ही सलवरी के परिजनों में कोहराम मच गया। मुबारक द्वारा बताई गई जगह सैयद बाबा मजार के समीप स्थित कुएं पर लोग पहुंचे तो कुएं में सलवरी की लाश मिली। हालांकि मुबारक का कुछ अता-पता नहीं चला। उसका मोबाइल भी बंद हो गया। सूचना पर पहुंची चोलापुर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने लाश को कुएं से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम को भिजवाया। जान मोहम्मद पुत्र स्व. मुंसिफ की तहरीर के आधार पर आरोपी मुबारक के खिलाफ हत्या समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया। परिजनों के अनुसार मुबारक सलवरी से शादी करना चाहता था। सलवरी के परिजन इसके लिए तैयार नहीं थे। प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दबिश दी जा रही है, जल्द ही गिरफ्तारी कर मामले का अनावरण कर दिया जाएगा।

# महिला को 5 लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से किया घायल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** बकरी के चारा खाने के विवाद को लेकर महिला को परिवार के ही 5 लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला को डॉक्टरी परीक्षण हेतु सरकारी अस्पताल भेज दिया है।

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रूयूरिया निवासी इंद्रजीत की पत्नी सावित्री देवी घर में अकेली थी वह बाजार से घरेलू सामान की खरीदारी करने गया हुआ था इसी बीच बकरी परिवार के ही लोगों के यह चारा खाने चली गई इसी बात से खिन्न होकर जेठ जेठानी देवर ननंद सहित 5 लोगों ने लात घूंसो व लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की पुलिस ने तहरीर मिलते ही घायल महिला को डॉक्टरी परीक्षण हेतु नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है मामले की जांच शुरू कर दी हैं।

# सीएचसी के अलावा प्राइवेट अस्पतालों में सेवाएं दे रही आशाएं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

* गर्भवती महिलाओं को ले जाने पर मिलता है मोटा कमीशन

**पूरनपुर।** सीएचसी से संबद्ध आशाएं सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण कड़ी है। इन पर गर्भवती महिलाओं की देखभाल और संस्थागत प्रसव सहित कई बड़ी जिम्मेदारी है। कुछ आशाएं सीएचसी के अलावा कस्बे के निजी अस्पतालों को भी मरीज ले जाती हैं। इसके एवज में उन्हें मोटा कमीशन मिलता है। इससे सरकारी योजनाएं फलीभूत नहीं हो पा रहीं हैं। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग चार सौ से अधिक आशाएं और संगिनी कार्यरत है। सभी अपने अपने क्षेत्र में कार्य करती हैं। इन आशाओं पर संस्थागत प्रसव कराने, टीकाकरण, पोलियो और अन्य योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है। इसके एवज में आशा और संगिनी को मासिक मानदेय दिया जाता है। इसके बाबजूद कई आशाएं कस्बे के निजी क्लीनिक और अस्पतालों में भी सेवाएं दे रही हैं। गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल में प्रसव के लिए लाने पर आशाओं के कहा जाता है। इसके बावजूद कुछ आशाएं गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल में ले जाकर निजी अस्पतालों में भर्ती कराती हैं। वहां गर्भवती महिला से मनमानी फीस उपचार के दाम पर ली जाती है। उसे फीस से आशाओं को भी मोटा कमीशन मिलता है। यही नहीं नगर में होने वाले अल्ट्रासाउंड सेंटरों में भी आशाओं का खेल चल रहा है। बताया जा रहा गांव से आने वाली महिलाओं को सीधे अल्ट्रासाउंड कराने पर भी आशाओं को 100 से 200 रुपए कमीशन अल्ट्रासाउंड सेंटर की ओर से दिया जाता है। हालांकि अन्य आशाएं अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सरकारी अस्पताल में ही मरीजों को पहुंचाती है। बताया जा रहा कुछ महीने पहले सिरसा रोड पर मौजूद एक अस्पताल में कई आशाओं को मरीज ले जाने पर संचालक ने साड़ियां उपहार में दी थी। लालच के चलते सरकारी सुविधाओं और योजनाओं को किनारे कर दिया जाता है। इससे सरकार की मंशा सफल नहीं हो पा रही है।

> कुछ आशाओं के निजी अस्पतालों में मरीजों को ले जाने की जानकारी लगी है। जांच कराकर करवाई की जाएगी।
>
> **अनिकेत गंगवार, एमओआईसी**

# प्रयागराज में सावन के प्रथम सोमवार को चंहुओर गूंजे हर-हर महादेव

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

* मनकामेश्वर, सोमेश्वर, पड़िला महादेव मंदिर में शिवार्चन को लगी रही लम्बी कतार

**यमुनानगर।** सावन के पहले सोमवार को आस्था का सैलाब उमड़ा। प्राचीन शिवालयों में सदाशिव के ज्योतिर्लिंग स्वरूप की श्रद्धा और भक्ति से पूजा अर्चना व जलाभिषेक करने वाले कांवड़ियों व श्रद्धालु भक्तों का अपार समूह उमड़ा रहा। जहां जीव तहां शिव के अटूट विश्वास के साथ गंगाजल, बिल्वपत्र, धतुरा, दूध और पुष्प अर्पित कर जलाभिषेक करने वाले भक्तों के सामूहिक स्वर में हर हर महादेव तथा बोल-बम के गगनभेदी गर्जना से शिवालय गूंजायमान रहे। यमुना किनारे स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर हो, या फिर गंगा किनारे पड़िला महादेव व सोमेश्वर महादेव मंदिर या फिर लालापुर स्थित मनकामेश्वर मंदिर एवं घूरपुर भीटा में सुजावन देव शिवलिंग, सभी शिवालयों में सावन के पहले सोमवार को शिवार्चन को भक्तों की कतार लगी रही। शिव के प्रति अटूट आस्था के श्रावण मास के पहले सोमवार को संगम नगरी में चारों तरफ आस्था और उल्लास देखने को मिला। दशाश्वमेध महादेव, वेणीमाधव महादेव, अरैल घाट स्थित सोमेश्वर महादेव, पंड़िला महादेव जैसे शिवालयों में भोर से ही भक्तों का तांता लगा रहा। बोल बम के नारों से शिवालय गुंजायमान रहे।

# संचारी रोगों के बारे में दी गई जानकारी

* अच्छे चिकित्सक से परामर्श और इलाज लेना जरूरी: मनीष तिवारी
* बारिश के शुरुआती दौर में बीमारी फैलने का भय अधिक बना

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



संचारी रोगों का समय से इलाज न किए जाने पर यह जानलेवा भी हो सकते हैं। सबसे पहले उनसे बचाव के उपाय जरूरी हैं। ऐसे रोग से कोई प्रभावित हो तो अच्छे चिकित्सक से परामर्श और इलाज लेना जरूरी है।

यह बातें क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों के बीच प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि मच्छरों के चलते बारिश के शुरुआती दौर में बीमारी फैलने का भय अधिक बना रहता है। इससे चिकनगुनिया, डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। शिक्षक मोहम्मद परवेज सिद्दीकी ने बच्चों से अपने घरों, कमरों, आसपास की नालियों की साफ-सफाई और स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि सबसे पहले संचारी रोगों से बचाव जरूरी है। बच्चे इसके प्रति स्वयं सावधान रहें और अपने पास पड़ोस में भी लोगों को रोगों के बारे में जानकारी देते हुए साफ सफाई पर जोर दें। एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने एनसीसी के बच्चों को विशेष रूप से इस अभियान से जुड़ते हुए और लोगों से इसके प्रति जानकारी शेयर करने और जागरूकता पर बल दिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### होलागढ़ में भाजपाइयों का संपर्क से समर्थन, मांगा सहयोग

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा फाफामऊ क्षेत्र के मंडल होलागढ़ में देवापुर शक्ति केंद्र के अकोढ़ी बहादुरपुर, बालाडीह शक्ति केंद्र में बूथ संख्या 9 एवं बूथ संख्या 10 एवं बूथ संख्या 11 के एरिया में जनसंपर्क किया गया। मोबाइल फोन पर मिस कॉल करा के समर्थन मांगा गया। जनसंपर्क में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष गंगापार कन्हैया लाल पांडेय रहे। मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, मंडल महामंत्री अनिल मिश्रा, मंडल मंत्री गुरुओम मिश्र, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक मिश्रा, देवापुर शक्ति केंद्र संयोजक अरुण कुमार सिंह, बालाडीह शक्ति केंद्र संयोजक घनश्याम पांडेय, सुरेंद्र कुमार, इंद्रमणि द्विवेदी, सुशील सिंह, गुलाब पटेल, नरेंद्र तिवारी जीके त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

# सपा कार्यकर्ताओं को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के दिए टिप्स

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



प्रयागराज। विधानसभा क्षेत्र फूलपुर के इशीपुर मलावा में हुई बैठक में पोलिंग बूथ सत्यापन एवं मतदाता सूची में सुधार की बारीकियों पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को समझाया गया कि मतदाता सूची में नाम को किस तरह से जोड़वाना है। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी ने विशेष अभियान चलाकर मतदाता पुनरीक्षण के प्रति कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने एवं आम जन जागरूकता पैदा करने का अभियान शुरू किया है। विधानसभा फूलपुर क्षेत्र के इसीपुर मलावा गाँव में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी नेतृत्व द्वारा नियुक्त मतदाता पुनरीक्षण प्रभारी दूधनाथ पटेल ने उपस्थित लोंगो को इसकी बारीकियों से अवगत कराया। प्रभारी दूधनाथ पटेल ने बताया कि पोलिंग बूथ के सत्यापन का कार्य 14जुलाई से 24 जुलाई तक पूरा किया जाना है। जिनके पोलिंग बूथ लम्बी दूरी अथवा किसी भी प्रकार से असुविधा होने पर संशोधन जरूर कराएं। बताया कि संशोधन की शिकायत निर्धारित अवधि तक की जाएगी। इसी तरह आगामी 21जुलाई से माह नवम्बर तक मतदाता सूंची को दुरुस्त करने का काम किया जायेगा। नये नाम जोड़ने अथवा छूटे हुए नामों को शामिल कराने के लिये पार्टी के कार्यकर्त्ता घर घर जाकर सत्यापन करें। स्थानीय बीएलओ से मिलकर उन्हें जुड़वाने के लिये निर्धारित प्रक्रिया को अपना कर नाम जुड़वाने का कार्य करें। जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा उपस्थित लोगो से बढ़ चढ़ कर भागीदारी करने की अपील की। बैठक में तमीजुद्दीन उर्फ़ छोटे प्रधान, राम सुमेर पाल,बेला सिंह,शकील अहमद, जीतलाल पासी, महाबली यादव, जगदीश यादव, प्रेमचंद्र कुशवाहा,राम प्रताप यादव, कुलदीप यादव, विजय सिंह पटेल, राम अवध पाल,सुरेन्द्र चौरसिया, आशुतोष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# श्रृंगवेरपुर धाम में अतुल महराज ने बखानी कथा की महिमा

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



श्रृंगवेरपुर धाम में प्रसिद्ध कथावाचक अतुल जी महराज ने कथा की महिमा का बखान किया। भगवान के श्री चरण से उत्पन्न मां भगवती गंगाजी हैं। मां गंगा के चरणोदक व जल का पान करने से व्यक्ति भवसागर पार हो जाता है। राम के चरित्र रूपी दूसरी गंगा के रूप में भगवान श्री राम के पावन चरित्र का गुणगान की प्रवृत्ति श्रीराम कथा के माध्यम से व्यक्ति के जीवन में हो जाए तो युग युगांतर तक उसकी यश कीर्ति में वृद्धि होती रहेगी। व्यक्ति को अपने जीवन में श्रेष्ठता प्राप्त करने के लिए मर्यादा में रहना चाहिए।

यह बातें रामायण मेला आयोजन समिति श्रृंगवेरपुर धाम, श्रीराम कथा शोध संस्थान द्वारा संचालित 50वीं श्रीराम कथा की व्यास गद्दी से बाल व्यास अतुलजी महाराज ने पर्यटक सुविधा केंद्र में कथा के दौरान कहीं।

उन्होंने श्रीराम कथा की निरंतरता बनाए रखने के लिए आयोजकों की सराहना भी की। इस अवसर पर श्री राम जानकी दास शांडिल्यजी महाराज, जिला सहकारी बैंक प्रयागराज के अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य, आशीष, जितेंद्र व सहकारी संघ कौड़िहार के अध्यक्ष कृष्णचंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष अशोक कुशवाहा, साधन सहकारी समिति भगवतीपुर के अध्यक्ष राज तिवारी रामजीत उपाध्याय, ललित ओझा, बसंत लाल उपाध्याय, राम शुक्ला, भाजपा नेता विनोद ओझा, ऋतुराज पांडेय, अवध नारायण मिश्र, चुन्नू शुक्ला प्रधान, सुशील कुमार पांडेय, विनय कुमार अग्रवाल, अधिवक्ता बलराम सिंह, आचार्य नरसिंह नारायण द्विवेदी, प्रतिमा मिश्रा समेत अन्य कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय रामायण मेला के उपाध्यक्ष सियाराम सरोज, संचालन महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने किया।

# सावन के पहले सोमवार पर हर हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

## अपने अपने तरीके से भोलेनाथ को प्रसन्न करने का उपक्रम करते नजर आए भक्त

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

भगवान भोले नाथ की उपासना के माह सावन के पहले सोमवार पर जिले के सभी प्रमुख मंदिरों समेत सभी शिवालयों में भोर पहर से हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठे। भक्तों ने गंगाजल, दूध, घी, दही और शहद आदि से बाबा का अभिषेक कर सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिरों में दर्शन पूजन का क्रम भोर पहर से देर शाम तक जारी रहा। कई मंदिरों में प्रसाद वितरण, भजन कीर्तन और रूद्राभिषेक जैसे अनुष्ठानों के भी आयोजन हुए।

सोमवार भोर पहर से हर हर महादेव, जय मां गंगे, बम बम भोले के जयघोषों की स्वर लहरियों ने समूचे वातावरण को शिवमय बना दिया। भक्तों के जत्थे अपने अपने संसाधनों व सवारियों से गंगा तटों का रूख करते नजर आए। गंगा स्नान करने बाद गंगा जल लेकर भक्तों ने शिव मंदिरों का रूख किया। मगरवारा स्थित गोकुल बाबा, शहर के सिद्धनाथ मंदिर, झंडेश्वर मंदिर, राजा शंकर सहाय मंदिर, अखिलेश्वर महादेव मंदिर समेत सभी छोटे बड़े शिवालयों में अपने आराध्य महादेव का जलाभिषेक और पूजन अर्चन के लिए कतारों में लगे भक्त बाबा की जयकार करते हुए अपनी बारी आने की प्रतीक्षा करते नजर आए। बाबा के जयकारों और घंटों की ध्वनियों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहें। तमाम भक्तों ने शिव मंदिरों में रूद्राभिषेक कर प्रसाद वितरण कराया। कई जगहों पर भक्तों की मंडलियां भजनों के माध्यम से बाबा औढरदानी का गुणगान करती नजर आई।





गोकुल बाबा मंदिर का स्वयंभू शिवलिंग व मंदिर से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर निकलते एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना।

### शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर चौकन्ना रही पुलिस

शिव भक्तों की सुरक्षा के लिहाज से जिले का पुलिस महकमा भी अलर्ट मोड पर नजर आया। भोर पहर से सड़कों और चौराहों पर पुलिस के जवान मुस्तैद नजर आए। भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो पाए इसके लिए सभी प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त मात्रा में महिला और पुरूष पुलिस कर्मी तैनात किए गए। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों ने स्वयं मंदिरों में पहुंच कर दर्शन किए और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने शहर के झंडेश्वर मंदिर और मगरवारा स्थित गोकुल बाबा मंदिर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सीओ सिटी आशुतोष कुमार भी मौजूद रहें। इसके सभी सर्किलों में संबंधित सीओ और थानेदारों में प्रमुख मंदिरों में पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था की जांच की।

## फास्ट फॉरवर्ड

### संस्था ने जरूरतमंदों को कराया निशुल्क भोजन



जन एक्सप्रेस/उन्नाव। कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में जरूरतमंदों को नि:शुल्क वितरण किया गया। विभिन्न सामाजिक सरोकारों में प्रतिभाग करने वाले संस्था कर्म क्रांति फाउंडेशन ने पवित्र सावन माह के समस्त सोमवार पर जरूरतमंदों को भोजन कराने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में संस्था के सहयोगी प्रशांत शुक्ला की बेटी दिविशा के जन्मदिन के अवसर पर रेलवे स्टेशन के निकट जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया। इस काम में संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्र, सतीश बाजपेई, अशोक दीक्षित, महेंद्र, हरदेवेंद्र सहाय, कुलदीप पांडे, ताहिर सिद्दीकी, दिलीप फौजी, रेनू वर्मा, नीतू तिवारी, तनु पांडे, सरिता शुक्ला, आरती वर्मा आदि का सहयोग रहा।

### दुकान पर सो रहे नवयुवक को जहरीले कीड़े ने काटा, मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरपुर निवासी एक नवयुवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन उसे इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर बता कर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाने पर उसकी मौत हो गयी। इस खबर से परिजनों में कोहराम मच गया है। सदर कोतवाली के अकरमपुर निवासी हिमांशु पुत्र राजेंद्र प्रसाद गुप्ता चकरमपुर स्थित रिमझिम फैक्ट्री के पास जलपान गृह चलाता है। उसका छोटा भाई प्रियांशु (18) दुकान में भाई का हाथ बंटाता था। बीती रात प्रियांशु दुकान पर ही सोया था इसी दौरान किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। सुबह सोकर उठने पर उसने चक्कर आने की बात कही। जिस पर घर वाले सुबह उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर बताई तो परिजन शहर के ही निजी अस्पतालों में ले गए वहां भी जब डाक्टर ने इलाज से हाथ खड़े कर दिए परिजन उसे कानपुर ले गए। जहां उसकी मौत हो गयी। आखिरी उम्मीद में झाड़ फूंक भी कराई लेकिर कोई फायदा नहीं मिला। सोमवार शाम जब उसका शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाई बहनों से सबसे छोटा था। उसकी मौत पर मां उमा, बहन डाली और भाई हिमांशु का रो-रोकर बुरा हाल है।



### सूने घर से आभूषण समेत दो लाख का माल बीन ले गए चोर

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आसीवन कस्बा में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए बक्से का ताला तोड़ कर सोने चांदी के आभूषण समेत दो लाख रुपये का माल पार कर दिया। गृह स्वामिनी ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। थाना क्षेत्र के कस्बा रसूलाबाद के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी आसमीन पत्नी नइमुद्दीन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया गया कि उसका पति हैदराबाद शहर में गमले की दुकान पर मजदूरी करता है। रविवार को वह बांगरमऊ दवा लेने के लिए गयी थी और वही पर रात को रुक गयी थी। सोमवार को घर पहुंची तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने सोने चांदी के आभूषण सहित तांबे और स्टील के बर्तन के साथ ही अन्य कीमती सामान पार कर दिया। पीड़िता के अनुसार दो लाख रुपये का सामान चोरों ने पार कर दिया। इस सम्बन्ध में चौकी इंचार्ज रसूलाबाद अचल कुमार वर्मा ने बताया कि घटना की सूचना पर मौका मुआयना कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

### टीन शेड में उतरे करंट की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बांगरमऊ कस्बे के तिकोनिया पार्क के पास एक घर के बाहर लगे टीनसेड के पोल में उतर रहे करंट की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत् हो गयी। घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों ने बिना पुलिस सूचना के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मूलरूप से बांगरमऊ कोतवाली के नसीरपुर भिक्खन निवासी देव प्रकाश (84) पुत्र स्व. जानकी प्रसाद एक मकान बांगरमऊ कस्बे में हरदोई उन्नाव मार्ग पर तिकोनिया पार्क के पास है। इसी मकान में उनका छोटा बेटा राजेश कटियार ज्वैलर्स की दुकान चलाता है। जिसके चलते वह गांव से बेटे के पास चले आते थे। सोमवार दोपहर बाद जब वह बांगरमऊ में मकान से बाहर निकलकर दुकान जा रहे थे। तभी दुकान के बाहर पड़े टीन शेड के पोल में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ जाने बुजुर्ग की मौत हो गयी। स्थानीय लोग ने उन्हें आनन फानन में सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी से परिजनो में कोहराम मच गया। देव प्रकाश नसीरपुर गांव के प्रधान थे।

### गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में माथा टेका

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। सावन के सोमवार को नगर के घाटों पर दूर दराज से चलकर आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर हर गंगे, ऊं नमरू शिवाय के जयकारों से गंगा के समस्त घाट गूंजते रहे। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा का पूजन किया। इसके बाद नगर के शिव मंदिरों में भी पहुंच कर माथा टेका। मां गंगा व भगवान शिव से सुख और समृद्धि की कामना की। मिश्रा कालोनी घाट, बालू घाट, आनन्द घाट, गंगा विशुन घाट, शिव बाबा घाट, पक्का घाट, कच्चा घाट, पुल के नीचे के घाट, हनुमान घाट व जाजमऊ के चंदन घाट समेत गंगा के तमाम तटों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। यहां आने वालों में अजगैन, हरौनी, बीघापुर, रायबरेली, बालामऊ व लखनऊ आदि दूर दराज क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल रहे। उधर सावन के पहले सोमवार पर गंगा स्नान के चलते ट्रेनों में काफी भीड़ रही। स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ भी मौजूद रही। वहीं राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मन्दिर, पीपलेश्वर, महादेव मन्दिर, शिव मन्दिर, गांधीनगर नागेश्वर मन्दिर, महेश मार्ग शिव मन्दिर, बालूघाट आनन्देश्वर मन्दिर, गोपीनाथ पुरम भागेश्वर धाम मन्दिर, कंचन नगर, मिश्रा कालोनी शिव मन्दिर के अलावा देवारा वीरभद्रेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिये सुबह से मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

### बिजली समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई आज

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। केस्को एमडी ने विभाग के सभी अधीक्षण, अभियंता अधिशासी अभियन्ताओं को अपने मंडल, खंडों, उपखंडों में आज प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है।

### गांजे के साथ किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस/उन्नाव। पुरवा कोतवाली के उपनिरीक्षक जितेन्द्र पाण्डेय ने गश्त के दौरान। बिल्लेश्वर मंदिर के पास से नगर के मोहल्ला वजीर गंज का युवक शारिक के पास से 570ग्राम गांजा रखने के आरोप में पकड़ा जहां लिखापढ़ी करके जेल भेजा गया ।

### गंगा स्नान पर लगा भीषण जाम

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। सावन का पहला सोमवार होने के कारण गंगा स्नान करने के लिये लोगों की भीड़ रही। वहीं आनंदेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिये श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। इसी बीच पीक ऑवर के समय नवीन पुल पर जाम की स्थिति बन गई। जाम इतना भीषण था कि नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम में टेंपो, ई रिक्शा, चौपहिया, दोपहिया वाहनों के अलावा अन्य वाहन सवार भी फंस गये। भीषण जाम देख गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हुआ। इसी बीच कानपुर की ओर से एक के बाद एक ई बसें आ गई। जिससे एक ओर से वाहन नहीं निकल सके और भीषण जाम लगा रहा। जाम छुड़ाने में पुलिस के पसीने छूट गये। दोपहर बारह बजे के बाद वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

### दुष्कर्म के आरोपी को सजा के साथ जुर्माना

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष मई माह में एक गांव में रहने वाली महिला के साथ घुसैना खुर्द गोरोल वैशाली बिहार निवासी एजाज पुत्र अजमत अंसारी घर में घुस प्रसाद देने के बाद बहाने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते कोर्ट ने उसे दोषी पाया। जिस पर कोर्ट ने एजाज को दस साल की सजा व 23 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

### दर्जनों मोहल्ले हो रहे जलभराव का शिकार

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। रविवार देर रात से सोमवार शाम तक हई रूक रूक कर झमाझम बारिश से शुक्लागंज के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। वहीं बारिश बंद होने के कारण नगर के सर्वोदय नगर, कंचन नगर, आदर्श नगर मोहल्ले पूरी तरह जलमग्न हो गये और घरों के अंदर तक गंदा सीवर का पानी तक भर गया। इसके अलावा गोपीनाथपुरम, कर्बाइड गली में जल निकासी न होने के कारण रात तक गलियों में पानी भरा रहा। जिससे आने जाने वाले लोग मंझा कर आते जाते रहे। वहीं बारिश के कारण गांधी नगर, पोनी रोड, साकेत पुरी, अंबिका पुरम के अलावा ग्रामीण क्षेत्र पीपरखेड़ा, ब्रम्ह नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा, राम नगर समेत तमाम जगहों पर भीषण जलभराव हो गया। वहीं कंचन नगर ए मोहल्ले में जलनिकासी न होने के कारण गलियों में पानी भरा रहा। जिससे वहां के रहने वाले लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी।

# गर्दन पर चाकू से वार कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस। दीप कृष्ण शुक्ला

- सदर कोतवाली के ईदगाह मोहल्ले में बीती रात हुई घटना
- पुलिस ने पत्नी के हत्यारोपी को हिरासत में लिया

उन्नाव। पति पत्नी को एक दूसरे का जीवन साथी कहा जाता है लेकिन कई दफा ऐसे हालात बन जाते हैं कि जीवन साथी ही जान का दुश्मन बन जाता है। ऐसा ही वाक्या बीती देर रात सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला में हुआ। जहां आपसी झगड़े के बाद पति ने पत्नी की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। महिला की चीख सुन कर दौड़े पड़ोसियों ने उसकी हालत देख पुलिस को फोन किया। पुलिस ने महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन उसकी मौत हो गयी। वारदात के बाद फरार पति को रात में ही दबोच लिया गया। घटना की जानकारी पर एएसपी व सीओ डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि मृतका के मायके वालों को सूचना दे दी गयी है उनके आने पर तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

सदर कोतवाली मोहल्ला ईदगाह पत्थर कॉलोनी निवासी फुरकान उर्फ शीबू (36) पुत्र इशरत अली का अपनी पत्नी शाइस्ता परवीन (34) से बीती रात किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी दौरान तैश में आकर शीबू ने शाइस्ता की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया। उसके चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग दौड़े तो शाइस्ता को लहूलुहान हालत में देख कर दंग रह गए। पड़ेसियों के जरिए सूचना मिलते ही सदर कोतवाल अश्वनी मिश्रा, किला चौकी इंचार्ज प्रदीप यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। महिला को आनन फानन जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर एएसपी शशि शेखर सिंह, सीओ सिटी आशुतोष कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और मोहल्ले के लोगों से घटना के बाबत जानकारी ली। एएसपी ने कहा कि हत्या के प्रकरण की जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक मृतका का मायका महाराष्ट्र के नागपुर में है। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गयी है।





मौके पर जांच पड़ताल करता डॉग स्क्वायड व पूछताछ करते एएसपी

### शीबू ने शाइस्ता से किया था प्रेम विवाह

पत्नी की हत्या का आरोपी शीबू अपने पिता के आतिशबाजी के काम में अन्य भाईयों के साथ हांथ बटाता था। दो साल से वह कुछ नहीं कर रहा है। इसी बात को लेकर पत्नी से उसकी अक्सर कहा सुनी होती थी। शीबू महाराष्ट्र के नागपुर स्थिति दरगाह जाता था। वहीं पर वहां के निवासी बाबू भाई की बेटी शाइस्ता से उसे प्यार हुआ। चार साल पहले दोनों शादी कर ली। शादी के बाद से शीबू अपने परिवार से अलग रहता था।

### दुधमुंहे समेत दो बच्चों की परवरिश का खड़ा हुआ सवाल!

मां मौत और पिता के जेल जाने पर उनकी दो बच्चियों की परवरिश की समस्या खड़ी हो गयी है। मृतका शाइस्ता की बड़ी बेटी ईशा दो साल की है जबकि दूसरा चार माह का बेटा अरमान है। इन बच्चों को शाइस्ता के ससुराल वाले रखेगें या फिर मायके वाले यह तो जल्द ही तय हो जाएगा लेकिन बिन मां बाप के बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

# मार्ग दुर्घटना में पिता की मौत, बेटा घायल

## लखनऊ रिश्तेदारी से बाइक से लौट रहे थे

जन एक्सप्रेस। उन्नाव/सोहरामऊ

- सोहरामऊ के आशाखेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर
- घटना के कुछ देर बाद डिप्टी सीएम का काफिला धड़धड़ाते हुए निकला



लखनऊ कानपुर हाईवे के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशा खेड़ा के पास एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने देर रात टक्कर मार दी। हादसे में घायलों को सीओ ने पुलिस वाहन से सीएचसी भिजवाया। जहाँ डॉक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दिया, जबकि बेटे का डॉक्टरों ने प्रथिमिकी उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के कुछ देर बाद डिप्टी सीएम का काफिला हाइवे से गुजरा,इस दौरान पुलिस मुस्तैद रही।

लखनऊ के सरोजनीनगर से रिशेतदार के घर से लौट रहे दही थाना क्षेत्र के बाजार खेड़ा दुआ जमूका निवासी धर्मदास (68) अपने बेटे चंदन गौतम (35) की बाइक में सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशाखेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनो पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान कानपुर से डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का काफिला गुजर रहा था,जिसको लेकर हाइवे पर पुलिस बल मुस्तैद था। घटना के तुरंत बाद सीओ हसनगंज संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर दोनो घायलों को पुलिस वाहन से सीएचसी भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने धर्मदास को मृत घोषित कर दिया।वही बेटे गौतम का इलाज किया जा रहा है। मृतक पेशे से मजदूर है। सीओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस वाहन से घायलों को सीएचसी भेजा गया था। बेटे को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगीं। इस दौरान डिप्टी सीएम का काफिला आसानी से गुजर गया।

# नगरीय पीएचसी में हुआ सास-बेटा-बहु सम्मेलन

## सम्मेलन के जरिए किया गया परिवार नियोजन के प्रति जागरूक

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



सम्मेलन में प्रतिभागियों को उपहार भेंट करती एएनएम।

परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को शहरी पीएचसी पुरानी बाजार व मोती नगर में सास बेटा बहु सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को खेल के माध्यम से परिवार नियोजन संबंधी जानकारी दी गई। सम्मेलन का शुभारंभ परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. हरी नंदन एवं शहरी स्वास्थ्य समन्वयक डा. रानू कटियार ने फीता काटकर किया।

सम्मेलन में परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सास-बेटा-बहू के अलावा नवविवाहित दंपत्ति, पहली बार गर्भवती होने वाली महिला और ऐसे दंपत्ति जिसके तीन या तीन से अधिक बच्चे हैं शामिल रहे। गुब्बारे उड़ाकर छोटा परिवार खुशियां अपार का संदेश देने के साथ ही प्रश्नोत्तरी, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों के माध्यम लोगों को यह समझाया गया कि एक या दो बच्चों की परिवरिश आसानी से की जा सकती है लेकिन इससे अधिक की परवरिश में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजर डा. आरिफ़ ने कहा कि बेटों की चाह में गर्भस्थ बेटियों को गर्भपात करा दिया जाता है जो सही नहीं है इसे हम सभी को रोकना होगा। कार्यक्रम में दोनों पीएचसी की एएनएम, आशा, पीएसआई, मैनेजर प्रोग्राम इंप्लीटेशन अनुरेश सिंह, फील्ड प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर राम कुमार तिवारी आदि प्रतिभागी उपस्थित रहें।

# दिव्यांगजनों को नहीं मिल पा रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



राष्ट्रीय विकलांग पार्टी की बैठक बीते दिन केन्द्रीय कार्यालय बर्रा-8 में सम्पन्न हुई। जिसमें दिव्यांगजन अधिनियम 2016 का अनुपालन कराने, नौकरी, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा की सौ फीसदी गारंटी देने के लिए सामाजिक समानता कानून बनाने, दिव्यांग पेंशन पांच हजार रूपया करने, सरकारी नौकिरयों में आरक्षण कोटा पूरा करने, दिव्यांग व्यक्तियों व उनके बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर की नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने, मूकबधिर दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए हर जिले में बेरा जांच की सुविधा प्रदान करने, नि:शुल्क सरकारी आवास उपलब्ध करवाने, नि:शुल्क ईलाज हेतु आयुष्मान कार्ड जारी करवाने व आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांगजनों को अन्त्योदय कार्ड जारी करवाने, दिव्यांगजनों का आय प्रमाण पत्र गरीबी रेखा से नीचे का बनाने की मांग की गयी। यदि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मांगों को पूरा नहीं करता है तो 04 सितम्बर को उ0प्र0 के सभी दिव्यांगजन दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय का घेराव करेंगे और मांगों को पूरा करने के लिए आन्दोलन करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा की सरकार मांगों को जल्द पूरा करे। नौकरी, रोजगार के आभाव में दिव्यांगजन, पेट भरने के लिए भिक्षा मांगने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए जो कानून बने हैं या संविधान में जो व्यवस्था दी गई है उसका लाभ दिव्यांगजनों को नहीं मिल पा रहा है सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा सरकार ने आज तक नहीं पूरा किया। दिव्यांगजनों को रोजगार हेतु कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। सरकारी योजनाओं का लाभ दिव्यांगजनों नहीं मिल पा रहा है जिसकी वजह से राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने आन्दोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, आनन्द तिवारी, अशोक कुमार, अरविन्द सिंह, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, दिनेश यादव, दिलीप कुमार आदि शामिल थे।

# टैंपो चालक की दबंगों ने की पिटाई, इलाज के दौरान मौत

## सड़क पर धान मशीन खड़ी करने का विरोध करना पड़ा महंगा

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव

सोहरामऊ थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव मे धान मशीन सड़क पर खड़ी करने का विरोध करना टैंपो चालक मंहगा पड़ गया। मशीन संचालक ने साथियो संग चालक की पीटाई कर दी जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजनों की सूचना पर सोहरामऊ पुलिस उसे सीएचसी लेकर पहुंची। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मौके से कुछ लोगों को हिरासत मे लेकर थाने लाई है। वही परिजनो ने समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नही दी थी। मिर्जापुर गांव निवासी रामचरन कुशवाहा (25) पेशे से टैपों चालक था। मृतक के भाई सूरज ने बताया कि सोमवार दोपहर को दरवाजे के सामने धान कुटाई मशीन खड़ी थी। भाई ने टैपों न निकलने को लेकर विरोध किया तो मशीन संचालक कहासुनी करते हुए फोन कर आदमी बुला लिए और उसकी पिटाई कर दी। घटना के कुछ देर बाद रामचरन पड़ोस के नल के पास जा गिरा, परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस युवक को सीएचसी लेकर पहुंची। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी से ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई सूरज ने बताया कि पुलिस हिरसत मे लिए गए लोगों से मिलने नही दे रही है, न ही उनके नाम बता रही है। मृतक दो भाईयो मे छोटा था। हादसे के बाद पिता मेवालाल, माता आशोका, पत्नी कुसुमा का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के नौ माह की एक बच्ची आयुषी है। हसनगंज सीओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। परिजनो की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना

मैने अपने पुत्र अतुल सिंह, पुत्रवधू रेनू सिंह, पुत्री नमिता सिंह, नाती आयुष सिंह, बड़ा दामाद रमा शंकर सिंह व लता सिंह से संबंध विच्छेद करके इन्हे अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ती
श्रीमती राज कुमारी
पत्नी स्व. जे. एन. सिंह
निवासिनी - 269/17 - बी, सदानंदनगर, थाना चकेरी, कानपुर नगर।

# सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा पर सुझाव मांगे

## कहा, हम कानून-व्यवस्था अपने हाथ में नहीं ले सकते, ये राज्य और केंद्र का जिम्मा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम कानून व्यवस्था अपने हाथ में नहीं ले सकते हैं। यह केंद्र और राज्य का जिम्मा है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मणिपुर की स्टेटस रिपोर्ट पेश की। अदालत ने यह रिपोर्ट कुकी समुदाय को दी है और उनसे आज सकारात्मक सुझाव देने को कहा। इस मामले पर मंगलवार यानी आज को भी सुनवाई होगी। राज्य में इंटरनेट बैन जारी रहेगा या नहीं, इस मामले में भी आज सुनवाई होगी। राज्य में हिंसा भड़कने के बाद 3 मई को इंटरनेट बैन किया गया था। मणिपुर हाईकोर्ट ने 7 जुलाई को राज्य सरकार को आदेश दिया था कि इंटरनेट बैन आंशिक तौर पर हटा दिया जाए। इसके जवाब में राज्य सरकार ने याचिका दाखिल की थी।



### 'हिंसा भड़काने के लिए हमारा इस्तेमाल नहीं किया जा सकता'

सुप्रीम कोर्ट में कुकी समुदाय के वकील ने दूसरे समुदाय पर हिंसा फैलाने का आरोप लगाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस अदालत का इस्तेमाल तनाव भड़काने के लिए नहीं किया जा सकता। हम कानून और व्यवस्था अपने हाथ में नहीं ले सकते हैं। सुरक्षा निश्चित करना केंद्र और राज्य की जिम्मेदारी है। हां, हम अधिकारियों को हालात बेहतर बनाने के निर्देश दे सकते हैं। इस मसले पर मणिपुर के विभिन्न समुदायों के लोग हमें सकारात्मक सुझाव दें।

### मामले की सुनवाई की डीटेल...

- सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई शुरू होते ही सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से राज्य में हिंसा की स्टेटस रिपोर्ट मांगी।
- **तुषार मेहता:** हम यहां जनता के लिए हैं। मेरी अपील है कि याचिकाकर्ता संवेदलशीलता के साथ इस मामले को देखें, क्योंकि किसी भी गलत जानकारी से हालात और खराब हो सकते हैं। केंद्र और राज्य सरकार की कई कोशिशों के बाद हालात सामान्य होते दिखाई दे रहे हैं।
- रिपोर्ट देखने के बाद सीनियर एडवोकेट कॉलिन गोंजाल्वेस ने कहा, हिंसा में बढ़ोतरी हुई है।
- **सीजेआई:** मिस्टर गोंजाल्वेस स्टेटस रिपोर्ट देखकर ठोस सुझाव दीजिए। हम ये सुझाव सॉलिसिटर जनरल को देंगे। ये सुझाव लेकर आप कल आएइगा।
- **गोंजाल्वेस:** मई के बीच में राज्य में मरने वालों को आंकड़ा 10 था जो अब 110 तक पहुंच गया है, इसलिए मुझे रिपोर्ट पर शक है।
- **सीजेआई:** आपका शक हमें लॉ एंड ऑर्डर लागू करने के लिए प्रेरित नहीं कर सकता है। यह केंद्र और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, इसलिए आप कल हमें सुझाव दीजिएगा।
- काउंसिल: मेरा एक सुझाव है। सभी सप्लाई जीरीबाम हाईवे की तरफ से आ रही हैं। उस हाईवे पर लैंडस्लाइड होते रहते हैं। मेरा सुझाव है कि एनएच-2 का इस्तेमाल किया जाए।
- **सीजेआई:** तुषार मेहता जी इसे नोट कर लीजिए।
- **सीजेआई:** पिछली बार हमें बताया गया था कि बड़ी संख्या में हथियार पुलिस स्टेशनों से चुराए गए थे। इन मामलों में क्या एक्शन लिया गया है?
- **गोंजाल्वेस:** सब लोग आदिवासियों के खिलाफ हैंज
- **सीजेआई:** हम नहीं चाहते कि इस सुनवाई को राज्य में हिंसा बढ़ाने के प्लेटफॉर्म के तौर पर इस्तेमाल किया जाए। हम कानून व्यवस्था नहीं संभालते। अगर आपके पास सुझाव हैं, तो दीजिए।
- इसे पक्षपात के मुद्दे की तरह मत देखिए, ये मानवीय मुद्दा है।



28 हजार रुपये में पाकिस्तानी एजेंट को जानकारी दे रहा था शख्स

# गुजरात एटीएस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गुजरात एटीएस ने भुज स्थित बीएसएफ मुख्यालय से ठेके पर काम कर रहे एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि वह पाकिस्तान को भारत की संवेदनशील जानकारियां साझा कर रहा था। बताया गया है कि आरोपी नीलेशभाई भुज में बीएसएफ परिसर में स्थित सीपीडब्ल्यूडी कार्यालय में ठेके के आधार पर चपरासी के पद पर कार्यरत है।

### पांच साल से कर रहा था काम

इससे पहले न्यूज एजेंसी ने गुजरात एटीएस के एसपी सुनील जोशी के हवाले से बताया था कि भुज स्थित बीएसएफ कार्यालय में कार्यरत नीलेश वालाजीभाई बालिया नाम का व्यक्ति एक मैसेजिंग ऐप से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित जानकारियां साझा की है। टीम ने नीलेश को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। नीलेश पिछले पांच सालों से बीएसएफ, भुज मुख्यालय में सीपीडब्ल्यूडी के विद्युत विभाग में ठेके के आधार पर चपरासी के रूप में कार्यरत था।

### पैसों के लालच में बेची संवेदनशील जानकारियां

एसपी जोशी का कहना है कि नीलेश ने पूछताछ के दौरान बताया कि जनवरी 2023 में व्हाट्सएप के माध्यम से अदिति तिवारी नाम की एक महिला के साथ उसका संपर्क हुआ। अदिति पाकिस्तानी एजेंट थी। नीलेश ने उसे बताया कि वह बीएसएफ कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में काम कर रहा है। नीलेश ने स्वीकार किया कि पैसे के खातिर उसने पाकिस्तानी एजेंट को संवेदनशील जानकारियां साझा कीं। भुज में जारी बीएसएफ के नए निर्माणों सहित कई गोपनीय बात महिला को बताई है। इसके बदले पाकिस्तानी महिला ने उसे 28,200 रुपये ऑनलाइन भेजे थे। एटीएस का कहना है कि आरोपी को केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। मामले की आगे जांच की जा रही है।

### मिजोरम-त्रिपुरा में असम राइफल्स की कार्रवाई

मिजोरम में असम राइफल्स और सीमा शुल्क विभाग ने चम्फाई जिले से अवैध-विदेश शराब, बीयर और सिगरेट बरामद किए हैं। जिल के जोखावथर से की गई कार्रवाई के दौरान टीम को कुल 24.53 लाख रुपये का माल बरामद हुआ है। कार्रवाई के लिए मामले को आगे बढ़ा दिया गया है। वहीं, त्रिपुरा में असम राइफल्स की राधानगर बटालियन ने धलाई जिले के अंबासा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जवानों को आरोपी के पास से दो करोड़ का 498 किलोग्राम मारिजुआना जब्त किया गया है।

# एस जयशंकर ने राज्यसभा के लिए किया नामांकन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर राज्यसभा के लिए सोमवार को गांधीनगर में अपना नामांकन दाखिल किया। गुजरात में राज्यसभा के लिए तीन सीटों के लिए इसी माह के अंत में चुनाव होना है।



बाकी दो सीटों के लिए उम्मीदवारों पर भाजपा संसदीय बोर्ड ने अभी कोई फैसला नहीं किया है। गौरतलब है कि जयशंकर का कार्यकाल गुजरात के दो अन्य राज्यसभा सदस्यों के साथ 18 अगस्त को समाप्त हो रहा है। इससे पहले वे जयशंकर का अहमदाबाद हवाई अड्डे पर मंत्री राघवजी पटेल, अहमदाबाद के मेयर किरीट परमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक अमित शाह, पायल कुकरानी और अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। हालांकि भाजपा ने आधिकारिक तौर पर उन तीन राज्यसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, जिनके लिए 24 जुलाई को चुनाव होने हैं, लेकिन एस जयशंकर का नामांकन निश्चित था। गुजरात की 11 राज्यसभा सीटों में से आठ पर वर्तमान में भाजपा और बाकी पर कांग्रेस का कब्जा है। भाजपा के कब्जे वाली आठ सीटों में से एस जयशंकर, जुगलजी ठाकोर और दिनेश अनावाडिया का कार्यकाल 18 अगस्त को खत्म हो जाएगा। इन तीन सीटों के लिए मतदान होगा।

### कांग्रेस नहीं उतारेगी उम्मीदवार

गुजरात से राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव होना है। भाजपा ने 24 जुलाई को हाने वाले मतदान के लिए हालांकि बाकी उम्मीदवरों के नाम की घोषणा नहीं की है। उधर कांग्रेस ने कहा कि क्योंकि उसके पास पर्याप्त विधायक नहीं हैं, इसलिए वह अपना कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी। गुजरात से राज्यसभा की 11 सीटों में से अभी आठ पर भाजपा का कब्जा है। राज्य की 182 सदस्यीय विधानसभा में 156 सीटें भाजपा के पास हैं और कांग्रेस के महज 17 विधायक हैं।

# तीन दिवसीय यात्रा पर मलयेशिया पहुंचे राजनाथ अपने समकक्ष हसन से रक्षा सहयोग पर चर्चा की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मलयेशिया की अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू कर दी है। सोमवार को राजनाथ सिंह ने कुआलालंपुर में मलयेशिया के रक्षा मंत्री मोहम्मद हसन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग पर चर्चा की। सिंह ने बैठक को लेकर कहा कि मलयेशिया के रक्षा मंत्री मोहम्मद हसन के साथ आज एक उत्कृष्ट बैठक हुई। इस दौरान, हम लोगों ने व्यापक द्विपक्षीय रक्षा जुड़ाव के विविध स्तंभों की समीक्षा की। साथ ही भारत-मलयेशिया रक्षा सहयोग के चौथे दशक के रोडमैप पर भी चर्चा की। मलयेशिया की अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुरू कर दी है। वह रविवार को कुआलालंपुर



पहुंचे। उनका वहां मौजूद भारतीय प्रवासियों ने स्वागत किया। इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारे लगाए गए। बताया जा रहा है कि यहां वह रक्षा संबंधों को और मजबूत करेंगे साथ ही रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाएंगे। राजनाथ सिंह इस यात्रा के दौरान मलयेशिया के प्रधानमंत्री वाई बी दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम से भी मुलाकात करेंगे।

# ड्रोन हमले में मारा गया आईएस का प्रमुख आतंकवादी मुहाजिर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्वी सीरिया में अमेरिकी सेना के ड्रोन हमले में आईएसआईएस का एक आतंकवादी मारा गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि उसने सात जुलाई को ड्रोन हमला किया था। बयान में कहा गया है कि हमले में एमक्यू-9 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। उसी दिन रूसी विमानों ने इस ड्रोन का पीछा गया था। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सीरिया में हमला किया, जिसमें पूर्वी सीरिया में आईएसआईएस का नेता उसामा अल-मुहाजिर मारा गया। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी सेना ने इसकी पुष्टि कैसे की है कि मारा गया व्यक्ति अल-मुहाजिर है। अन्य कोई जानकारी नहीं दी गई है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने रविवार को एक बयान में कहा कि हमले में किसी असैन्य नागरिक के मारे जाने का कोई संकेत नहीं है। सेना किसी असैन्य नागरिक के घायल होने का पता लगा रही है। अमेरिकी अधिकारियों ने लगातार तीसरे दिन शिकायत की थी कि रूसी लड़ाकू विमान उसके ड्रोनों को परेशान कर रहे हैं। वाशिंगटन ने पिछले साल सीरिया में संदिग्ध आईएसआईएस आतंकियों के खिलाफ छापेमारी और अभियान तेज कर दिया है, इसके कई नेताओं को डाला और गिरफ्तार किया है, कुछ आतंकियों ने 2019 में सीरिया में समूह के आखिरी क्षेत्र को छोड़ने के बाद तुर्की समर्थित विद्रोही नियंत्रण वाले क्षेत्रों में शरण ली थी। अमेरिका के नेतृत्व वाले अभियान ने आईएसआईएस के पूर्व प्रमुख अबू बक्र अल बगदादी को मार डाला था, जिसने खुद को सभी मुसलमानों का खलीफा घोषित किया था, तब से

### केन्या में कर वृद्धि पर उग्र प्रदर्शन, तीन की मौत

वहीं, केन्या में कर वृद्धि और हाल ही में पारित वित्त अधिनियम, 2023 को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया है। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के झड़प में कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है। माउंट केन्या में लाईकिपिया के पूर्व गवर्नर नदिरीतु मुरीथी को न्याहुरुरू में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। वहीं, गोली लगने से पांच लोगों के घायल होने की भी खबर है।

# महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार जल्द: सीएम एकनाथ शिंदे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र में बदले सियासी समीकरणों के बीच कैबिनेट विस्तार को लेकर घमासान जारी है। एक ओर जहां यह खबर है कि शिंदे गुट के विधायकों ने बड़ी बैठक कर कैबिनेट में शामिल करने के लिए पार्टी को अल्टीमेटम दे दिया है, वहीं दूसरी ओर अब महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने भी इसके बारे में बड़ा संकेत दिया है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही कैबिनेट विस्तार किया जाएगा। अनुमान के मुताबिक, महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार अगले कुछ दिनों के भीतर होना है। ऐसे में एनसीपी से आए नेताओं को मंत्री बनाने के बाद अब उनको विभाग भी दिया जाना है। बता दें कि महाराष्ट्र में बीते एक महीने से कैबिनेट विस्तार



की बातें चल रही हैं। सीएम और डिप्टी सीएम दोनों कई बार इस बारे में बयान भी दे चुके हैं, लेकिन पिछले सप्ताह एनसीपी के अजित पवार के सरकार में शामिल होने के बाद स्थितियां बदल गई हैं। उनके साथ आठ और विधायकों ने मंत्रिमंडल में शामिल होकर मंत्री पद की शपथ ले ली है। एनसीपी के विधायकों के मंत्रिमंडल में शामिल होने से अब होने वाला नया मंत्रिमंडल विस्तार फंस गया है। दरअसल, शिंदे फडणवीस सरकार में आठ विधायकों के शपथ लेने के साथ कैबिनेट मंत्रियों का कोटा पूरा हो गया है। जिसके बाद अब शिंदे गुट के विधायकों में नाराजगी है। सूत्रों का कहना है कि इस बदली स्थिति को लेकर शिंदे गुट के विधायकों ने शनिवार को अहम बैठक भी की थी। साथ ही पार्टी को यह तक अल्टीमेटम दे दिया कि अगर उनके विधायकों को मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री की जगह नहीं मिलती है तो पिछले एक साल से उनकी पार्टी के बने मंत्रियों को हटाकर नए विधायकों को मंत्री बनाया जाए।

### सीएम शिंदे ने दिया बड़ा संकेत

महाराष्ट्र में सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के वार्षिक सम्मेलम में शामिल होने पहुंचे सीएम एकनाथ शिंदे ने इस मौके पर कैबिनेट विस्तार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने पहले राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि आज वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का वार्षिक सम्मेलन था और यह राज्य की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाएंगे कि महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था बरकरार रहे। वहीं इसके बाद जब महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह जल्द ही होगा।

## 'अभिषेक बनर्जी के खिलाफ ईडी की जांच जारी रहेगी'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है, जिसमें केंद्रीय एजेंसियों को पश्चिम बंगाल में शिक्षकों की भर्ती में अनियमितताओं को लेकर टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी से पूछताछ करने की अनुमति दी गई थी। कोर्ट का कहना है कि वह मामले में चल रही जांच को बाधित नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते हैं, क्योंकि ऐसा करने से मामले में चल रही जांच को रोकना पड़ेगा।

# राहुल गांधी 'मोहब्बत की दुकान' नहीं, बल्कि चला रहे 'नफरत का मेगा मॉल': जेपी नड्डा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल मोहब्बत की दुकान नहीं, बल्कि नफरत का मेगा मॉल चला रहे हैं। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगाया। बता दें, नड्डा मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर पंचमहल जिले के गोधरा शहर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विपक्षी दलों पर परिवार-केंद्रित दलों में बदलने का भी आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि उन्हें लोगों के कल्याण की कोई चिंता नहीं है। वह सिर्फ अपने परिवार को बचाने में लगे हैं। नड्डा ने आगे कहा कि जब भी पीएम मोदी को वैश्विक मंच पर सराहना मिलती है तो कांग्रेस के लोग परेशान हो जाते हैं। पीएम का विरोध करने की कोशिश करते-करते कांग्रेस नेताओं ने देश का विरोध करना शुरू कर दिया है। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी यह कहने के लिए ब्रिटेन गए कि लोकतंत्र खतरे में है। यह उनकी दादी व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं, जिन्होंने 1975 में देश में आपातकाल लगाया था और 1.5 लाख लोगों को जेल में डाल दिया था।




सोलर रूफ टॉप संयंत्र लगाएं
आकर्षक अनुदान एवं बिल में राहत पाएं

सोलर रूफटॉप संयंत्र लगवाने के लाभ

3 किलोवाट के संयंत्र की स्थापना पर (लगभग ₹65,000 प्रति किलोवाट) लगभग ₹1,95,000 व्यय सन्निहित है।
इस पर केन्द्र सरकार से ₹43,764 तथा राज्य सरकार से ₹30,000 अर्थात कुल ₹73,764 अनुदान मिलेगा।
इस तरह संयंत्र की लागत ₹1,21,236 रह जाएगी।
बिजली के बिल में भारी कमी : यदि आपका बिल ₹2,500 से ₹3,000 प्रतिमाह है, तो घटकर लगभग ₹500 से ₹750 तक हो जाएगा।
संयंत्र लागत की भरपाई : 4 से 4.5 वर्ष में ही संयंत्र पर किए गए निवेश की वापसी



केन्द्र सरकार से प्राप्त होने वाला अनुदान
3 किलोवाट क्षमता तक : ₹14,588 प्रति किलोवाट
3 किलोवाट से 10 किलोवाट क्षमता तक : प्रथम 3 किलोवाट तक के लिए ₹14,588 प्रति किलोवाट एवं उसके उपरांत ₹7,294 प्रति किलोवाट

प्रदेश सरकार से प्राप्त होने वाला अनुदान
₹15,000 प्रति किलोवाट की दर से अधिकतम ₹30,000

संयंत्र लगवाने से पूर्व निम्न बातों का रखें ध्यान
- सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने हेतु 10 वर्ग मीटर प्रति किलोवाट छाया-मुक्त क्षेत्र की आवश्यकता
- निजी आवासों पर लगाए जाने वाले सोलर रूफटॉप संयंत्र पर नेट मीटरिंग की सुविधा
- संयंत्र से उत्पादित बिजली स्थानीय ग्रिड में एक्सपोर्ट होने के बाद रात्रि में इम्पोर्ट बिजली में समायोजन
- एलएमवी-1 (घरेलू विद्युत उपभोक्ता) श्रेणी के लाभार्थी का संयंत्र लगाने से पूर्व नेशनल पोर्टल www.solarrooftop.gov.in पर पंजीकरण आवश्यक
- नेशनल पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संयंत्र स्थापित कर आवश्यक अभिलेखों को अपलोड करने के बाद केन्द्र एवं राज्य सरकार के अनुदान का लाभार्थी के बैंक खाते में ऑनलाइन अंतरण
- नेशनल पोर्टल पर इम्पैनल्ड वेंडर्स के माध्यम से ही संयंत्र लगवाएं, वेंडर्स की सूची https://upnedasolarrooftopportal.com पर उपलब्ध
- होम लोन स्कीम के माध्यम से भी लगाया जा सकता है सोलर रूफटॉप संयंत्र
- वाणिज्यिक/औद्योगिक भवनों पर सोलर रूफटॉप लगाने पर नेट बिलिंग का लाभ

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
www.solarrooftop.gov.in solarrooftop.upneda@ gmail.com 9415609084
अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)